


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 159 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ . 11, 2079 **सोमवार, 22 अगस्त** 2022

प्रधान संपादक - **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर **पृष्ठ** : 14 **मूल्य** : 8 रुपये

### महबूबा मुफ्ती फिर नजरबंद

जम्मू, 21 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को ट्वीट कर आरोप लगाया कि सरकार ने उन्हें नजरबंद कर दिया है। उन्होंने अपने घर के बाहर तैनात सीआरपीएफ और मुख्य गेट पर लगे ताले की फोटो भी शेयर की है।

महबूबा ने ट्वीट कर कहा कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से मुझे सुरक्षा का हवाला देकर नजरबंद किया गया है, मगर वे लोग खुद ही घाटी के कोने-कोने में घूम रहे हैं। महबूबा ने कहा कि केंद्र सरकार कश्मीरी पंडितों के दर्द को छिपाना चाहती है।

# तेलंगाना में केवल सीएम के परिवार को लाभ मिला : अमित शाह

## केन्द्रीय गृहमंत्री ने भाजपा मुनुगोडु समरभेरी जनसभा को संबोधित किया



**हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि पूर्व विधायक कोमटीरेड्डी राजगोपाल रेड्डी तेलंगाना में टीआरएस पार्टी के शासन को खत्म करने के एकमात्र उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर के नेतृत्व वाली टीआरएस सरकार की हार की शुरुआत मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में जीत से होगी। श्री शाह ने रविवार को यहां भाजपा मुनुगोडु समरभेरी की एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। इस अवसर पर बोलते हुए, शाह ने याद किया कि तेलंगाना राज्य कांग्रेस पार्टी के नेता सरदार वल्लभाई पटेल द्वारा किए गए प्रयासों के कारण रजाकारों के सामंती शासन से मुक्त हुआ था। मुख्यमंत्री केसीआर पर निशाना साधते हुए, केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री तेलंगाना राज्य के गठन के बाद आधिकारिक तौर पर तेलंगाना मुक्ति दिवस आयोजित करने के अपने वादे से मुकर गए, लेकिन उन्होंने अपना वादा पूरा नहीं किया क्योंकि वह अपने राजनीतिक सहयोगी एमआईएम पार्टी से डरते हैं। श्री शाह ने कहा कि केसीआर राज्य में अपने झूठे वादों के लिए जाने जाते हैं और कहा कि मुख्यमंत्री ने लोगों से किए गए अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है। भाजपा नेता ने केसीआर से पूछा कि 3,000 बेरोजगारी वेतन, नलगोंडा जिले में एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के निर्माण और राज्य के गरीब लोगों के लिए डबल बेड रूम जैसे उनके वादों का क्या हुआ? उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री राज्य के गरीब लोगों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वीकृत शौचालयों को भी छीन रहे हैं। शाह ने कहा कि केसीआर सत्ता में आने के बाद एक दलित नेता को राज्य का पहला मुख्यमंत्री बनाने के अपने वादे को पूरा करने में भी विफल रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि अगर टीआरएस पार्टी राज्य में सत्ता बरकरार रखती है तो मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के बेटे केटी रामाराव तेलंगाना के अगले मुख्यमंत्री बनेंगे, न कि दलित नेता। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले आठ वर्षों के शासन के दौरान केवल मुख्यमंत्री के परिवार के सदस्यों को लाभ मिला, जबकि युवाओं को तेलंगाना में रोजगार के अवसरों से वंचित किया गया। यह उम्मीद करते हुए कि भाजपा का एक नेता राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनेगा, उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने के बाद 17 सितंबर को आधिकारिक रूप से तेलंगाना मुक्ति दिवस मनाएगी।

>12

# लुकआउट सर्कुलर जारी करने की खबर पर भड़के मनीष सिसोदिया

## बोले- ये क्या नौटंकी है मोदीजी, क्या आपको मैं मिल नहीं रहा?

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। सीबीआई ने रविवार को कहा कि दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और 13 अन्य लोगों के खिलाफ जल्द लुकआउट सर्कुलर जारी किया जा सकता है। पहले ये खबर आई थी कि दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में सिसोदिया व बाकी आरोपियों के खिलाफ सर्कुलर जारी कर दिया गया है। इनके देश छोड़ने पर रोक लगा दी गई है और जल्द ही गिरफ्तारी की जा सकती है।

इस खबर के बाद मनीष सिसोदिया ने ट्वीट किया। सिसोदिया ने लिखा, आपकी सारी रेड फेल हो गई, कुछ नहीं मिला, एक पैसे की हेराफेरी नहीं मिली, अब आपने लुकआउट सर्कुलर जारी किया है कि सिसोदिया मिल नहीं रहा। ये क्या नौटंकी है मोदी जी? मैं खुलेआम दिल्ली में घूम रहा हूं, बताइए कहां आना है? आपको मैं मिल नहीं रहा?

**केजरीवाल बोले, रोज सुबह सीबीआई-ईडी का खेल शुरू होता है**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, ऐसे समय में जब आम आदमी महंगाई के खिलाफ लड़ रहा है, करोड़ों युवा बेरोजगार हैं। केंद्र सरकार को सभी राज्य सरकारों के साथ मिलकर बेरोजगारी और महंगाई से लड़ना चाहिए। इसके बजाय हर सुबह वे सीबीआई-ईडी का यह खेल शुरू करते हैं। ऐसे कैसे देश आगे बढ़ेगा?

**लुकआउट सर्कुलर क्या होता है, क्यों जारी किया जाता है?**



लुकआउट एक सर्कुलर है जो जांच अधिकारियों की ओर से जारी की जाती है। सर्कुलर यह सुनिश्चित करने के लिए जारी किया जाता है कि आपराधिक मामले में नामित व्यक्ति देश से भाग न जाए। हाल ही में कोलकाता पुलिस ने पूर्व भाजपा नेता नुपूर शर्मा के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया था।

**सिसोदिया पर इन 3 धाराओं में दर्ज है एफआईआर**

सीबीआई की एफआईआर के मुताबिक मनीष सिसोदिया पर इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) की धारा 120बी, 477ए और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन की धारा 7 के तहत केस दर्ज हुआ है। इनमें से आईपीसी की धारा 120बी और पीसी एक्ट की धारा 7 दोनों पर ईडी जांच में शामिल हो सकती है। ये दोनों धाराएं पीएमएलए के तहत शेड्यूल्ड ऑफेंस में आती हैं।

सीबीआई सूत्रों ने दावा किया कि नई एक्साइज पॉलिसी को उपराज्यपाल (एलजी) की मंजूरी के 6 दिन बाद ही दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इसमें बदलाव किए थे। यह एलजी की जानकारी के बिना किया गया था। एलजी ने 24 मई 2021 को मंजूरी दी। मगर 31 मई 2021 को सिसोदिया के कहने पर इसमें कुछ नियम बदल दिए गए।

ईडी की एंट्री होगी, सीबीआई जांच भी जारी रहेगी :

आईपीसी की धारा 120बी और पीसी एक्ट की धारा 7 यानी पीएमएलए के तहत केस दर्ज होने की वजह से अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भी एंट्री होगी। ईडी जल्द ही सिसोदिया के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज कर सकती है। वहीं सीबीआई की जांच भी लगातार जारी रहेगी। पश्चिम बंगाल में हाल ही में शिक्षक भर्ती घोटाले में ऐसा देखा गया था, जब सीबीआई की एफआईआर के आधार पर ईडी ने कार्रवाई की।

**सीबीआई ने की थी 14 घंटे की छापेमारी**

सीबीआई ने मनीष सिसोदिया के सरकारी आवास पर शुक्रवार यानी 19 अगस्त को छापेमारी की थी। 14 घंटे तक चली इस छापेमारी के बाद सीबीआई ने सिसोदिया के घर से मोबाइल, लैपटॉप और अन्य दस्तावेज जब्त कर ले गए थे। सीबीआई रेड के बाद मनीष सिसोदिया ने बयान देते हुए कहा था कि 2-4 दिन के भीतर मेरी गिरफ्तारी हो सकती है।

# रोहिंग्याओं से 6 देश परेशान

## इन्हें पाक में मिल रही आतंकी ट्रेनिंग, एशिया में जिस देश में पहुंचे, वहां अपराध बढ़े

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। म्यांमार में 5 साल पहले सेना के दमन से शुरू हुआ रोहिंग्या मुस्लिम संकट बांग्लादेश, भारत समेत 6 एशियाई देशों की परेशानी का सबब बन गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रोहिंग्याओं के चलते इन देशों में अपराध बढ़ रहे हैं। भारत में इनके तार घुसपैठ से लेकर आतंकी गतिविधियों तक जुड़े हुए हैं। इसी हफ्ते बिहार पुलिस ने खुलासा किया कि कट्टरपंथी पीएफआई अपने संगठन में भर्ती करने के लिए रोहिंग्या मुस्लिमों और बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए जरूरी आधार कार्ड बनवा रहा है।

पुलिस के मुताबिक, पीएफआई नई पहचान बनाने के लिए रोहिंग्याओं और बांग्लादेशी घुसपैठियों को कर्नाटक समेत अन्य राज्यों में दिहाड़ी मजदूरों के रूप में भेज रहा है। रोहिंग्याओं से सबसे ज्यादा परेशान बांग्लादेश की सरकार है। रोहिंग्या बहुल कॉक्स बाजार क्षेत्र में पिछले 5 साल में चोरी, हत्या, डकैती, दुष्कर्म, नशीले पदार्थों की तस्करी जैसी आपराधिक गतिविधियां 7 गुना हो चुकी हैं।

देश की स्थानीय आबादी वृद्धि दर 17 प्रतिशत है, जबकि रोहिंग्या की आबादी वृद्धि 5 प्रतिशत है। इनकी बढ़ती अबादी के कारण सरकार द्वारा इनके लिए सुविधाएं जुटाने में परेशानी आ रही है। उधर, थाईलैंड में रोहिंग्याओं के लिंक मानव तस्करी से जुड़े पाए गए। वहां के रास्ते मानव तस्करी मलेशिया तक हो रही है। आतंकियों को पनाह देने वाला पाकिस्तान रोहिंग्याओं को भी इसी रास्ते पर ले जा रहा है।

बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना कह चुकी हैं कि हमारे यहां 11 लाख रोहिंग्या हैं। इनका बोझ उठाना है। रोहिंग्या ड्रग्स और महिला तस्करी जैसे अपराधों में शामिल हैं, जो कानून व्यवस्था के लिहाज से हमारे लिए चुनौती है। रोहिंग्या मुसलमान लंबे समय से समस्याएं पैदा कर रहे हैं। इन्हें निर्वासित करने के बांग्लादेश जापान, कंबोडिया और चीन से मदद मांग चुका है। अब शेख हसीना सितंबर में भारत आएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान वह भारत से इस मामले में मदद मांगेंगी।

मुस्लिम देश होने के बावजूद इंडोनेशिया अपराधों में लिप्तता, खाने-रहने की परेशानी को देखते हुए अपने यहां रोहिंग्याओं को रखना नहीं चाहता। उसने इतनी सख्ती बरती कि बीते साल रोहिंग्याओं से भरी एक बोट को अपने आचे प्रांत में ठहरने नहीं दिया।

थाईलैंड में करीब 92 हजार रोहिंग्याओं ने शरण ली है। वहां भी ये परेशानी खड़ी कर रहे हैं। अवैध रूप से पहुंच रहे रोहिंग्याओं को लौटाने के लिए 2014 में थाईलैंड ने फरमान जारी किया था। इसके बाद 13000 रोहिंग्याओं को वापस भेजा जा चुका है।

# मोहन भागवत : भारत दुनिया के लिए आदर्श समाज बने

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भारत को दुनिया के लिए आदर्श समाज बनाने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आरएसएस समाज को एकजुट करने और उसकी भलाई के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा करना इसलिए जरूरी है, ताकि भारत सम्पूर्ण विश्व के लिए एक आदर्श समाज बन सके।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि



समाज जब एक वातावरण में एक मन और संकल्प को लेकर खड़ा होता है तो वास्तव में उसी को समाज कहते हैं। समाज यानी सहयोग से इकट्ठा हुए लोग नहीं है बल्कि समाज वो है जिसके सामने एक सम्मान उद्देश्य है।

सरसंघचालक ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए समाज के विभिन्न वर्गों ने बलिदान दिया। अनेक विभूतियों ने योगदान और बलिदान के बाद ही देश को आजादी मिली। हम समाज के रूप में सोचते हैं। हमारे लिए व्यक्तिगत कुछ भी नहीं है। हमें इस भाव को और आगे ले जाना होगा। यही हम भारतीयों का डीएनए और बुनियादी स्वभाव है।

भागवत ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक कभी भी व्यक्तिगत हितों पर ध्यान नहीं देते। वे हमेशा सम्पूर्ण समाज के लिए काम करते हैं और आगे भी करते रहेंगे।

## दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन को राहत

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। मनी लॉन्ड्रिंग केस में सजा काट रहे स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को दिल्ली हाईकोर्ट ने राहत दी है। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने सत्येंद्र जैन को मंत्री पद से हटाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट से आम आदमी पार्टी नेता सत्येंद्र को विकृत व्यक्ति घोषित करने और उन्हें विधायक और एक मंत्री के रूप में अयोग्य घोषित करने की मांग की गई थी।



कोर्ट सत्येंद्र की जमानत याचिका पर 23 अगस्त को सुनवाई करेगी। उनकी पत्नी पूनम की जमानत पर स्पेशल जज गीतांजलि की बेंच ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। हालांकि कोर्ट ने इसी केस के दो आरोपियों अजीत प्रसाद जैन और सुनील कुमार जैन को जमानत दे दी है।

**याददाश्त खोने का दावा कर चुके हैं सत्येंद्र**

याचिका दायर करने वाले आशीष कुमार श्रीवास्तव ने दावा किया था कि सत्येंद्र जैन ने खुद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने यह घोषणा की थी कि उन्होंने कोरोना के कारण अपनी याददाश्त खो दी है। इसलिए एक विधायक के रूप में उन्हें अपना कार्यकाल जारी रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

# चीन ने समझौते का पालन नहीं किया : विदेश मंत्री

साओ पाउलो, 21 अगस्त (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को ब्राजील में चीन को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अभी यह कोई छिपी बात नहीं है, हम बहुत कठिन दौर से गुजर रहे हैं। 1990 के दशक में चीन के साथ हमारे समझौते थे। इसके जरिए हम दोनों में से कोई भी प्रतिबंधित इलाकों में सैनिकों की तैनाती नहीं करेगा। कोई समझौतों का उल्लंघन नहीं करेगा। चीन ने इसकी अवहेलना की। यही वजह से है कि हमारे रिश्तों में उठापटक का दौर जारी है।

साओ पाउलो में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि उन्होंने कहा कि हम आजादी के अमृत महोत्व का जश्न मना रहे हैं



और देश में मूड बहुत आशावादी है। यह एक ऐसा भारत है जो बड़ी चीजों में सक्षम है। हमने यूक्रेन-रूस संघर्ष के दौरान एक संगठित प्रयास के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को बाहर निकाला।

जयशंकर ने तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में ब्राजील के साओ पाउलो में भारतीय समुदाय से मुलाकात की। यहां से वे पराग्वे और अर्जेंटीना भी जाएंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे पास 1990 के दशक में चीन के साथ समझौते हैं, जो सीमा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सैनिकों को लाने पर रोक लगाते हैं। उन्होंने इसका उल्लंघन किया है। आप जानते हैं कि गालवान घाटी में क्या हुआ था? उस समस्या का समाधान नहीं किया गया।

भारत और चीन के बीच मौजूदा सीमा स्थिति पर बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि संबंध एकतरफा नहीं हो सकते हैं। इसे बनाए रखने के लिए आपसी सम्मान होना चाहिए। वे हमारे पड़ोसी हैं। हर कोई अपने पड़ोसी के साथ मिलजुल कर रहना चाहता है। निजी जीवन में और देश के तौर पर भी, लेकिन हर कोई उचित शर्तों पर साथ ही एक साथ आगे बढ़ सकता है। मुझे आपका सम्मान करना चाहिए और आपको मेरा सम्मान करना चाहिए।

जयशंकर ने कहा कि रिश्ते दोतरफा होते हैं। कोई भी स्थाई रिश्ता एकतरफा नहीं हो सकता। हमें आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता की जरूरत है। अब यह कोई रहस्य नहीं है कि हम बहुत कठिन दौर से गुजर रहे हैं।

जयशंकर ने ब्राजील और भारत के बीच एक प्रभावी पुल की तरह काम करने के लिए भारतीय समुदाय को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत-ब्राजील संबंध अच्छी भावना, महान सद्भावना और बढ़ते सहयोग को दर्शाते हैं। एक प्रभावी सेतु के रूप में सेवा करने के लिए भारतीय समुदाय का धन्यवाद।

# पीएम के सुरक्षा दस्ते में होगा देसी नस्ल का कुत्ता

## शिवाजी की सेना में भी था मुधोल हाउंड, 6 खूबियों की वजह से एसपीजी में हुआ शामिल

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। पहली बार एक देसी नस्ल के कुत्ते को एसपीजी में शामिल किया जा रहा है। नाम है- मुधोल हाउंड। इससे पहले इसे भारतीय सेना के ट्रेनिंग सेंटर में फरवरी 2016 में शामिल किया गया था। मुधोल हाउंड नस्ल के कुत्तों का नाम दक्षिण भारत की मुधोल रियासत के नाम पर रखा गया है। कर्नाटक के बागलकोट नाम की जगह पर मुधोल रियासत के शासकों ने इन कुत्तों को पाला था।

इस नस्ल के कुत्तों के नाम रखने पर एक दिलचस्प ऐतिहासिक किस्सा है। दरअसल, 1937 तक इस रियासत पर राज करने वाले अंतिम शासक का नाम मालोजीराव घोरपड़े था। एक बार घोरपड़े ने देसी नस्ल के इस कुत्ते की एक जोड़ी किंग जॉर्ज पंचम को भेंट की। तभी उन्होंने इस डॉग का नाम मुधोल हाउंड दिया था।

**शिवाजी की सेना में भी शामिल था बहादुर मुधोल हाउंड**

मुधोल हाउंड नस्ल के कुत्तों की बहादुरी का किस्सा कोई नया नहीं है। करीब 300 साल पहले मराठा शासक शिवाजी महाराज की सेना में भी मुधोल हाउंड नस्ल के कुत्तों की मौजूदगी का पता चलता है।



**2016 में सेना के दस्ते में मुधोल हाउंड हुआ था शामिल**

पहली बार स्वदेशी मुधोल हाउंड नस्ल के कुत्तों को भारतीय सेना के ट्रेनिंग सेंटर में फरवरी 2016 में शामिल किया गया था। मीडिया से बात करते हुए मुधोल हाउंड के ट्रेनर डीके साहू ने कहा था कि शुरूआत में इन्हें 3 हफ्ते की बेसिक ट्रेनिंग दी जाती है। इसके बाद इनकी 36 हफ्ते की ट्रेनिंग होती है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक अप्रैल 2022 में एसपीजी अधिकारी कर्नाटक के कैनाइन रिसर्च एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर थिम्मापुर गए थे। इस दौरान रिसर्च सेंटर के अधिकारियों ने उन्हें मुधोल हाउंड नस्ल के दो मेल डॉग सौंपे थे। अब एसपीजी ने 4 महीने की ट्रेनिंग के बाद इन्हें अपने बेड़े में शामिल करने की बात कही है।

**मुधोल हाउंड की 6 खूबियां,**

1. लंबे पैरों वाला मुधोल हाउंड अपनी बेहतरीन शारीरिक बनावट की वजह से सुरक्षा एजेंसियों को सबसे ज्यादा पसंद आने वाला स्वदेशी डॉग है।

2. मुधोल हाउंड 270 डिग्री तक देख सकता है। किसी दूसरे नस्ल की कुत्तों से बेहतर देखने की क्षमता की वजह से इसे एसपीजी में शामिल किया गया।

3. देसी नस्ल के दूसरे कुत्तों से ज्यादा सूंघने की क्षमता की वजह से मुधोल हाउंड निगरानी और चौकसी के मामले में बेस्ट डॉग है।

4. मुधोल हाउंड दूसरे कुत्तों की तुलना में कम थकता है। यही नहीं यह बीमार भी कम पड़ता है। यही वजह है कि इसे सेना के दस्ते में शामिल किया गया है।

5. इस देसी नस्ल के कुत्ते को हर मौसम में काम करने की क्षमता होती है। इसका शरीर हर मौसम के मुताबिक खुद को एडजस्ट कर लेता है।

6. मुधोल हाउंड किसी दूसरे स्वदेशी नस्ल के कुत्ते की तुलना में ज्यादा बहादुर और ईमानदार होता है।

सीनियर इंस्ट्रक्टर कर्नल जयविंदर सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा, यह स्वदेशी डॉग इतना काबिल है कि ट्रेनर की आंखो को पढ़कर यह मिशन पर लग जाता है। एक बार कमांडिंग अधिकारी का इशारा मिलते ही तुरंत टारगेट पर हमला कर देता है।

एक्सपर्ट का कहना है कि हल्के दूरी पर आवाज देकर जबकि 300 मीटर से दूर होने पर गले में लगे रिसीवर के जरिए मुधोल को कमांड दिया जाता है। गैजेट के जरिए होने वाले अलग-अलग तरह के वाइब्रेशन का मतलब इसे बताया जाता है।

# नोएडा में गार्ड को गालियां देने वाली महिला गिरफ्तार

## सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड ने गेट देर से खोला, तो बिहारियों का नाम लेकर दी थी गालियां

नोएडा, 21 अगस्त (एजेंसियां)। नोएडा के सेक्टर-126 में जेपी सोसाइटी में गार्ड को गालियां देने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी का वीडियो सामने आया है, जिसमें महिला पुलिस हिरासत में भी खुद कार ड्राइव करती दिख रही है।



नोएडा के सेक्टर-126 में जेपी सोसाइटी में गार्ड को गालियां देने वाली महिला को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला का एक वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड ने गेट खोलने में देरी की। इस पर महिला आग बबूला हो उठी। उसने कार का शीशा नीचे कर गार्ड को गाली देना शुरू कर दिया।

उसने डेढ़ मिनट में 9 बार गाली दी। गार्ड का कॉलर पकड़ लिया और घसीटा। गार्ड के अन्य साथी छोड़ने की मिन्नत करते रहे, लेकिन उसने गाली देना बंद नहीं किया।

पुलिस ने गाली देने वाली महिला भाव्या रॉय के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वह वकील है। उसे हिरासत में ले लिया गया है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि महिला को जब पुलिस ने हिरासत में लिया तो वो अपनी ही गाड़ी में गई और ड्राइव भी खुद ही कर रही थी। इससे पहले नोएडा की ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में श्रीकांत त्यागी का एक महिला को गाली देते हुए वीडियो सामने आया था। श्रीकांत फिलहाल जेल में है।

**गार्ड ने कहा, बहुत हो गई बेइज्जती, नौकरी नहीं करूंगा**

आहत गार्ड ने नौकरी छोड़ने की बात भी कही। उसने कहा, बहुत हो गया बेइज्जती सहते-सहते। हम भी परिवार वाले हैं। अब मुझे नौकरी नहीं करना है। हम सोसाइटी में अपनी पूरी जिम्मेदारी से काम करते हैं। सभी महिलाओं को अपनी बहन, मां समझते हैं, लेकिन पढ़ी-लिखी होने के बावजूद महिला में कोई तमीज नहीं है। महिला ने पहले बदतमीजी की है।

**शराब के नशे में थी भाव्या**

ये पूरा मामला शनिवार का है। वीडियो में साफ तौर पर दिख रहा है कि महिला भाव्या रॉय गार्ड के साथ जमकर गाली-गलौज कर रही है और अन्य गार्डों से भी अभद्र भाषा का प्रयोग कर रही है। इस दौरान गार्ड भाव्या रॉय से बचकर दूर भी जा रहे हैं, लेकिन उसके बावजूद महिला उनके पास जाकर गाली-गलौज कर रही है और एक गार्ड को पकड़कर धक्का-मुक्की भी कर रही है। बताया जा रहा है कि भाव्या शराब के नशे में थी।

## 'महाकाल थाली' ऐड पर जोमैटो ने माफी मांगी

उज्जैन, 21 अगस्त (एजेंसियां)। ऑनलाइन फूड डिलीवर कंपनी जोमैटो ने महाकाल मंदिर पर ऋतिक रोशन स्टारर ऐड वापस ले लिया है। कंपनी ने इसे लेकर माफी भी मांगी है। कंपनी ने सोशल मीडिया पर कहा कि ऋतिक रोशन ने महाकाल रेस्टोरेंट से थाली मंगाने की बात कही थी, न कि महाकालेश्वर मंदिर से। इस मामले में मंदिर के पुजारियों ने आपत्ति जताई थी। इसके बाद ट्विटर पर बायकॉट जोमैटो ट्रेंड हो रहा था।

जोमैटो ने कहा है कि यह विज्ञापन उनके देशभर में जारी कैंपेन का हिस्सा है। इसमें वे लोकल फूड आउटलेट्स के सबसे ज्यादा चर्चित मेन्यू को प्रमोट कर रहे हैं। विज्ञापन में महाकाल से थाली मंगवाने का मतलब शहर के प्रसिद्ध महाकाल रेस्टोरेंट से था, ना कि भगवान महाकालेश्वर के मंदिर से।

जोमैटो ने कहा, हम उज्जैन के लोगों की भावनाओं का पूरे हृदय से सम्मान करते हैं। इस विज्ञापन को बंद कर दिया गया है। हमारा मकसद किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था और हम इसके लिए दिल से माफी मांगते हैं।

# लोकसभा चुनाव में यूपी की छोटी पार्टियों को 'बड़े भाई' की तलाश! सपा को लगेगा झटका



नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारियां शुरू हो गई हैं. सभी राजनीतिक पार्टियों ने इसके लिए काम करना शुरू कर दिया है. उत्तर प्रदेश में छोटी पार्टियां अब 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले 'बड़े भाई' की तलाश कर रही हैं. समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन के लगभग टूट जाने के साथ, ये पार्टियां एक ऐसा विकल्प चाहती हैं जो उन्हें राज्य की राजनीति में महत्व बनाए रखने में मदद करें.

**राजभर कर रहे बीजेपी के साथ संबंध सुधारने की कोशिश**

ओम प्रकाश राजभर के नेतृत्व वाली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन चुनाव के बाद गठबंधन टूट गया. राजभर अब बीजेपी के साथ संबंध सुधारने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं. उन्होंने हाल के राष्ट्रपति चुनावों में एनडीए उम्मीदवार को वोट देकर इसकी शुरुआत की. हालांकि, बीजेपी राजभर की पार्टी को वापस बोर्ड में लेने के लिए राजी नहीं है, क्योंकि राजभर को 'अविश्वसनीय सहयोगी' माना जाता है.

**आजम खान भी ले सकते बड़ा फैसला**

सूत्रों का कहना है कि आजम खान अखिलेश के नेतृत्व वाले एसपी के साथ ज्यादा सहज नहीं हैं. उनके एक करीबी नेता ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक आने पर वो फैसला लेंगे. सपा के दो अन्य पूर्व सहयोगी महान दल और जनवादी पार्टी ने एसबीएसपी और पीएसपीएल से पहले ही नाता तोड़ लिया था. पार्टी के एक नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'हम छोटे दल हैं और हमें चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सहयोगी के रूप में एक बड़े राजनीतिक दल की जरूरत है.'

**सीएम योगी की करते रहते हैं तारीफ**

इसके बाद भी राजभर समय-समय पर योगी आदित्यनाथ सरकार की तारीफ करते रहते हैं. उन्होंने कहा, 'अगर कोई पार्टी कुछ अच्छा करती है, तो मैं उसकी सराहना क्यों न करूं? हम एक राजनीतिक दल हैं और हम ऐसे फैसले लेते हैं, जिससे समाज के कमजोर वर्गों को फायदा होता है.'

**चाचा-भतीजे में मेल मिलाप की संभावना कम**

इस बीच, शिवपाल सिंह यादव के नेतृत्व वाली प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया (पीएसपीएल) ने सपा के साथ अपने संबंधों को तोड़ दिया है. ऐसा लगता है कि अखिलेश यादव और शिवपाल के बीच संबंध खराब हैं. वहीं मुलायम सिंह यादव लगभग सक्रिय राजनीति से बाहर हो गए हैं. चाचा और भतीजे के बीच किसी भी तरह के मेल-मिलाप की संभावना बहुत कम है. शिवपाल ने कहा, 'मुझसे धोखा हुआ है और भारी कीमत चुकाकर मैंने सबक सीखा है. मैं अब लोकसभा चुनाव से पहले अपनी पूरी ताकत अपने पार्टी संगठन को मजबूत करने में लगाऊंगा.'

**कांग्रेस के साथ गठबंधन कर सकते हैं शिवपाल यादव**

उनके करीबी सूत्रों ने कहा कि उन्हें कांग्रेस की ओर से कई तरह के विचार मिल रहे थे और 'अगर सौदा सम्मानजनक है' तो पीएसपीएल लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन कर सकती है. कांग्रेस के साथ समस्या यह है कि राज्य में उभरती राजनीतिक स्थिति को संबोधित करने वाला कोई नहीं है. चुनाव में हार के छह महीने बाद भी पार्टी नेतृत्वविहीन बनी हुई है. सूत्रों के मुताबिक, शिवपाल यादव भी एक व्यापक मोर्चे पर विचार कर रहे हैं, जिसमें सपा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खान नेतृत्व कर रहे हैं.

## अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर की तबीयत बिगड़ी



मुंबई, 21 अगस्त (एजेंसियां)। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर की तबीयत बिगड़ गई है. कासकर को मुंबई के जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बीती रात को इकबाल कासकर ने सीने में दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद उसे मुंबई के जेजे अस्पताल में एडमिट कराया गया है. इकबाल कासकर के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं और इस समय वो न्यायिक हिरासत में है. इकबाल कासकर के खिलाफ ठाणे पुलिस ने उगाही का मामला दर्ज किया था और इसी मामले में उसे साल 2017 में गिरफ्तार किया गया था, तब से ही वह जेल में है.

**इकबाल कासकर की तबीयत बिगड़ी**

नेशनल इन्वेस्टिंग एजेंसी (एनआईए) की ओर से 1993 के मुंबई सीरियल धमाके के मास्टरमाइंड दाऊद इब्राहिम और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी.
ईडी ने मुंबई में दाऊद इब्राहिम से संबंधित कई ठिकानों पर छापेमारी की थी. ये छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई थी. इसमें दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर समेत कई रिश्तेदारों और करीबियों के ठिकाने पर भी छापेमारी की गई थी.

## बीजेपी नेता के 'हमने 5 मारे' बयान पर महुआ मोइत्रा का तंज

# 'रेपिस्ट के स्वागत के लिए भेजें स्क्वाड'



कोलकाता, 21 अगस्त (एजेंसियां)। अलवर मॉब लिंचिंग मामले में भाजपा के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा अपने बयान को लेकर घिरते नजर आ रहे हैं। आहूजा ने कहा था कि यह पहली बार हुआ है कि जब उन लोगों ने एक मारा है और अब तक हमने पांच मारे हैं। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने इसे लेकर बीजेपी पर तंज कसा है।

**महुआ मोइत्रा ने किया ट्वीट**

मोइत्रा ने ट्वीट करके कहा, 'रविवार की सुबह बीजेपी की टू-डू लिस्टः बिलकिस के बलात्कारियों का स्वागत करने वाले स्क्वाड को गुजरात से राजस्थान भेजिए जहां वे इस नए हीरो को माला पहनाएंगे, जो 5 लोगों को मारने का दावा कर रहा है।'

**कांग्रेस ने भी साधा था निशाना**

अपने बयानों के कारण कई बार विवादों में रह चुके भाजपा नेता और पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा 'लिंचिंग' पर अपने एक बयान को लेकर फिर से विवाद में घिर गए हैं। आहूजा के बयान को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि इससे पार्टी का 'कट्टरता वाला असली' चेहरा सामने आ गया है।

**क्या था मामला**

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो कथित रूप से शुक्रवार का है जब आहूजा गोविंदगढ़ में चिरंजीलाल सैनी के परिवार से मिलने गए थे। कुछ लोगों ने ट्रैक्टर चोरी के संदेह में 14 अगस्त को सब्जी विक्रेता चिरंजीलाल को बुरी तरह पीटा जिसके कारण उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, शनिवार को सोशल मीडिया पर आए वीडियो में आहूजा गोविंदगढ़ के एक कार्यक्रम में बैठे दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है, ''सब लोग बैठे हैं गोविंदगढ़ के, आंदोलन चलाना चाहिए, जबरदस्त चलाना चाहिए।'' बीच में एक अन्य व्यक्ति कह रहा है, ''बड़ा आंदोलन करने से ही दबाव बनेगा और यह कोई पहली घटना नहीं है।
'' इस पर आहूजा बीच में टोकते हुए कहते हैं, ''नहीं, अब तक तो पांच हमने मारे हैं। चाहे लालवंडी में मारा, बहरोड़ में मारा। ये इस एरिया में पहली बार हुआ है। वरना मैंने तो कार्यकर्ताओं को खुली छूट दे रखी है कि मारो जो गोकशी या गो तस्करी करता मिले। बरी भी करवाएंगे, जमानत भी करवाएंगे।

## हाईकोर्ट ने कहा- गड्ढों से होने वाले हादसों के जिम्मेदार होंगे डीएम

**माना जाएगा सांविधानिक अत्याचार**

कोच्चि, 21 अगस्त (एजेंसियां)। केरल हाईकोर्ट ने कहा कि गड्ढों की वजह से होने वाली हर सड़क दुर्घटना के लिए जिला कलेक्टर (डीएम) जिम्मेदार होंगे। कोर्ट ने एक आदेश में कहा कि इसे रोकने के लिए डीएम को आपदा प्रबंधक प्राधिकरण के चेयरमैन को हर सड़क का दौरा करने का निर्देश देना चाहिए। जस्टिस देवन रामचंद्रन ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा, ऐसे हादसों को रोकने में भारत सरकार और खासतौर पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की विशेष भूमिका है। कोई राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसे में घायल होता है या मारा जाता है, तो इसे सांविधानिक अत्याचार माना जाना चाहिए। कोर्ट ने इस संबंध में केंद्र सरकार को अपना रुख बताने का भी निर्देश दिया।

# पंजाब में आतंकी हमले की साजिश

## चंडीगढ़ और मोहाली दहलाने की फिराक में पाक आईएसआई



चंडीगढ़, 21 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मोहाली दौरे से पहले पंजाब में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी हुआ है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई चंडीगढ़ और मोहाली को दहलाने की फिराक में है। आतंकी किसी बस स्टैंड को निशाना बना सकते हैं। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने इस बारे में पंजाब सरकार को इनपुट भेजा है। जिसके बाद पंजाब पुलिस की तरफ से सुरक्षा बंदोबस्त को लेकर प्लानिंग शुरू कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अगस्त को मोहाली आ रहे हैं। यहां वह टाटा कैंसर अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इसे देखते हुए सुरक्षा बलों को अलर्ट कर दिया गया है।

**दिल्ली से पकड़े आतंकियों से भी हुआ खुलासा**

पंजाब पुलिस ने कुछ दिन पहले दिल्ली से 4 आतंकी पकड़े थे। इनमें दीपक मोगा, सन्नी ईसापुर, संदीप सिंह और विपिन जाखड़ शामिल थे। यह चारों कनाडा बैठे गैंगस्टर अर्श डल्ला और ऑस्ट्रेलिया बैठे गुरजंट जंटा के संपर्क में थे। पूछताछ में उन्होंने खुलासा किया था कि आतंकियों के निशाने पर दिल्ली और मोगा के साथ मोहाली भी है। पुलिस को उनसे पूछताछ में टारगेट किलिंग की जानकारी मिली थी। पंजाब पुलिस ने इसे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के समर्थन वाला टेरर मॉड्यूल करार दिया था।

**10 नेताओं और अफसर की सुरक्षा बढ़ाई गई**

पंजाब में नेता और अफसर भी आतंकियों के निशाने पर हैं। इनमें प्रमुख नाम पूर्व डिप्टी सीएम सुखजिंदर रंधावा, पूर्व मंत्री गुरकीरत कोटली, विजयइंदर सिंगला और परमिंदर पिंकी का है। केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने पंजाब पुलिस को 10 लोगों की लिस्ट भेजी थी। जिसके बाद इन सभी की सुरक्षा बढ़ाने के आदेश दिए जा चुके हैं।

# राहुल का इनकार, सोनिया बीमार

## प्रियंका का रिकॉर्ड बेकार; गैर-गांधी का कांग्रेस अध्यक्ष बनना तय!



नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष के चुनाव नजदीक आ रहा है। हालांकि, अभी तक पार्टी के शीर्ष पद के लिए नाम को लेकर चर्चाओं का दौर थमा नहीं है। खबर है कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी फिर से कमान संभालने के मूड में नहीं हैं। वहीं, मौजूदा अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के नाम पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसे लेकर सवाल बरकरार है कि पार्टी का नया अध्यक्ष गांधी परिवार से ही होगा या नहीं। सूत्रों ने बताया कि शीर्ष पद स्वीकार करने के लिए राहुल को मनाने के लिए की जा रही कोशिशें असर नहीं दिखा रही हैं। वह अपने पार्टी सदस्यों की अपीलों को खारिज कर रहे हैं। वहीं, खबर है कि सोनिया गांधी ने भी स्वास्थ्य के चलते पार्टी अध्यक्ष पद पर लौटने की संभावनाओं से इनकार कर दिया है। इसके अलावा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम भी दौड़ में माना जा रहा था। दरअसल, सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के कई नेता गांधी को ही अध्यक्ष बनाना चाहते हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद समीकरण बदल सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भक्त चरण दास ने बताया, 'हां, उन्होंने (राहुल गांधी) ने कहा है कि उन्हें दिलचस्पी नहीं हैं, लेकिन हम इसपर काम कर रहे हैं और उनसे पद संभालने का अनुरोध कर रहे हैं। नहीं तो उन्हें हमें बताना होगा कि यह पद कैसे भरा जाएगा।' इधर, राहुल सितंबर में कन्याकुमारी से 'भारत जोड़ो यात्रा' निकालने की तैयारी में हैं।

**क्या गांधी परिवार के हाथ से जाएगी कमान?**

खास बात है कि चुनावों में लगातार हो रही हार और बड़े नेताओं के पार्टी छोड़ने से कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ रही हैं। वहीं, गुलाम नबी आजाद जैसे वरिष्ठ नेता पार्टी नेतृत्व पर सवाल कर चुके हैं। अब अगर गांधी परिवार से कोई अध्यक्ष पद नहीं संभालता है, तो यह पहली बार होगा जब साल 1998 के बाद कोई गैर-गांधी अध्यक्ष बनेगा।

# असम पुलिस का बड़ा एक्शन

## अलकायदा से जुड़े 2 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार



गुवाहाटी, 21 अगस्त (एजेंसियां)। आतंकवादी गतिविधियों की रोकथाम को लेकर एक्शन में जुटी असम पुलिस के हाथ बहुत बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. पुलिस ने गोलपारा जिले से अलकायदा से जुड़े दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है. इन आतंकियों के पास से पुलिस को जिहाद से संबंधित सामग्री भी बरामद हुई है. जानकारी के मुताबिक, ये आतंकी अल-कायदा के भारतीय उपमहाद्वीप टीम और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम से जुड़े हुए हैं. इन दोनों को शनिवार यानी कल देर रात गिरफ्तार किया गया. शुरूआती जांच में ये बात भी सामने आई है कि ये संदिग्ध आतंकी देश के कई राज्यों का दौरा कर चुके हैं और कई बैठकों में हिस्सा भी लिया है. इस मामले पर एसपी वीवी राकेश रेड्डी ने ज्यादा जानकारी देते हुए बताया कि इन दोनों आतंकियों की पहचान अब्दुस सुभान और जलालुद्दीन शेख के रूप में हुई है. अब्दुस सुभान तिनकुनिया शांतिपुर मस्जिद का इमाम है तो वहीं जलालुद्दीन शेख असम में इसी जिले में तिलापारा नतुन मस्जिद का इमाम है.
इन लोगों ने बांग्लादेश से आए जिहादी आतंकियों को रसद सहायता के साथ साथ उन्हें ठहरने के लिए जगह भी दी है. इसके अलावा इन लोगों ने गोलपारा में स्लीपर सेल की भर्ती के लिए अलकायदा के सदस्य होने की बात भी कबूल की है.

# कोच्चि एयरपोर्ट पर 60 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त

**जिम्बाब्वे से आया शख्स गिरफ्तार**

कोच्चि, 21 अगस्त (एजेंसियां)। केरल के कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सुरक्षाकर्मियों ने एक यात्री के पास से 60 करोड़ रुपये मूल्य की 30 किलोग्राम नशीली दवाएं जब्त की हैं। सीमा शुल्क नारकोटिक्स विभाग के प्रारंभिक मूल्यांकन में निष्कर्ष निकाला गया कि यह अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 60 करोड़ रुपये का मेथाक्विनोल है। जब्त मादक पदार्थ को आगे के परीक्षण के लिए सरकारी प्रयोगशाला में भेज दिया गया है। सीआईएएल की आधिकारिक जानकारी के अनुसार, आरोपी की पहचान मुरलीधरन नायर के रूप में हुई, जो जिम्बाब्वे से दोहा होते हुए कोच्चि पहुंचा था। कोच्चि से दिल्ली के लिए एयर एशिया की फ्लाइट में सवार होते ही उनके सामान की जांच की जा रही थी। सीआईएएल के सुरक्षा विभाग को अत्याधुनिक '3डी एमआरआई' स्कैनिंग मशीन से बैग में छिपा हुआ पदार्थ मिला। वह पलक्कड़ का मूल निवासी है और उसे नारकोटिक्स विभाग में सौंप दिया गया है।

# विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस में रार

## आनंद शर्मा ने संचालन समिति के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा



शिमला, 21 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की संचालन समिति ( स्टीयरिंग कमेटी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। जी-23 नेताओं में शामिल रहे आनंद शर्मा अप्रैल 2022 में स्टीयरिंग कमेटी के अध्यक्ष नियुक्त किए गए थे। पैनल में उनका नाम आने के बाद कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थीं। आनंद शर्मा पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के करीबी रहे हैं। इस साल हिमाचल में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में आनंद शर्मा की हाईकमान से नजदीकियों से जोड़कर समीकरण में बदलाव देखा जा रहा था। अब आनंद शर्मा के इस्तीफे ने पार्टी नेताओं को चौंका दिया है। उनका इस्तीफा देने का क्या कारण रहा है, इस पर चर्चा का बाजार गर्म है।

## विधायक नीरा यादव के घर के बाहर विस्फोट घर के अंदर पहुंची चिंगारी



कोडरमा, 21 अगस्त (एजेंसियां)। कोडरमा विधायक नीरा यादव के आवास के बाहर एक व्यक्ति ने बम जैसे पटाखे से धमाका किया। इस घटना के बाद वहां दहशत फैल गई। विधायक ने इस घटना को साजिश बताते हुए जांच की मांग की है। यह घटना तब हुई जब विधायक कार्यकर्ताओं से मिल रही थीं। एसपी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है। वह शराब के नशे था, उसे मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है। बताया जाता है कि वह मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है और बाजार क्षेत्र में अक्सर घूमता रहता है। युवक का नाम शिवा बताया जा रहा है, जो किराये के मकान में महावीर मोहल्ले में रहता है। उसे शुक्रवार को भी तलवार के साथ देखा गया था। विधायक ने बताया कि वह सुबह से ही क्षेत्र में निकली हुई थीं और शाम को मटका फोड़ कार्यक्रम में शामिल होकर रात आठ बजे आवास पर लौटी थीं। आवास पर इंतजार कर रहे कार्यकर्ताओं से मिलकर बात करने लगी। इसी बीच उक्त युवक आया और बम जैसा धमाका किया, जिसकी चिंगारी घर के अंदर भी पहुंची। यह देख विधायक के गार्ड समेत अन्य लोग दौड़कर पकड़ लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस उसे गिरफ्तार कर थाना ले गई है। विधायक के मुताबिक यह किसी की गहरी साजिश है और इसकी पुलिस जांच करे।

# जयललिता के इलाज में नहीं मिली कोई गड़बड़ी



**पहले से कई बीमारियों से थीं ग्रसित**

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित एम्स के पैनल ने तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जयललिता के इलाज में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने से इंकार किया है। एम्स के डॉक्टरों का कहना है कि अस्पताल में भर्ती होने से पहले जयललिता डायबटीज, चक्कर आने, सूजन, चिड़चिड़ेपन, हाइपोथायरायड और क्रोनिक ब्रोंकाइटिस जैसी बीमारियों से ग्रसित थीं। दरअसल, बीमार होने के बाद जयललिता को चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उनकी मौत हो गई थी। 30 नवंबर, 2021 को जयललिता के मौत का कारण जानने के लिए न्यायमूर्ति अरुमुगासामी आयोग की सहायता के लिए छह सदस्यी पैनल गठित किया गया था।

**अंगूर, केक और मिठाई खा रहीं थीं जयललिता**

कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप सेठ के नेतृत्व में बने पैनल ने अपोलो अस्पताल के मेडिकल रिकॉर्ड्स की छानबनी की। इसके साथ ही रेडियोलॉजी से संबंधित जांच के रिकॉर्ड भी खंगाले गए। पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक, अस्पताल में भर्ती होने से पहले जयललिता अंगूर, केक और मिठाइयां खा रहीं थीं। डॉ. शिवकुमार ने 19 सितंबर, 2016 को जयललिता के स्वास्थ्य की जांच की थी।

**22 सितंबर, 2016 को हुईं थीं भर्ती**

रिपोर्ट में कहा गया है कि 22 सितंबर, 2016 को सीएम हाउस में एंबुलेंस बुलाई गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अस्पताल में भर्ती कराने से पहले जांच में डॉक्टरों ने पाया कि जयललिता अपने होश में नहीं। उनका ब्लड प्रेशर और नब्ज भी अस्थिर थी।

**चार दिसंबर को पड़ा था कार्डिएक अरेस्ट**

पैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि जयललिता का अपोलो अस्पताल में सही तरीके से इलाज चल रहा था। उन्हें चार दिसंबर, 2016 को कार्डिएक अरेस्ट पड़ा था। इसके बाद पांच दिसंबर को अपोलो और एम्स के डॉक्टरों की टीम ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।

## एनसीबी ने अंतरराज्यीय ड्रग कार्टेल का किया भंडाफोड़, कोडीन आधारित कफ सिरप की कर रहे थे अवैध तस्करी



मुंबई, 21 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई एनसीबी ने ड्रग तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एनसीबी के अधिकारियों ने बताया कि गिरोह के सदस्य कोडीन आधारित कफ सिरप की अवैध तस्करी कर रहे थे। यह गिरोह कई राज्यों में सक्रिय है। एनसीबी अधिकारियों के मुताबिक, उनके पास से 50 लाख रुपये मूल्य की कुल 13,248 अवैध सीबीसीएस बोतलें जब्त की गई हैं। गिरोह के सरगना समेत पांच तस्करों को पकड़ा गया है। उनसे पूछताछ जारी है।

## 15 अगस्त को बडगाम में ग्रेनेड हमला करने वाले 2 हाईब्रिड आतंकी गिरफ्तार

श्रीनगर, 21 अगस्त (एजेंसियां)। स्वतंत्रता दिवस पर बडगाम में हुए ग्रेनेड हमले के सिलसिले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो हाईब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट किया, 'बडगाम पुलिस ने 15 अगस्त को गोपालपुरा में हुए ग्रेनेड हमले की गुत्थी सुलझा ली है। लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों साहिल वानी और अल्ताफ फारूक आमिर को गिरफ्तार किया गया है। आतंकवादियों की ओर से इस्तेमाल किए गए वाहन को जब्त कर लिया गया है। जांच जारी है।' गौरतलब है कि 15 अगस्त को आतंकवादियों ने बडगाम जिले के गोपालपुरा चदूरा में एक ग्रेनेड फेंका था, जिसमें कृष्ण कुमार नामक व्यक्ति घायल हो गया था। अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि स्कूटी पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति ग्रेनेड फेंकने की वारदात में शामिल थे। उन्होंने कहा कि कई संदिग्धों से पूछताछ की गई और जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि तंगनार क्रालपोपरा चदूरा का रहने वाला साहिल अहमद वानी हमले में शामिल था।

**लश्कर के इशारे पर वारदात को दिया अंजाम**

अधिकारी ने कहा कि वानी को गिरफ्तार कर लिया गया और पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि उसने और मुख्य साजिशकर्ता अल्ताफ फारूक उर्फ अमीर ने वारदात को अंजाम दिया था। उन्होंने कहा कि इसके बाद छापेमारी कर फारूक को गिरफ्तार कर लिया गया। समाज में भय पैदा करने के लिए लश्कर-ए-तैयबा और द रेजिस्टेंस फोर्स (टीआरएफ) के इशारे पर इस वारदात को अंजाम दिया गया था।

सुविचार

संसार में भूख से पीड़ित होकर उतने व्यक्ति नहीं मरते जितने अधिक भोजन करने के कुपरिणामों से मरते हैं।

## कम्युनिस्टों के सामने झुके सीएम केसीआर : रेवंत रेड्डी



हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष और कांग्रेस पार्टी के सांसद ए. रेवंत रेड्डी ने आज राज्य के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने आगामी उपचुनावों में जीतने के लिए राज्य के भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के नेताओं के आगे झुक गए। मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव से पहले एक अनजान और असहाय स्थिति का सामना कर रहे है। उन्होंने केसीआर से पूछा, जिन्होंने अतीत में कम्युनिस्टों से उनके अस्तित्व के बारे में पूछकर उनका अपमान किया था, कि अब उन्होंने कम्युनिस्टों के साथ गठबंधन कैसे किया। श्री रेड्डी ने भाकपा नेताओं पर निशाना साधते हुए उनसे पूछा कि वे सीएम के जाल में क्यों पड़ रहे हैं? उन्होंने कहा कि मुनुगोडु में आगामी उपचुनाव में सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी को समर्थन देने के भाकपा नेताओं के फैसले से वह निराश हैं। उन्होंने सीएम केसीआर को यादाद्री लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी की शपथ लेने और सार्वजनिक रूप से यह बताने के लिए कहा कि वह भाजपा के प्रतिद्वंद्वी हैं। सीएम की मुनुगोडु जनसभा पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि जनसभा से राज्य में कोई उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सीएम ने मुनुगोडु के विकास के लिए किए गए कार्यों के बारे में बात नहीं की थी। उन्होंने दावा किया कि केसीआर एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीति का मुद्दा उठाकर राज्य के लोगों को धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं।

## मुनुगोड़े उपचुनाव में नहीं लड़ेगी माकपा : तम्मिनेनी

यादाद्री-भोंगिर, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। माकपा के राज्य सचिव तम्मिनेनी वीरभद्रम ने रविवार को स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी मुनुगोड़े विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में नहीं उतरेगी और भाजपा विरोधी पार्टी के उम्मीदवार का समर्थन करेगी। भोंगीर मंडल के अन्नजीपुरम में मूसी की शुद्धि की मांग को लेकर पार्टी द्वारा की गई पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए वीरभद्रम ने कहा कि राज्य समिति की बैठक में चर्चा करने के बाद, वह उन राजनीतिक दलों के बारे में स्पष्ट करेंगे, जिनका समर्थन सीपीआई (एम) द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि खम्मम जिले में तम्मिनेनी कृष्णैया की हत्या से उनका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि 160 सिंचाई टंकियों में मूसी नदी का पानी भरा जा रहा है और मुसी की पांच नहरों के जरिए सिंचाई की सुविधा भी मुहैया कराई जा रही है। जिले में उद्योगों द्वारा रासायनिक कचरे को इसमें छोड़े जाने के कारण मूसी का पानी जहरीला हो रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से उद्योगों द्वारा मूसी में रासायनिक कचरे के अवैध निर्वहन को रोकने के लिए उपाय करने का आग्रह किया।

## कांग्रेस नेता मधु यास्की ने सीएम केसीआर पर साधा निशाना

हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद और टीपीसीसी प्रचार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मधु यास्की गौड़ ने आज मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर जमकर निशाना साधा और उन्हें राज्य का घटिया राजनेता बताया। उन्होंने कहा कि केसीआर ने शनिवार को मुनुगोडु में आयोजित जनसभा में एक ठग की तरह बात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूछा कि क्या कांग्रेस पार्टी की मंजूरी के बिना तेलंगाना राज्य का गठन होता। यह कहते हुए कि केसीआर ने अपने जीवन में कई लोगों और नेताओं को बरगलाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केसीआर ने ए. नरेंद्र और विजयशांति जैसे पूर्व टीआरएस नेताओं और अनुभवी राजनेता कोंडा लक्ष्मण बापूजी को धोखा दिया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि केसीआर ने 100 वर्षों तक तपस्या करने पर भी तेलंगाना राज्य का गठन नहीं किया होगा और कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने बलिदानों को देखकर राज्य के चार करोड़ लोगों की लंबे समय से पोषित मांग को पूरा किया है।

## मुख्य सचिव सोमेश कुमार ने किया एलबी स्टेडियम का दौरा

### स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव के समापन समारोह की व्यवस्था का किया निरीक्षण



हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य सचिव सोमेश कुमार ने रविवार को एलबी स्टेडियम का दौरा किया और सोमवार को होने वाले स्वतंत्र भारत वज्रोत्सवलु के समापन समारोह के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। समापन दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव सभा को संबोधित करेंगे।

सोमेश कुमार ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा और पार्किंग के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर पिछले पखवाड़े में की गई सभी गतिविधियों की ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति भी प्रस्तुत की जाएगी।

यह कार्यक्रम प्रसिद्ध गायक और संगीतकार शंकर महादेवन और अन्य कलाकारों के प्रदर्शन के साथ भव्य शो का आयोजन होगा। एलबी स्टेडियम के दौरे के दौरान मुख्य सचिव के साथ डीजीपी महेंद्र रेड्डी, अतिरिक्त डीजी जितेंद्र, जीएडी सचिव शेषाद्रि, सचिव पीआर एंड आरडी संदीप कुमार सुल्तानिया, जीएचएमसी आयुक्त लोकेश कुमार और अन्य लोग थे।

## गोदावरीखनी में मूक प्राणी कुत्तों पर अत्याचार : मेनका गांधी ने लिया एक्शन

हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गोदावरी खनी कुत्ते के मालिक द्वारा मूक प्राणी कुत्तों पर अत्याचार करने पर बीजेपी सांसद व प्राणी प्रेमी मेनका गांधी को जानकारी मिलने पर एक्शन लिया गया। इस संदर्भ में, संबंधित अधिकारियों ने बताया कि, गोदावरी खनी के दुर्गानगर आरके नगर गार्डन में निवास कर रहे साई दीपक नामक मकान मालिक द्वारा कुत्तों को पाला पोसा जा रहा है। पर कुछ दिनों से मालिक ने अपने पालतू कुत्तों पर अत्याचार करना शुरू कर दिया है। इसके तहत यह भी खबर मिली है कि, इस मालिक द्वारा अपने कुत्तों को आहार न देना व सताया जा रहा है। जोकि एक अनुचित कार्य है। यही नहीं, आहार व्यवस्था अच्छी न होने से मौका पाकर एक कुत्ता मकान से बाहर आकर मेन रोड पर आने से उसी समय पर सामने से आ रहे वाहन से कुत्ता टकरा गया तथा कुत्ते के पांव को चोट लगी। इसके चलते स्थानीय लोगों ने बताया कि, उक्त कुत्तों के मालिक द्वारा अपने कुत्तों की अच्छी देखभाल नहीं की जा रही है तथा उसे आहार ने देकर उसपर शारीरिक अत्याचार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने कुत्ते पर किये जा रहे अत्याचार की फोटो खींचकर तथा वीडियो निकालकर एंकर व प्राणी प्रेमी रश्मी गौतम को भिजवा दी। एंकर रश्मी गौतम ने इन फोटो व वीडियो को बीजेपी सांसद व प्राणी प्रेमी मेनका गांधी को भिजवा दिया। मेनका गांधी ने इस वीडियो व फोटो को देखकर करीमनगर सीपी सत्यनारायण को इसकी खबर भेज दी। तब सीपी सत्यनारायण ने गोदावरीखनी वन टाउन पुलिस सीआई रमेश बाबू को निर्देश दिया कि, तुरंत तत्संबंधित कुत्तों पर अत्याचार किये जा रहे आरोपी के खिलाफ एक्शन लें।

इसके चलते सीआई रमेश बाबू ने अपने ब्लूकोट्स स्टाफ श्रीकांत व प्रवीण को गोदावरी खनी के दुर्गानगर आरके नगर गार्डन में निवास कर रहे साई दीपक के मकान पर भिजवा दिया।

## गौतम जैन लगातार 40वीं बार बने ग्रेन मर्चंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष



हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दि सिकंदराबाद होलसेल ग्रेन मर्चंट्स एसोसिएशन के लगातार 40वीं बार अध्यक्ष के रूप में ए. गौतम जैन से चयनित किये गये। एसोसिएशन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दि सिकंदराबाद होलसेल ग्रेन मर्चंट्स एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव सिकंदराबाद स्थित बेलसन ताज होटल में संपन्न हुवे। उपरोक्त चुनाव पुरुषोत्तम दास अगरवाल तथा एम. नरसिम्हाराव के नेतृत्व में संपन्न हुए। इसमें ए. गौतम जैन सर्वसम्मति से लगातार 40वीं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। जोकि व्यापारी संघों के संगठनों में देश में एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड स्थापित किया है एवं एसोसिएशन का नाम रोशन किया है। इसके चलते ए. गौतम जैन ने तत्संबंधित एसोसिएशन के अध्यक्ष पर निर्वाचित होने पर बहुत खुशी जाहिर की है तथा प्रतिज्ञा की कि, वे सदा व्यापारी समाज की सेवा करते रहेंगे।

बैठक में जिन संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया, उनमें उपाध्यक्ष गोपाल बंग, महासचिव हरिकिशन बंग, संयुक्त सचिव आनंद कुमार बंग, कोषाध्यक्ष मधुबाबू एवं मुख्य सलाहकारों में एम. नरसिम्हाराव, जे. कृष्णमूर्ति, पुरुषोत्तम दास अगरवाल सहित कार्यकारिणी सदस्यों में नारायणलाल चौधरी, रविचंद्र, राकेश पुनेरिया, महावीर गांधी, प्रेमा रावत, राजाराम चौधरी, बाबूलाल, रामप्रकाश, राजकुमार अगरवाल, एम. रामकृष्णा, भवरलाल तथा जी. मल्लेश आदि शामिल हैं।

## नवीन और ममता दूसरी तेलंगाना स्टेट टेनपिन बॉलिंग चैंपियनशिप के विजेता के रूप में उभरे

हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन (टीबीए) तेलंगाना ने भारती सीमेंट, बीपीआर एंड कंपनी और स्टारगेज के सहयोग से 16 अगस्त से यहां फनसिटी, माधापुर, इनऑर्बिट मॉल में दूसरी तेलंगाना स्टेट टेनपिन बॉलिंग चैंपियनशिप 2022 का आयोजन किया। 20 करने के लिए नवीन सिद्दाम ने फाइनल (पुरुष वर्ग) में विवेक सिंह को हराया। नवीन ने 428 रन बनाकर विवेक को 72 पिन से हराकर खिताब जीता। फाइनल में विवेक ने तेजी से खेला और पहला गेम 183 स्कोर करके जीता। गेम 2 में, नवीन ने विवेक द्वारा बनाए गए 173 के मुकाबले 256 रन बनाए। महिला वर्ग में, ममता गोटे ने फाइनल में फिरदौस तरन्नुम को हराकर खिताब पर कब्जा किया।

ममता ने फिरदौस द्वारा बनाए गए 137 के मुकाबले गेम 1 में 149 रन बनाए। गेम 2 में, ममता ने आराम से 17 पिनों से जीत हासिल की और कुल मिलाकर 308 का स्कोर बनाकर खिताब जीता। टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन (तेलंगाना) के अध्यक्ष राहुल रेड्डी कहते हैं कि मुझे इस साल के तेलंगाना स्टेट रैंकिन टेनपिन बॉलिंग टूर्नामेंट का आयोजन करते हुए बहुत खुशी हो रही है, जिसने हैदराबाद में सभी गेंदबाजी खिलाड़ियों के लिए एक शानदार मंच दिया है।

## बंजारा हिल्स व जुबली हिल्स थाने के लिए अतिरिक्त पुलिस वाहन

### उच्च स्तरीय समिति ने की सिफारिश




हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस बंजारा हिल्स और जुबली हिल्स पुलिस स्टेशनों में गश्त करने वाले वाहनों की संख्या बढ़ाएगी, ताकि इन क्षेत्रों से डायल 100 कॉलों की अधिक संख्या को देखते हुए आपातकालीन प्रतिक्रिया समय को कम किया जा सके।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (सीएआर मुख्यालय), कार्तिकेय, संयुक्त सीपी (जासूस विभाग), गजराव भूपाल, और डीसीपी (आईटी सेल), सतीश की एक उच्च स्तरीय समिति ने अतिरिक्त डीसीपी (मोटर परिवहन), बुरहान अली की सहायता से मौजूदा गश्त प्रणाली अध्ययन किया और सिफारिशें दीं।

हैदराबाद के पुलिस आयुक्त, सीवी आनंद ने कहा कि समिति का गठन पुलिसिंग को बढ़ाने, शहर में बड़े क्षेत्राधिकार वाले क्षेत्रों में अपराध को रोकने के लिए उपलब्ध संसाधनों के उपयोग को बढ़ाने के लिए वर्तमान गश्त प्रणाली का अध्ययन करने के लिए किया गया है। समिति ने सिफारिशों को सूचीबद्ध करने से पहले पिछले एक साल के आंकड़ों की सहायता से गश्ती कार प्रणाली, डायल 100 कॉल वॉल्यूम और हैदराबाद शहर के सभी पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र का व्यापक अध्ययन किया है।

आयुक्त ने कहा कि आपातकालीन समय में गश्ती कार वितरण तंत्र के माध्यम से जनता की शिकायतों के निवारण के लिए त्वरित पुलिस सेवाओं की प्रतिक्रिया और पुलिस की समग्र दृश्यता को बढ़ाने के उद्देश्य से, समिति ने कुछ सिफारिशें की हैं। आनंद ने अधिकारियों को दो पुलिस स्टेशनों बंजारा हिल्स और जुबली हिल्स के मौजूदा गश्ती बेड़े में अतिरिक्त गश्ती कारों और जनशक्ति को आवंटित करके गश्त प्रणाली को मजबूत करने का निर्देश दिया क्योंकि इनमें बड़ा क्षेत्राधिकार, उच्च डायल 100 कॉल वॉल्यूम और इस प्रकार उच्च कार्य भार है। उन्होंने कहा कि इस कदम से फील्ड पुलिस अधिकारियों के डायल 100 कॉल्स को जल्द से जल्द अटेंड करने के रिस्पांस टाइम में काफी सुधार होगा, साथ ही दृश्यता में वृद्धि और आम जनता के बीच विश्वास में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि बड़े क्षेत्राधिकार वाले पुलिस थानों को भी उनके गश्ती वाहनों के लिए ईंधन का अतिरिक्त कोटा आवंटित किया गया है।

## ओआरआर पर स्थापित 16 ट्रॉमा केयर सेंटर का लाभ लें : केटीआर



हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। नगर प्रशासन और शहरी विकास मंत्री केटी रामाराव ने रविवार को लोगों से आउटर रिंग रोड (ओआरआर) के साथ राज्य सरकार द्वारा स्थापित जीवन रक्षक ट्रॉमा केयर सुविधा के बारे में प्रचार करने की अपील की। ओआरआर पर उन्नत चिकित्सा आपातकालीन देखभाल का विस्तार करने के लिए, हैदराबाद ग्रोथ कॉरिडोर लिमिटेड (एचजीसीएल), हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एचएमडीए) के एक विंग ने ओआरआर इंटरचेंज पर 16 ट्रॉमा केयर सेंटर और 10 उन्नत लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस स्थापित किए हैं। मंत्री ने एचजीसीएल के एक ट्वीट का जवाब देते हुए ट्वीट किया कि ये ट्रॉमा केयर सेंटर जान बचाने के लिए स्थापित किए गए हैं। एचएमडीए विंग ने ओआरआर पर किसी भी दुर्घटना या किसी अप्रिय घटना के मामले में संपर्क करने के लिए आपातकालीन फोन नंबर ट्वीट किए।

ओआरआर पर ट्रॉमा केयर सुविधाएं सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए, ओआरआर के इंटरचेंज पर 16 ट्रॉमा केयर सेंटर और 10 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस प्रदान की जाती हैं। किसी भी आपात स्थिति के लिए उपयोगकर्ता टोल फ्री नंबर-1066/1059102 पर कॉल कर सकते हैं।

एसओएस बटन दबाएं। जब कोई व्यक्ति इन आपातकालीन नंबरों पर संपर्क करता है, तो पास के स्थान पर तैनात एम्बुलेंस तुरंत प्रतिक्रिया देगी और दुर्घटनास्थल पर पहुंच जाएगी। शमशाबाद, कोकापेट, डुंडीगल, शमीरपेट, घाटकेसर, तुक्कुगुडा, पाटनचेरु, पेद्दाम्बरपेट और बोंगुलुर कुछ ऐसे स्थान हैं जहाँ एम्बुलेंस तैनात हैं।

## वेस्ले कॉलेज में टूर्नामेंट आयोजित

हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वेस्ले बॉयज जूनियर कॉलेज ने यहां 75वें स्वतंत्र भारत वज्रोत्सवम खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में खेल रत्न कममेला साईंबाबा, भारतीय बास्केटबॉल के कप्तान विशाल कुमार, ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि कुमार, उपाध्यक्ष विनोद कुमार और मेदक डायोसीज के रेव केए चार्ल्स वेस्ली शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ एन मूसा पॉल ने की। इस अवसर पर आयोजित खेल गतिविधियों में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, शतरंज, कैरम और कबड्डी सहित अन्य शामिल थे।

## मनी लेंडिंग प्रतिनिधियों के उत्पीड़न से परेशान व्यक्ति ने दे दी जान

मंचेरियल, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दांडेपल्ली मंडल के ममीदीपल्ली गांव में गुरुवार को विभिन्न डिजिटल मनी लेंडिंग एप्लिकेशन के प्रतिनिधियों द्वारा कथित उत्पीड़न को सहन करने में असमर्थ एक 35 वर्षीय व्यक्ति, जिसने कुछ कीटनाशक खाकर जीवन समाप्त करने का प्रयास किया, की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। दांडेपल्ली सब-इंस्पेक्टर सांबा मूर्ति ने कहा कि मृतक व्यक्ति बोम्मीदी राजेंद्रप्रसाद था, जो ममीदीपल्ली का एक निजी कर्मचारी था। राजेंद्रप्रसाद कई तत्काल ऋण आवेदनों से संबंधित प्रतिनिधियों की मानसिक प्रताड़ना से उदास था, जब उसने आत्महत्या की तब कोई भी मौजूद नहीं था। उसकी पत्नी वरलक्ष्मी घर लौटी तो उसने देखा कि उसका पति बेहोश पड़ा हुआ है। उसने उसे करीमनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

दोस्तों और परिवार के सदस्यों के मुताबिक, राजेंद्रप्रसाद ने छह महीने पहले छह ऑनलाइन मनी लेंडिंग आवेदनों से 50,000 रुपये का कर्ज लिया था।

## नए जिला कलेक्टर कार्यालय का उद्घाटन करेंगे सीएम

हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव गुरुवार (25 अगस्त) को दोपहर 2 बजे नवनिर्मित रंगारेड्डी जिला कलेक्टर कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। सीएमओ ने यहां एक बयान में कहा कि नवनिर्मित एकीकृत जिला कलेक्टर कार्यालय के उद्घाटन के तहत मुख्यमंत्री 29 अगस्त को पेद्दापल्ली जिला कलेक्टर कार्यालय, 5 सितंबर को निजामाबाद जिला कलेक्टर कार्यालय और 10 सितंबर को जगत्याला जिला कलेक्टर कार्यालय का उद्घाटन करेंगे।

**जन्मदिन की शुभकामनाएं**



अंकुश कुमार
माता : विभा कुमारी
पिता : अजय कुमार

## केटीआर ने अमित शाह से बिलकिस बानो मामले में दोषियों की रिहाई पर बोलने को कहा

हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के तेलंगाना दौरे से पहले, टीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने रविवार को उन्हें यह बताने की मांग की कि उनकी सरकार ने बिलकिस बानो के बलात्कारियों को रिहा करने का फैसला क्यों किया। गौरतलब है कि गुजरात सरकार ने 15 अगस्त को बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार मामले के 11 दोषियों को अपनी छूट नीति के तहत रिहा कर दिया।

ट्वीट्स की एक श्रृंखला में, रामा राव ने कहा कि तेलंगाना के लोग अमित शाह से यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि गुजरात सरकार ने बिलकिस बानो मामले में "संस्कारी बलात्कारियों" को रिहा करने का फैसला क्यों किया। इस अवसर पर, आईटी मंत्री ने यह कहते हुए एक बिंदु रखा कि राष्ट्र तब बढ़ता है जब सभी नागरिक सामूहिक रूप से नवाचार, बुनियादी ढांचे और समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उन्होंने चीन और भारत के विकास का हवाला देते हुए कहा, "राष्ट्र तब विफल हो जाते हैं जब उनका नेतृत्व विभाजन, उपहास और डेमोगॉगरी पर केंद्रित होता है, जिनकी जीडीपी 1987 में 470 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2022 में क्रमशः 16 ट्रिलियन डॉलर और 3.1 ट्रिलियन डॉलर हो गई है।"

सीरवी समाज ट्रस्ट
शेरीलिंगमपल्ली हैदराबाद तेलंगाना
सत्संग व प्रवचन
आज दि. 22 अगस्त 2022 सोमवार रात्रि 8.15 बजे से
भोजन-प्रसादी सायं 7.15 बजे से 9.30 बजे तक
: शुभस्थल :
पी.जे.आर. इन्केलेव, श्री आईमाता मंदिर,
शेरीलिंगमपल्ली, हैदराबाद



संत श्री शिरोमणि सोनुजी महाराज (सिरीयारी)
निवेदन: समाज बन्धुओ व भक्तों से निवेदन है कि कार्यक्रम मे सपरिवार बच्चों के साथ राजस्थानी वेष-भूषा मे पधारकर लाभ लेवे।
----------: निवेदक :----------
सीरवी समाज ट्रस्ट शेरीलिंगमपल्ली हैदराबाद तेलंगाना के पदाधिकारी व सदस्यगण
अध्यक्ष: मनोज चौधरी 7893696155
सचिव: हनुमान चोयल 9502226016
कोषाध्यक्ष: विनोद गेहलोत 9000980980
---------- : महिला मंडल : ----------
: अध्यक्षा : इन्द्रा गेहलोत; : सचिव : शांति पंवार; : कोषाध्यक्षा : कविता परमार
P.Solankey

## 8 साल से घर में बना रहा था नकली प्रोटीन

### 42 लाख कैश और 1 करोड़ के नकली स्टेरॉयड-प्रोटीन के साथ आरोपी गिरफ्तार

मेरठ, 21 अगस्त (एजेंसियां)। मेरठ पुलिस ने कंकरखेड़ा में मोहम्मद शाहरुख के मकान में छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक करोड़ रुपए की फूड सप्लीमेंट, प्रोटीन, दवाइयां, कैप्सूल और नकली स्टेरॉयड बरामद किया है। साथ पुलिस को मकान के तहखाने से 42 लाख 39 हजार के नोटों की गड्डियां भी मिली है।

एसपी क्राइम अनीत कुमार ने बताया कि 2 अगस्त को पुलिस और सर्विलांस टीम ने खैरनगर बाजार में नकली प्रोटीन और सप्लीमेंट पकड़ा था। उसी बाजार में शाहरुख की भी दुकान है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शाहरुख नकली बॉडी बिल्डिंग की दवाइयों को सप्लाई करता है। इसके बाद पुलिस ने शनिवार को शाहरुख के मकान पर छापेमारी की है। पुलिस पूछताछ में आरोपी शाहरुख ने बताया कि 2014 से नकली प्रोटीन और स्टेरॉयड बनाने का काम करता था। एसपी क्राइम ने बताया कि आरोपी शाहरुख दिल्ली से कच्चा माल लाता था। उसके बाद अपने घर में नकली प्रोटीन, फूड सप्लीमेंट और नकली स्टेरॉयड तैयार करता था। इसके बाद मेरठ के अलग अलग क्षेत्रों में जो जिम हैं उनमें भी यह नकली स्टेरॉयड सप्लाई करता था। इन पर विदेशी और ब्रांडेड कंपनियों के स्टीकर लगाकर बेचा जाता था।

## पटना समेत 20 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

### तेज हवा के साथ आकाशीय बिजली भी गिरने की संभावना



पटना, 21 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के 20 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पटना में बारिश का दौर जारी है। इसके साथ ही अगले 24 घंटे में तेज हवा और आकाशीय बिजली की भी संभावना जताई गई है। इधर, भोजपुर और पटना में गंगा नदी उफान पर है। गंगा खतरे के निशान के पास पहुंच गई है।

पिछले 2 दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा। शुक्रवार और शनिवार को हुए बारिश के बाद लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों तक बिहार के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई। मौसम विभाग लोगों को सावधान और सतर्क रहने की सलाह दी है। बिहार में मानसून के रुठ जाने से झमाझम बारिश नहीं हो रही थी। लेकिन पिछले 2 दिनों से लोगों को एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा। शुक्रवार और शनिवार को हुए बारिश से लोगों को गर्मी से बहुत राहत मिली।

## ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी मोबाइल का नहीं कर सकेंगे इस्तेमाल

लखनऊ, 21 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अब पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। सिटी के पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर के मुताबिक पुलिसकर्मी अपना काम छोड़कर मोबाइल चलाने लगे रहते हैं। पिछले कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि पुलिसकर्मी अपना काम छोड़कर तस्वीर क्लिक करने में लगे रहते हैं। पुलिस कमीश्नर के मुताबिक विधान भवन, सचिवालय, सीएम आवास, हाईकोर्ट, लोकभवन, अन्य महत्वपूर्ण कोर्ट और वीवीआईपी समेत कई महत्वपूर्ण स्थानों पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को आदेश दिया गया कि वे अपनी ड्यूटी के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल न करें। पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर को शिकायत मिली थी कि कई पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी के दौरान गेम या अन्य गतिविधियों में व्यस्त करते हैं। कमिश्नर के मुताबिक अब आगे से अगर पुलिसकर्मी गेम खेलते या मोबाइल पर किसी अन्य गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

# ओपी राजभर के निशाने पर अब बिहार



## अक्टूबर में करेंगे सावधान रैली, सीएम योगी की तारीफ कर अखिलेश से पूछा सवाल

पटना, 21 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी में पूर्वांचल की राजनीति में अपनी धमक दिखाने वाले ओपी राजभर के निशाने पर अब बिहार है। बता दें कि इस साल आगामी 27 अक्टूबर को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी प्रमुख ओम प्रकाश राजभर बिहार में सावधान महारैली करेंगे। बिहार में अपने कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे राजभर ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, "आजादी के 75 साल में जिन लोगों को रोजगार, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, सम्मान नहीं मिला, उन्हें नेताओं से सावधान रहना होगा।" वहीं राजभर से सवाल हुआ कि आप बिहार में किसके साथ गठबंधन करेंगे?

इसपर ओपी राजभर ने कहा कि हम अभी अपने संगठन को मजबूत करने आए हैं। उन्होंने कहा कि हम बिहार की चालीस लोकसभा सीटों के लिए तैयारी कर रहे हैं। बिहार में हम नए नहीं है। 20 साल से हम यहां काम कर रहे हैं। अब हमारा गठबंधन किसके साथ होगा, इसपर चुनाव नजदीक आने पर फैसला होगा। राजभर से सवाल हुआ कि आखिर यूपी में आपने सपा के साथ क्यों छोड़ दिया? इसपर उन्होंने कहा कि चलिए मान लेते हैं कि राजभर गलत हो सकता है लेकिन अब अखिलेश यादव जी से पूछा जाए कि उन्होंने मायावती को क्यों छोड़ दिया, कांग्रेस, केशव देव मौर्य, संजय चौहान, कृष्णा पटेल को क्यों छोड़ दिया। सब गलत हैं बस अखिलेश यादव ही सही हैं?

**योगी सरकार की तारीफ की**

राजभर से पूछा गया कि योगी सरकार को आप कैसे देखते हैं? इस पर उन्होंने योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा, यूपी में एक बात तो है कि पहले जो गुंडागर्दी होती थी, रंगदारी टैक्स मांगते थे, उसमें 90 फीसदी गिरावट आई है। जो बड़े पैमाने पर दंगे होते थे, गरीब लोगों की जमीनें लूटी जाती थी , बड़े पैमाने पर गिरावट आई है।

**राजनीति में कोई किसी का दोस्त है न दुश्मन**

बिहार में किसी दल के साथ गठबंधन करने पर उन्होंने कहा, "राजनीति में कोई किसी का न तो दोस्त होता है और न ही दुश्मन होता है। नीतीश कुमार को ही ले लीजिए, उन्होंने भाजपा के लिए क्या-क्या नहीं बोला था, लेकिन गठबंधन हो गया था।

फिर उन्होंने कहा कि लालू यादव के साथ नहीं जाएंगे, लेकिन देखिए दोनों फिर एक हो गए।" राजभर ने नीतीश कुमार को अच्छा नेता बताया और कहा कि सभी नेता अच्छे हैं।

# क्या नीतीश कुमार होंगे विपक्ष के पीएम उम्मीदवार?

## तेजस्वी यादव ने दिया जवाब

पटना, 21 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उभरने की चर्चा को लेकर राजद नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जवाब दिया है। तेजस्वी ने समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि यदि विपक्ष द्वारा विचार किया जाता है, तो नीतीश कुमार एक मजबूत उम्मीदवार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में नीतीश कुमार की छवि बहुत अच्छी है इसलिए उनके प्रबल दावेदार होने की पूर्ण संभावना है।

**तेजस्वी ने विपक्ष के जंगलराज वाले आरोप का दिया जवाब**

साक्षात्कार के दौरान जब तेजस्वी यादव से पूछा गया कि विपक्षी पार्टी भाजपा जंगलराज फिर से वापस आने का आरोप लगा रही है। इसपर तेजस्वी ने जवाब देते हुए कहा कि यह एक थका हुआ प्रवचन है जिसे कि आप रोते हुए भेड़िये की आवाज कह सकते हैं।



**महागठबंधन सरकार का सत्ता में आना विपक्षी एकता के लिए शुभ संकेत**

तेजस्वी यादव ने कहा कि जद (यू), राजद, कांग्रेस और अन्य दलों के एकजुट होने के साथ महागठबंधन सरकार का सत्ता में आना विपक्षी एकता के लिए शुभ संकेत है। यह संकेत देता है कि अधिकांश विपक्षी दल देश के सामने भाजपा के आधिपत्य की बड़ी चुनौती को पहचानते हैं, जहां पैसे, मीडिया और (प्रशासनिक) मशीनरी शक्ति के बल पर, वे भारतीय समाज से सभी विविधता को खत्म करने के लिए आतुर हैं। साथ ही राजनीतिक स्पेक्ट्रम से उन्होंने आरोप लगाया। यादव ने कहा कि यह राज्यों के स्तर पर क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और सामाजिक न्याय और विकास के मुद्दों का भी सवाल है।

**भाजपा लगातार क्षेत्रीय असमानताओं को नजरअंदाज कर रही**

तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा की कोशिश लगातार क्षेत्रीय असमानताओं को नजरअंदाज करने की रही है। बिहार को विशेष ध्यान देने की जरूरत है, इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। लेकिन क्या हमें केंद्र से ज्यादा कुछ मिला है? यादव ने जोर देकर कहा कि क्षेत्रीय दलों और अन्य प्रगतिशील राजनीतिक समूहों को अपने संकीर्ण लाभ और हानि से परे देखना होगा और गणतंत्र को बचाना होगा। तेजस्वी ने कहा कि अगर हम विनाश को अभी नहीं रोकते हैं तो इसका पुनर्निर्माण करना बहुत मुश्किल होगा।

# बीजेपी नेता को कार में रंगरेलियां मनाते पकड़ा

## पत्नी-सास ने नेता और उसकी गर्लफ्रेंड को बीच सड़क चप्पलों से पीटा, बाल नोचकर घसीटा



भाजपा नेता को बीच सड़क चप्पलों से पीटती हुई पत्नी

कानपुर, 21 अगस्त (एजेंसियां)। कानपुर में एक बीजेपी नेता पार्टी की ही एक महिला के साथ कार में रंगरेलियां मनाते हुए पकड़ा गया। दोनों को उनके परिवार वालों ने पकड़ा। इसके बाद नेता को उसकी पत्नी और सास ने बीच सड़क चप्पलों से पीटा। वहीं, महिला की पिटाई उसके कारोबारी पति ने की। पिटाई से दोनों लहूलुहान हो गए। काफी देर तक सड़क पर ही हंगामा होता रहा। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

सड़क पर हो रहे हंगामे की सूचना पुलिस तक पहुंची। जूही थाने की पुलिस दोनों पक्षों को अपने साथ ले गई। पुलिस ने इस प्रकरण में भाजपा नेता की पत्नी की तहरीर पर 4 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। भाजपा नेता की करतूत से आनंदपुर सोसाइटी के लोग भी परेशान थे। कई लोगों ने पुलिस और परिवार वालों के सामने भाजपा नेता की करतूतों की गवाही दी है।

बाबूपुरवा का मोहित सोनकर भाजपा का कानपुर-बुंदेलखंड का क्षेत्रीय मंत्री है। मोहित के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के बारे में परिवार को पता था, लेकिन सभी रंगे हाथ पकड़ना चाहते थे। शनिवार रात मोहित आनंदपुरी सोसाइटी के कैंपस में कार में भाजपा की एक महिला नेत्री के साथ था। इसकी भनक परिवार को लग गई। पत्नी मोनी सोनकर और सास समेत ससुराल के लोगों ने कार में रंगरेलियां मनाते हुए पकड़ लिया। मोहित को उसकी पत्नी और ससुरालवालों ने बीच सड़क पीटना शुरू कर दिया। बचने के लिए मोहित भागा तो उसे दौड़ाकर पकड़ा गया।

उसकी कार को भी ईंट मारकर तोड़ दिया गया। महिला के कारोबारी पति को भी मौके पर बुलाया गया था। वह मोहित के साथ पत्नी को देखकर आपा खो बैठा और उसने दोनों को जमकर पीटा। सड़क पर हंगामा होते देख आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए।

लोगों की सूचना पर जूही थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को थाने ले गई। भाजपा नेता के खिलाफ उसकी पत्नी और महिला के कारोबारी पति ने जूही थाने में तहरीर दी है। एसीपी बाबूपुरवा आलोक सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। आरोपी मोहित समेत 4 लोगों पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## बिहार में उनके पास न तो विजन है और न ही नेता

### एनडीए में वापस लौटने को तैयार नहीं चिराग पासवान

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने साफ कर दिया है कि अब वह फिर से एनडीए में लौटने को तैयार नहीं हैं। चिराग पासवान ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि राज्य में जेडीयू-आरजेडी गठबंधन की सरकार ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगी और 2025 से पहले मध्यावधि चुनाव होंगे। चिराग पासवान ने यह भी संभावना जताई कि आने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी एलजेपी अकेले नहीं लड़ेगी। चिराग पासवान ने कहा, "पिछले कई वर्षों से भाजपा ने बिहार में जद (यू) के सहायक सहयोगी के रूप में काम किया है। अपनी चुनावी ताकत के बावजूद वे नीतीश कुमार के सामने झुक जाते हैं और उन्हें एक थाली में मुख्यमंत्री की कुर्सी भेंट करते हैं। क्यों? क्योंकि राज्य में भाजपा के पास न नेतृत्व है और न दूरदृष्टि!" चिराग ने हंसते हुए कहा कि मौसम वैज्ञानिक का बेटा हूं। उन्होंने कहा, "मेरी पार्टी गठबंधन में sचुनाव लड़ेगी, लेकिन जब हम आएंगे तो हम पुल पार करेंगे।

# 'मैं अपनी संपत्ति लालू को गिफ्ट कर दूंगा'

## जमीन घोटाले के आरोप पर भड़के सुशील मोदी



पटना, 21 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में महागठबंधन सरकार बनने के बाद से आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। भाजपा, आरजेडी और जेडीयू नेताओं के बीच जुबानी जंग भी शुरू हो गई है। इस गरमाई सियासत में सबसे अधिक कोई सक्रिय नेता है वह हैं भाजपा के राज्यसभा सांसद और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी। सुशील कुमार मोदी अब पहले की तरह एक्टिव हो गए हैं और लालू परिवार पर जमकर हमला बोल रहे हैं। ताजा मामला है जमीन घोटाले को लेकर जिसमें आरजेडी नेता और भूतत्व मंत्री रामानंद यादव ने सुशील मोदी पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगा उनकी संपत्ति जांच करने की बात कही थी। वहीं अब इस आरोप पर सुशील मोदी ने पलटवार किया है।

**आरोप साबित कर दें आरजेडी नेता तो मैं अपनी संपत्ति लालू को गिफ्ट कर दूंगाः सुशील मोदी**

सुशील मोदी ने कहा कि राजद के बाहुबली मंत्री प्रमाणित कर दें की पटना का खेतान मार्केट या लोदीपुर मॉल का मेरे परिवार से सम्बन्ध है तो मैं लालू परिवार को दान कर दूंगा। ऐसे लोग माफी मांगे नहीं तो मानहानि का मुकदमा करूंगा। सुशील मोदी ने कहा कि खेतान मार्केट 1995 में तैयार हुआ और तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने ही चर्च की कीमती जमीन पर कब्जा कर मार्केट बनाने वालों का साथ दिया था। उन्होंने कहा कि वे पहली बार 2005 में मंत्री बने, जबकि खेतान मार्केट 10 साल पहले बन चुका था। उन्होंने कहा कि भाजपा के तथ्यपरक आरोपों से राजद के लोग घबराए हुए हैं। हमारे आरोप अदालत और जांच एजेंसियों की कसौटी पर सही पाए गए, इसलिए लालू प्रसाद चारा घोटाले के सभी पांच मामलों में दोषी पाए गए और सजायाफ्ता हैं। हमारे आरोप तथ्यों पर आधारित थे, इसलिए महागठबंधन की पहली सरकार 17 महीने में गिर गई और तेजस्वी प्रसाद यादव आज तक उन आरोपों का बिंदुवार जवाब नहीं दे पाए।

## 3 साल की बच्ची से रेप, हालत गंभीर

### खेलने के लिए बुलाकर ले गया, खून से लथपथ घर पहुंची

मोतिहारी, 21 अगस्त (एजेंसियां)। मोतिहारी में 3 साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। बच्ची की मां ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला एक युवक उसे ले गया था। वो अक्सर खेलने के लिए उसे अपने साथ ले जाता था। बच्ची 1 घंटे बाद रोते हुए घर पहुंची। उसके प्राइवेट पार्ट से खून निकल रहा था। इसके बाद उसने अपनी मां को आपबीती बताई। इसके बाद मां उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंची। बच्ची की हालत अभी गंभीर बनी हुई है।

मामला शनिवार रात को संग्रामपुर थाना क्षेत्र का है। पीड़ित के परिजन ने बताया कि युवक घर से खिलाने के बहाने बच्ची को अपने साथ ले गया और गलत काम किया। खून से लथपथ बच्ची रोती हुई घर पहुंची और दर्द से छटपटा रही थी। बच्ची ने पूरी घटना अपनी मां को बताई। परिजन बच्ची को लेकर संग्रामपुर पीएचसी पहुंचे।

# सब सेठों के बीच हैं महासेठ

## नीतीश के उद्योगमंत्री बोले- दो करोड़ नौकरी केंद्र देता तो न होता पलायन

पटना, 21 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में बेरोजगारी बड़ा मुद्दा है। ऐसे में लोग नौकरी की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। वहीं बिहार सरकार के नए उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने कहा है कि अगर केंद्र सरकार ने दो करोड़ नौकरी दी होती तो पलायन की स्थिति न बनती। एक बैठक में मीडिया से बात करते हुए महासेठ ने कहा कि भारत सरकार अपने कर्तव्यों का पालन करे, हम अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे।

मीटिंग में समीर कुमार महासेठ ने कहा, "यहां हम अमीरों के बीच बैठे हुए हैं, संयोग से हमारे नाम में महासेठ जुड़ा हुआ है। ये गलती से पूर्वजों की देन है। सब सेठों के बीच हैं, महासेठ, हम चाहेंगे कि चीजों का सही तरह से पालन हो, उसका ठीक क्रियान्वयन हो।" उन्होंने कहा कि हर गरीब के घर भगवान बसते हैं, उनको आधार मानकर काम हो कि उन्हें कैसे नौकरी मिले, इस पर काम करना है। महासेठ ने कहा कि बिहार से हो रहे पलायन को रोकने को सभी



लोगों को मिलकर काम करना होगा। केंद्र अपने और राज्य अपने कर्तव्यों का पालन करे। अगर केंद्र ने 2 करोड़ नौकरी दी होती तो भी दिक्कत नहीं होती।

**कौन हैं 'महासेठ'**

समीर कुमार महासेठ बिहार की नीतीश सरकार में उद्योग मंत्री हैं। वे राजद कोटे से कैबिनेट का हिस्सा बने हैं। समीर महासेठ के पिता और पूर्व मंत्री राजकुमार महासेठ हैं। समीर महासेठ साल 2015 में पहली बार विधानसभा चुनाव जीते थे। उन्होंने लगातार चार बार विधायक रहे भाजपा प्रत्याशी रामदेव महतो को भारी मतों से मात दी थी। समीर महासेठ स्थानीय क्षेत्र प्राधिकार, मधुबनी से विधान परिषद सदस्य भी चुने जा चुके हैं। 69 वर्षीय महासेठ मधुबनी शहर के गांधी बाजार निवासी हैं। राजद विधायक का पटना में भी व्यवसाय है। एम.कॉम. डिग्रीधारी समीर महासेठ वैश्य समाज से आते हैं। बिहार के पिछले विधानसभा चुनाव में महासेठ ने मधुबनी विधानसभा सीट से अपने प्रतिद्वंदी भाजता नेता सुमन महासेठ को पराजित किया था। बता दें कि सुमन महासेठ एनडीए के घटक दल रहे वीआइपी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरी थीं।

बिहार की राजद-जेडीयू की गठबंधन की सरकार में वैश्य समाज से समीर कुमार एकमात्र चेहरा हैं। माना जा रहा है कि राजद ने इन्हें मौका देकर वैश्य समाज पर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश की है।

## शबाब और गुनाह का अड्डा था पटना का होटल

### 4 अपराधी समेत मैनेजर गिरफ्तार सेक्स और क्राइम के सामान बरामद

पटना, 21 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार की राजधानी पटना में एक होटल मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है जो अपने होटल में सेक्स और क्राइम का अड्डा चलाता था। मैनेजर के साथ होटल से चार अपराधी भी गिरफ्तार किए गए हैं। होटल के एक कमरे से ब्राउन शुगर, कट्टा, जिंदा कारतूस और कंडोम के पैकेट बरामद किए गए हैं। होटल दानापुर में स्थित है जिसके सभी काजगात जब्द कर लिए गए हैं। पटना एएसपी अभिनव धीमान ने बताया कि होटल में सेक्स रैकेट के अड्डे पर अपराधी पनाह देने की सूचना मिली थी। जानकारी मिलते ही दानापुर थाने की पुलिस ने गोला रोड में सैनिक कॉलोनी के एक होटल में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। होटल के कमरा नंबर 108 में हुई छापेमारी के दौरान पुलिस को कंडोम के पेकेट, 10 पुड़या ब्राउन शुगर मिले हैं।

# कुशवाहा बोले- मंत्री नहीं बनाए जाने से नाराज नहीं

## मेरे लिए पद से ज्यादा विचारधारा बड़ी



पटना, 21 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार सरकार में मंत्री न बनाए जाने को लेकर जदयू संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने शनिवार को साफ किया है कि उनके लिए पद बड़ा नहीं है, बल्कि मिशन और विचारधारा बड़ी है। कुशवाहा ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मेरे लिए पद बड़ा नहीं, मिशन बड़ा है, विचारधारा बड़ी है। जदयू नेता ने आगे लिखा कि बिहार से बाहर होने के कारण मेरे बारे में अनेक तरह की भ्रामक एवं अनाप-शनाप खबरें प्रचारित की गई हैं और की जा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी अनर्गल बातों को हवा देने वाले महानुभावों को मालूम होना चाहिए अपने पूरे राजनीतिक जीवन में कभी भी पद नहीं मिलने पर उपेंद्र कुशवाहा ने नाराजगी नहीं जताई, बल्कि कई बार अपनी नाराजगी जताने के लिए बड़े-बड़े पदों को लात जरूर मारी है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि मेरे लिए पद बड़ा नहीं, मिशन बड़ा है, विचारधारा बड़ी है और इसी विचारधारा को बर्बाद करने की हो रही साजिश को नाकाम करने के लिए एक खास मिशन से मैंने अपनी पार्टी विलय जदयू में करने का फैसला लिया। हमारे सभी साथियों का निष्कर्ष था कि राज्य ही नहीं पूरे देश स्तर पर नीतीश कुमार एक मात्र ऐसे कर्मठ, अनुभवी व साफ छवि के नेता हैं जिनके नेतृत्व में इस विचारधारा को बचाया व बढ़ाया जा सकता है। कुशवाहा ने आगे कहा, मैं यह बात एलानिया तौर पर कहना चाहता हूं कि आज की तारीख में पार्टी संगठन के लिए काम करना हमारे लिए सबसे बड़ा धर्म है। ऐसे में मेरा पक्ष जाने बिना मंत्री बनने पर नाराज होने की बात करने वाले महानुभावों मुझ पर कृपा कीजिए प्लीज।

# हिरासत में लिए राकेश टिकैत को दिल्ली पुलिस ने वापस छोड़ा



मेरठ, 21 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को रविवार को दिल्ली जाते समय दिल्ली पुलिस ने गाजीपुर बॉर्डर पर हिरासत में ले लिया था। इसकी सूचना मिलने के बाद मेरठ-मुजफ्फरनगर समेत पश्चिमी यूपी के विभिन्न जिलों में किसान अलर्ट हो गए। पश्चिमी यूपी में किसानों ने विरोध में थानों पर धरने शुरू कर दिए थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने बाद में उन्हें वापस गाजीपुर बॉर्डर पर छोड़ दिया। इसके बाद राकेश टिकैत ने किसानों से धरने खत्म करने की अपील की और कहा कि सोमवार को दिल्ली में उनका गांधी पीस फाउंडेशन में कार्यक्रम होगा। लखीमपुर धरने के बाद भाकियू के वरिष्ठ नेता राकेश टिकैत दिल्ली में एक कार्यक्रम में जा रहे थे। उन्हें गाजीपुर बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया और दिल्ली के मधु विहार थाने में ले जाया गया। कुछ कार्यकर्ता भी पुलिस ने उनके साथ हिरासत में ले लिए थे। दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की वीडियो-फोटो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुई। रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे उन्हें दिल्ली पुलिस ने आगे जाने से रोक दिया और कहा कि आगे जाने की अनुमति नहीं है। इसके बाद उन्हें थाने ले जाया गया। घंटों के बाद उन्हें पुलिस ने वापस गाजीपुर बॉर्डर लाकर छोड़ दिया। किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किसानों को दिल्ली में रोकने पर सवाल उठाया और कड़ी प्रतिक्रिया दी है। मेरठ, मुजफ्फरनगर समेत आसपास के जिलों में इसकी सूचना मिलने के बाद किसान और भाकियू कार्यकर्ताओं में गुस्सा है। थानों पर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया था। बबलू जिटौल और सुशील कुमार कहना है कि जैसे संगठन नेतृत्व का आदेश होगा, वैसा कदम उठाया जाएगा।

# श्रीबांकेबिहारी मंदिर में हुई घटना की होगी जांच

## पूर्व डीजीपी की अध्यक्षता में कमेटी गठित

लखनऊ, 21 अगस्त (एजेंसियां)। मथुरा के श्रीबांकेबिहारी मंदिर में शुक्रवार देर रात हुई दुर्घटना की जांच के लिए प्रदेश सरकार ने पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर दिया है। गठित समिति घटना किन परिस्थितियों में हुई व भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, मंदिर परिसर में व्यवस्था सुधार को लेकर जांच करेगी और अपने सुझाव देगी। मंडलायुक्त अलीगढ़ गौरव दयाल समिति के सदस्य होंगे। पूरे घटनाक्रम की जांच 15 दिन में पूरी करके रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा आदेश जारी किया गया है। मथुरा के वृंदावन के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में भीड़ का दबाव बढ़ जाने से हादसा हो गया था जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। हादसा प्रशासन और पुलिस की लापरवाही का नतीजा है। जिस वक्त ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर प्रांगण में यह हादसा हुआ उस वक्त जनपद के तीन बड़े अधिकारी डीएम, एसएसपी और नगर आयुक्त मंदिर की ऊपरी मंजिल पर मौजूद थे।

बांकेबिहारी मंदिर के सेवायतों के अनुसार अधिकारियों के परिजन छत पर बनी बालकनी से दर्शन कर रहे थे।

# आठ सीओ पर गिरी गाज

## दो निलंबित, छह पर विभागीय कार्रवाई

पटना, 21 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जमीन विवाद से जुड़े मामलों में गड़बड़ी करने से लेकर अवैध तरीके से किसी दूसरे के नाम पर जमाबंदी कायम करने, विभागीय कार्य में लापरवाही बरतने वाले आठ सीओ पर कार्रवाई की है। इसमें दो सीओ को निलंबित कर दिया गया है। जबकि, छह पर विभागीय कार्रवाई और वेतन वृद्धि रोकने का आदेश जारी किया गया है। इसमें कुछ सीओ ऐसे भी हैं, जिनके खिलाफ कुछ वर्षों से जांच रिपोर्ट की फाइल विभाग में दबी हुई थी। अब जाकर इन पर कार्रवाई हुई है। दाऊदनगर के सीओ निलंबित अवैध जमाबंदी कायम कराकर दोहरी लगान रसीद जारी कराने और वरिष्ठ पदाधिकारियों को रिपोर्ट नहीं देने के आरोप में औरंगाबाद जिले के दाउदनगर सीओ विजय कुमार को निलंबित कर दिया गया है। इन्होंने बाबूराम दुसाध के नाम से अवैध जमाबंदी कायम कर दी थी। साथ ही दोहरी लगान की रसीद भी जारी कर दी। इसकी जानकारी औरंगाबाद अपर समाहर्ता को नहीं दी।

# मंकीपॉक्स के बाद नई बीमारी ने डराया, लक्षण दिखें तो 7 दिन क्वारंटीन की हिदायत



नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। कोरोना वायरस महामारी से पूरा विश्व परेशान है। इस बीमारी से पार पाते, इससे पहले मंकीपॉक्स की दस्तक ने भी दुनियाभर में नए खतरे के रूप में परेशानी खड़ी कर दी है। यही नहीं, एक और बीमारी ने अब टेंशन बढ़ाने का काम कर दिया है। इस बीमारी का नाम है टोमैटो फ्लू। एक्सपर्ट्स का कहना है कि केरल में मई महीने से अब तक टोमैटो फ्लू के 82 मरीज मिल चुके हैं। सभी की उम्र 5 साल से कम है। हालांकि अभी दिल्ली-एनसीआर में इसके मामले सामने नहीं आए हैं। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि टोमैटो फ्लू के लक्षण दिखने पर बच्चों को सात दिनों तक क्वारंटीन कर देना चाहिए। यह फ्लू वयस्कों को भी संक्रमित कर सकता है। प्रतिष्ठित साइंटिफिक जर्नल 'द लांसेट' की रिपोर्ट की मानें तो टोमैटो फ्लू का सबसे पहला मामला केरल के कोल्लम जिले में देखा गया था, जिसके बाद यह पूरे क्षेत्र में फैल गया। हालांकि इस बीमारी को लेकर काई यह सबूत नहीं मिला है कि यह बीमारी गंभीर या जानलेवा है। लेकिन कोविड और मंकीपॉक्स के बीच इस टोमैटा फ्लू बीमारी ने नई चिंता बढ़ा दी है।

**क्या है टोमैटो फ्लू? कैसे पड़ा यह नाम?**

मेडिकल टर्मिनोलॉजी में टोमैटो फ्लू या टोमैटो फीवर एक तरह की 'हैंड, फुट एंड माउथ' बीमारी है। मतलब इसका असर हाथ, पैर और मुंह पर खासतौर से दिखाई देता है। शोध करने वालों की मानें तो टोमैटो फ्लू में त्वचा पर लाल निशान के साथ बड़े बड़े दाने दिखाई देने लगते हैं। लाल फफोले पड़ने की वजह से इस बीमारी का नाम टोमैटो फ्लू रखा गया है।

**कैसे फैलता है, किन लोगों को ज्यादा खतरा?**

अभी तक का अनुभव बताता है कि 'टोमैटो फ्लू' से जान का खतरा ज्यादा नहीं है, लेकिन यह बेहद संक्रामक है। यह बीमारी क्यों होती है, अभी पता नहीं। एक्सपर्ट्स इसे दुर्लभ संक्रमण बता रहे हैं। कुछ लोगों का यह कहना है कि यह बीमारी चिकनगुनिया, डेंगू का साइड इफेक्ट भी हो सकती है। डॉक्टर्स की मोनं तो इस बीमारी के फैलने की जोखिम ज्यादा है। इसे में बच्चों की हाइजीन को लेकर सतर्क रहना होगा।

**क्या हैं टोमैटो फ्लू के लक्षण? क्या इसमें बुखार आता है?**

टोमैटो फ्लू के लक्षण मंकी पॉक्स और चिकन पॉक्स बीमारी के समान ही होते हैं। 'द लांसेट' के अनुसार, भारत में जो मामले सामने आए, उनमें बच्चों के शरीर पर दाने बन गए। टोमैटो फ्लू का नाम पूरे शरीर में होने वाले लाल और दर्दनाक दानों के आधार पर पड़ा है, जो धीरे-धीरे बड़ा होकर टमाटर के आकार का हो जाता है। टोमैटो फ्लू होने पर त्वचा पर चकत्ते भी दिखाई देते हैं। यही नहीं, इस बीमारी में मितली, उल्टी दस्त, थकान, पानी की कमी, जोड़ों की सूजन, शरीर में दर्द व सामान्य इंफ्लूएंजा जैसे लक्षण दिखाई पड़ते हैं। डॉक्टरों ने चकत्तों के दानों की तुलना मंकीपॉक्स से और बुखार के लक्षणों की तुलना डेंगू, चिकनगुनिया और हाथ, पैर और मुंह की बीमारी से की है। अभी टोमैटो फ्लू से पीड़ति बच्चों का इलाज सामान्य उपचार, पैरासिटामोल, आराम और बहुत सारे तरल पदार्थों से किया जा रहा है।

# गुजरात कैबिनेट में बड़ा फेरबदल

## राजेंद्र त्रिवेदी और पूर्णेश मोदी से वापस लिए गए विभाग



अहमदाबाद, 21 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले कैबिनेट में बड़ा फेरबदल किया गया है और मंत्रियों के विभागों में बदलाव किया गया है। राजेंद्र त्रिवेदी से रेवेन्यू डिपार्टमेंट लेकर गृह मंत्री हर्ष संघवी को दिया गया है। वहीं पूर्णेश मोदी के पास से सड़क एवं भवन विभाग का प्रभार वापस लिया गया है और इसे जगदीश पांचाल को सौंपा गया है। दोनों मंत्रियों से लिए गए कैबिनेट मंत्रालयों को मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अपने पास रखा है।

**हर्ष सांघवी और जगदीश पांचाल हुए ज्यादा मजबूत**

गुजरात की सरकार में हर्ष सांघवी और जगदीश पांचाल पहले की अपेक्षा ज्यादा मजबूत हो गए हैं। हर्ष संघवी के पास पहले गृह मंत्रालय, खेल, युवा और सांस्कृतिक गतिविधियों (स्वतंत्र प्रभार), आपदा प्रबंधन और पुलिस आवास, उत्पाद शुल्क और निषेध (स्वतंत्र प्रभार), सीमा सुरक्षा और जेल (स्वतंत्र प्रभार) विभाग पहले से थे। अब उन्हें राजस्व विभाग भी मिल गया है। वहीं जगदीश पांचाल के पास कुटीर उद्योग, सहयोग, मिठाई उद्योग, प्रोटोकॉल और उद्योग, वन-पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, छपाई और स्टेशनरी का स्वतंत्र प्रभार था, अब उन्हें सड़क एवं भवन विभाग भी मिल गया है।

**गुजरात में कब होंगे चुनाव**

गुजरात में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव हैं। इस बीच गुजरात कैबिनेट में बदलाव होना अहम माना जा रहा है। इस बार गुजरात में आम आदमी पार्टी भी काफी मेहनत करती दिख रही है और बीते गुरुवार को ही उसने 9 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी की है। इससे पहले आप 2 अगस्त को 10 उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा कर चुकी है।

**कब हुआ कैबिनेट में बदलाव**

गुजरात कैबिनेट में ये बदलाव रात को हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि दोनों मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने की आशंका थी इसलिए सरकार ने उनसे प्रभार वापस ले लिया। हालांकि आधिकारिक तौर पर ये बात सामने आई है कि सरकार ने विभागों की संख्या बढ़ने की वजह से ये कदम उठाया है और विभाग कम किए हैं। इसके अलावा एक वजह ये भी है कि गुजरात चुनावों में आम आदमी पार्टी की सक्रियता से बीजेपी पूरी तरह सावधान है और वो कोई ऐसा काम नहीं करना चाहती, जिससे आप को गुजरात में चुनावी मुद्दा मिले।

# मुश्किल में घिरे पाक के पूर्व पीएम इमरान खान, हो सकती है गिरफ्तारी

काराची, 21 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पूर्व पीएम के खिलाफ जज और दो पुलिस अधिकारियों को धमकी देने का मामला दर्ज हुआ है। शिकायत में कहा गया है कि शनिवार शाम को F-9 पार्क में हुई पब्लिक मीटिंग के दौरान इमरान ने यह धमकी दी। जिसके बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान खान पर आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, मामला चर्चा में आने के बाद पाकिस्तान के मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी ने भी खान पर एक्शन लिया है। मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी ने उनके भाषणों के लाइव प्रसारण पर रोक लगा दी है। पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी (पीईएमआरए) ने कहा कि इमरान के रिकॉर्ड किए गए भाषण की प्रभावी निगरानी होगी। इसके बाद ही उन्हें प्रसारित करने की इजाजत दी जाएगी। गौरतलब है कि पूर्व पीएम इमरान खान पर गिरफ्तारी की तलवार पहले से ही लटक रही है। देश की शीर्ष जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं होने और अवैध फंडिंग के मामले में उसके नोटिस का जवाब नहीं देने के सिलसिले में उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने इस संबंध में शुक्रवार को इमरान खान को दूसरा नोटिस जारी किया है। ब्रिटेन के एक प्रमुख अखबार को दिए गए साक्षात्कार में इमरान ने सलमान रुश्दी पर हाल ही में हुए प्राणघातक हमले को लेकर बात की है। पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान ने कहा कि सलमान रुश्दी पर हुआ खौफनाक हमला दुखदायी है। भले ही सलमान की पुस्तक को लेकर विश्वभर के मुस्लिमों में आक्रोश रहा है। लेकिन किसी पर भी इस तरह का हमला नहीं किया जा सकता इस तरह का हमला सही नहीं है। सलमान रुश्दी पर इमरान खान ने अपना विचार रखते हुए कहा कि सलमान खुद मुस्लिम परिवार से ताल्लुक रखते हैं इसलिए वे चीजों को समझते हैं।

# छत्तीसगढ़: देश में पहली बार ट्रांसजेंडर होंगी नक्सल मोर्चे पर तैनात



रायपुर, 21 अगस्त (एजेंसियां)। देश में पहली बार ट्रांसजेंडर नक्सल मोर्चे पर तैनात होंगी और अपनी बहादुरी से नक्सलियों के दांत खट्टे करेंगी. दरअसल छत्तीसगढ़ सरकार ने बस्तर से लड़ने के लिए 'बस्तर फाइटर फ़ोर्स' का गठन किया है और 2100 युवाओं की भर्ती की गई. जिसमें 9 ट्रांसजेंडर भी शामिल हैं. समाज में सदियों से ट्रांसजेंडर के साथ भेदभाव आम बात रही. लेकिन आज़ादी के 75 साल बाद सही में ट्रांसजेंडर समाज की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं. छत्तीसगढ़ सरकार ने पहल करते हुए ट्रंसजेंडेर की भर्ती का रास्ता आसान किया है. नक्सलियों से लड़ने के लिये बानी बस्तर फाइटर फ़ोर्स का गठन किया गया है, जिसमें बस्तर संभाग से 9 ट्रांसजेंडर की आरक्षक के रूप में भर्ती हुई है. कांकेर जिले की दिव्या निषाद जिसने फिजिकल टेस्ट में 100 में 100 पाए है. उन्होंने कहा, जब उनका स्वभाव लड़कियों की तरह होने लगा तब पापा भाई डांटते थे. मारपीट भी करते, घर छोड़कर जाने कहने लगे तो तंग आकर घर छोड़ कर रायपुर के शेल्टर होम में रहने लगी. भीख मांगकर जीवन यापन शुरू किया. रायपुर में रहते हुए जानकारी मिली कि बस्तर फाइटर में भर्ती हो रही है उसमें आवेदन किया. कड़ी मेहनत से आरक्षक में चयन हुआ अब नक्सलियों से लड़ेंगे. दिव्या निषाद की तरह सीमा प्रधान और हिमांशी को भी परिवार और समाज से तिरस्कार मिला. लेकिन अब ये बस्तर फाइटर में नक्सलियों से लड़ना चाहती हैं और देश की सेवा करना चाहती हैं. कांकेर एसपी शलभ कुमार सिन्हा का कहना है ये देश मे पहली बार है कि ट्रांसजेंडर नक्सल मोर्चे पर लड़ेंगी. चयन प्रक्रिया में ट्रंसजेंडेर का जज्बा शानदार रहा है. उन्हें पूरा भरोसा है नक्सल मोर्चे के साथ पुलिस के अन्य मोर्चो में बेहतर काम करेंगी. बस्तर फाइटर के लिए अंदरुनी स्तर पर लोगों को चयन की जानकारी और प्रशिक्षण दिया था. उसमें कई ट्रंसजेंडेर ने आवेदन किया. 8 लोगों का कांकेर में चयन हुआ जो हर्ष का विषय है.

नक्सल मोर्चे पर तैनात होंगी. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा छत्तीसगढ़ पहला राज्य है जहां ट्रांसजेंडर को मौके दिए जा रहे हैं. नवोदित राज्य होने के बावजूद पुराने राज्य के लिए नजीर बन रहा है. ये दूसरी बार है जब बस्तर फाइटर में भर्ती हुई है.

# नरोत्तम बोले- कमलनाथ की लीडरशिप में 54 विधायक हुए बागी

## गृहमंत्री बोले- कमलनाथ ने हमारे विधायकों के जरिए एमपी में की सौदेबाजी की शुरुआत



भोपाल, 21 अगस्त (एजेंसियां)। मप्र में लोकल इलेक्शन के बाद अब विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। कांग्रेस और बीजेपी नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी है। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पीसीसी चीफ कमलनाथ की लीडरशिप पर सवाल उठाए हैं। कमलनाथ ने कहा जिसकी फिल्म पिट जाती है उसका ट्रेलर कौन देखेगा। डॉ.नरोत्तम मिश्रा ने कहा मप्र में कमलनाथ ने सौदेबाजी की शुरुआत की थी। हमारे दो विधायकों नारायण त्रिपाठी और शरद कोल को लेकर कमलनाथ ही आए थे। जिसने सौदेबाजी की शुरुआत की वो अब अपने दामन को साफ सुथरा बता रहे हैं। अभी एक महीने पहले कांग्रेस के 14 विधायक क्रॉस वोटिंग की। अब तक कमलनाथ के नेतृत्वकाल में 54 विधायक बागी हुए है। कांग्रेस के दोनों व्यक्तियों पर उम्र भारी हो रही है। कांग्रेस हर वर्ग को धोखा देने वाली पार्टी है। नरोत्तम मिश्रा ने कहा 3 साल में जो पार्टी अपना अध्यक्ष नहीं बना पाई हो उसका भविष्य क्या होगा। वैसे तो यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है। लेकिन कांग्रेस के अंदर जो चल रहा है उससे लगता है कि प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी को चुन लें। उज्जैन में फूड डिलेवरी कंपनी जोमैटो के एड वाले वीडियो को लेकर मचे बवाल पर गृहमंत्री ने कहा शुरुआत में वीडियो मार्फिन नज़र आ रहा है मैने एसपी उज्जैन को जांच कराने के लिए कहा है। ये वीडियो मार्फिन किया गया है या नहीं इसकी जांच कर रिपोर्ट भेजें। ताकि दोषियों पर कार्रवाई की जा सके। फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो मशहूर कलाकार ऋतिक रोशन के जरिए कंपनी का प्रमोशन करा रही है। प्रमोशन के वीडियो में ऋतिक रोशन कह रहे हैं खाने का मन किया तो उज्जैन में महाकाल से मंगा लिया जैसे ही यह प्रचार सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो महाकाल मंदिर के मुख्य पुजारी व अखिल भारतीय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश शर्मा ने आपत्ति जताई और कहा कि महाकाल के नाम से कोई भी प्रचार गलत है क्योंकि यह कंपनी नॉन वेज व वेज दोनों बेचती है और महाकाल के नाम से अगर वेज फूड बेचने का कार्य किया जाएगा तो हम इसके खिलाफ कोर्ट भी जाएंगे और कंपनी और रितिक रोशन दोनों को इस चीज को लेकर माफी मांगनी चाहिए। हालांकि इस मामले में उज्जैन जिला प्रशासन ने तर्क दिया कि इस तरह का प्रचार भ्रामक है और मंदिर से कोई थाली डिलीवर्ड नहीं की जाती है।

# उमरिया में छोटी महानदी में स्टंटबाजी कर रहा पुलिस का जवान बहा

उमरिया, 21 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में छोटी महानदी में स्टंटबाजी करते हुए एक पुलिस का जवान बह गया, जिसका वीडियो सामने आया है. हादसा बाढ़ के दौरान स्टॉप डैम पर चलने के दौरान हुआ है. उमरिया में उफान मार रहे नदी नालों में बहने की यह लगातार दूसरी घटना है. राहत एवं बचाव दल दोनों लोगों की तलाश कर रहा है. उमरिया जिले में पिछले 36 घंटे से जारी बारिश से नदी नाले उफान पर हैं. अब तक बाढ़ की चपेट में आने से दो लोगों के बहने की खबर है. पहली घटना धनवाही गांव में हुई जंहा नरसरहा नाले में मछली पकड़ने गये चार बालकों में से एक तेज बहाव में बह गया. बाढ़ की चपेट में आये बच्चे की उम्र तकरीबन 12 साल थी और उसका नाम साहिल सिंह बताया गया. जबकि दूसरी घटना छोटी महानदी के करहिया स्टॉप डेम की है, जंहा छुट्टी पर घर आया एक पुलिस का जवान स्टंटबाजी में करते हुये बह गया. पुलिस का जवान प्रीतम बैगा उमरिया पुलिस लाइन में पदस्थ था और छुट्टी में घर आया था.

# टारगेट पर था 'पुतिन का दिमाग'? लेकिन कार बम ब्लास्ट में बेटी बनी निशाना

मॉस्को, 21 अगस्त (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के एक बेहद करीबी सहयोगी की बेटी की कथित तौर पर मास्को के पास कार बम विस्फोट से हत्या कर दी गई है. सरकारी मीडिया के अनुसार दरिया दुगिना अपने घर लौट रही थीं, तभी उनकी कार में धमाका हुआ और उनकी मौत हो गई. यह साफ नहीं हो पाया है कि उनके पिता रूसी दार्शनिक अलेक्जेंडर दुगिन तो हमले का निशाना नहीं थे. अलेक्जेंडर दुगिन को पुतिन का बेहद करीबी माना जाता है. दरिया दुगिना के पिता अलेक्जेंडर दुगिन अति-राष्ट्रवादी लेखक हैं. जिन्हे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे करीबी सहयोगी के रूप में जाना जाता है. सरकार में आधिकारिक पद नहीं होने के बावजूद इन्हें पुतिन का 'रासपुतिन' और 'पुतिन का दिमाग' भी कहा जाता है. रूसी मीडिया की खबरों के अनुसार दरिया दुगिना और उनके पिता अलेक्जेंडर शनिवार शाम को उसी कार में एक कार्यक्रम से वापस घर के लिए रवाना होने वाले थे. लेकिन अलेक्जेंडर ने अपनी बेटी से अलग गाड़ी में सफर करने का फैसला अंतिम समय में लिया था.

# पुलिस स्टीकर लगी कार में हो रही थी अवैध शराब की सप्लाई, पीसीआर टीम ने ट्रैप लगा किया काबू

कपूरथला (पंजाब), 21 अगस्त (एजेंसियां)। कपूरथला के अमृतसर रोड पर पुलिस ने पंजाब पुलिस का स्टिकर लगी स्विफ्ट गाड़ी को काबू किया है। कार में से चार पेटी अवैध शराब तथा दो लीटर लाहन भी बरामद हुई है। यह कार्रवाई पीसीआर टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर ट्रैप लगाकर की है। इसकी पुष्टि थाना कोतवाली प्रभारी रछपाल सिंह ने की। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पंजाब पुलिस का स्टिकर लगी एक स्विफ्ट गाड़ी में अवैध शराब की सप्लाई की जा रही है। उक्त सूचना के आधार पर पीसीआर टीम ने देर रात ट्रैप लगाया हुआ था। अमृतसर चुंगी से थोड़ा आगे गोइंदवाल साहिब रोड पर सफेद रंग की स्विफ्ट कार (पीबी09एएल 0359) को रोका गया तो उसमें से 4 पेटी अंग्रेजी अवैध शराब तथा 2 लीटर लाहन बरामद की गई। इस कार पर पंजाब पुलिस का स्टिकर लगा होने के कारण जल्दी से कोई पुलिस अधिकारी या कर्मचारी उसे रोकता नहीं था। पीसीआर टीम ने कार और आरोपियों सहित थाना कोतवाली के सुपुर्द कर दिया है। सूत्रों के अनुसार ये कार ट्रांसपोर्ट विभाग में चरणजीत निवासी मोहल्ला शहरियां के नाम पर दर्ज है। थाना कोतवाली प्रभारी रछपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में मामला दर्ज किया जा रहा है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारभ समय |
|---|---|---|
| सूर्य- | सिंह में | सिंह... 05-42 बजे |
| चंद्र- | मिथुन में | कन्या 07-50 बजे |
| मंगल | वृष में | तुला . 09-55 बजे |
| बुध- | सिंह में | वृश्चिक 12-05 बजे |
| गुरु- | मीन में | धनु--- 14-19 बजे |
| शुक्र- | मिथुन में | मकर- 16-25 बजे |
| शनि- | मकर में | कुंभ - 18-16 बजे |
| राहु- | मेष में | मीन... 19-54 बजे |
| केतु- | तुला में | मेष-- 21-30 बजे |
| | | वृष-- 23-15 बजे |
| | | मिथुन.. 01-15 बजे |
| | | कर्क... 03-27 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् -**1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् -**5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् -**1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् -**2548,**हिजरी सन् -**1443**
ऋतु-वर्षा,दिशाशूल- पूर्व -कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- एकादशी- **06-07** पूरादिन राततक
मास - भाद्रपद कृष्ण पक्ष ,सोमवार, **22 August**
नक्षत्र -मृगशिरा - **07 -40** - तक उपरान्त, आर्द्रा
योग - वज्र- **23- 39** - तक उप- सिद्ध
करण- बव - **16 -52** - तक,उप- बालव
विशेष:- अजा एकादशी व्रत- स्मा. वै.
व्रत -त्योहार - सर्वार्थ सिद्ध अमृत योग

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल**
**07:36** से
**09:10** तक

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 06:04 - 07:36 | शुभ | चंचल | 18:36 - 20:02 | शुभ |
| काल | 07:36 - 09:10 | अशुभ | रोग. | 20:02 - 21:28 | अशुभ |
| शुभ | 09:10 - 10:45 | शुभ | काल. | 21:28 - 22:53 | अशुभ |
| रोग | 10:45 - 12:19 | अशुभ | लाभ. | 22:53 - 00:19 | शुभ |
| उत्पात | 12:19 - 13:53 | अशुभ | उत्पात | 00:19 - 01:45 | अशुभ |
| चंचल | 13:53 - 15:28 | शुभ | शुभ | 01:45 - 03:10 | शुभ |
| लाभ | 15:28 - 17:02 | शुभ | अमृत | 03:10 - 04:36 | शुभ |
| अमृत | 17:02 - 18:34 | शुभ | चंचल | 04:36 - 06:04 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** — अपने जीवन पर नियंत्रण रखें और और सब के कहने या कुछ करने की कोई भी परवाह ना करें। इसके स्थान पर आराम से खुद की इच्छाओं और आवश्यकताओं को समझने की कोशिश करें और उन का विश्लेष्ण करें ताकि किसी स्पष्ट निष्कर्ष पर पहुंच सकें। इस बात का विशेष ध्यान रखें।

**वृष** — आज आप एक आमंत्रक की भूमिका में रहेंगे! इसलिए एक मेजबान की जगह एक आयोजक की भूमिका में रहे , आप दोनों ही मामलो में अच्छी राशि पाएंगे परन्तु एक आयोजक की भूमिका लाभप्रद होगी। यह आपकी जन्मजात क्षमताओं में से एक है सिर्फ आप उसकी पहचान नहीं कर पाये थे।

**मिथुन** — पिछले कुछ समय से आप आवेग के प्रभाव में आकर फैसले ले रहें हैं ,लेकिन आज आपको योजना बनाकर सही ढंग से काम करने की महता का पता चलेगा।इसी से आपकी प्रवृति बदल जायेगी और आपके काम का ढंग नियोजित होता जाएगा।योजना बनाने के लिए कभी देर नही होती।

**कर्क** — आज सब कुछ आपके मनचाहे तरीके से होगा और आपको अपने प्रयासों में सफलता मिलेगी। आप पुराने नुक्सान की भरपाई भी कर लेंगे। इसके परिणामस्वरूप आप अपनी संभावनाओं के प्रति अधिक आशावादी भी हो सकते हैं ,किसी भी अवसर के बारे में गहरे से सोचे बिना जोखिम ना उठायें।

**सिंह** — आप सृजनात्मक ऊर्जा से भरपूर हैं ,अपनी कल्पनाशक्ति का उपयोग करें।इससे आपको ख़ुशी और सौभाग्य दोनों मिलेंगे।दिल की ना सुनें अपने दिमाग की सुनें।तर्कशक्ति से काम लें।अपनी ऊर्जा को सही जगह पर लगायें।निवेश के लिए अच्छा दिन है।अधिक सावधानी की बजाय अपने आप को थोडा ढीला छोड़ दें,राहत मिलेगी।

**कन्या** — आज आपका मूड बदलता रहेगा।आप खुद भी यह नही समझ पायेंगे कि आप ऐसा क्यों महसूस कर रहे हैं और इस स्थिति को कैसे बदलें ? आपके इस प्रकार के व्यवहार से दूसरे भी उलझन में रहेंगे। फिर भी,किसी भी स्थिति में इमानदार बनें रहें क्योंकि इसी से आपको अपने लक्ष्य पूरे करने में मदद मिलेगी।

**तुला** — अपना बेहतर प्रयास डाले। आपने दुसरो का समर्थन किया है परन्तु वे अपने बारे में अच्छा नहीं सोचते न जानते और आपके प्रयासों की सराहना करना वे भूल गए। आप ऐसे लोगों के बारे में चिंता न करे और अपने प्रयास जारी रखे! अपनी कार्य के प्रति अपनी भावनाओ को लगाये न की उन लोगो के लिए जो आपको महत्व नहीं देते।

**वृश्चिक** — आज आप अपने संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार करेंगे।कोई आपकी उदारता से प्रभावित होकर दिन के अंत तक आपसे अपनी भावना का इजहार कर सकता है हालाँकि अभी भी आपके मन में कडवे अनुभव भरे हुए हैं। लेकिन अब समय आ गया है की आप सारी नकारात्मकता को दूर करके एक नयी शुरुआत करें।

**धनु** — आज दिनभर आपका मूड बदलता रहेगा लेकिन आपका भाग्य आपके साथ है इसका एक नुक्सान यह है कि आप भाग्य के भरोसे पर अधिक रह सकते हैं।इस बात का ध्यान रखें कि इसके कारण परियोजनाओं की तैयारी में कोई कमी ना रहे।वित्तीय फायदे तो होंगे किन्तु अनावश्यक खर्च ना करें। वित्तीय लाभ का यह सिलसिला अधिक समय तक नही चलेगा।

**मकर** — आज आप व्यावहारिकता की अपेक्षा रखने वाले कई मुद्दों में भावनात्मक व्यवहार करेंगे।स्पष्ट सोच रखते हुए यह समझने की कोशिश करें की आपकी इच्छाएं क्या हैं और आपके लिए अच्छा क्या है। आपके भीतर कुछ ऐसी भावनाए पैदा हो सकती हैं जो आपको कुछ सीमायें लांघने के लिए उकसा सकती हैं।

**कुंभ** — आपके आस पास कोई आपको व्यर्थ के पावर गेम में उलझाने की कोशिश करेगा।इससे बचने का रास्ता यही है कि आप खुद पर नियंत्रण रखकर ठंडे दिमाग से काम लें और किसी और की चालों का शिकार न बनें।इससे आप व्यर्थ की परेशानियों से भी बच जायेंगे।अगर आप सावधान रहेंगे तो बहुत सुंदर और चिंतामुक्त दिन गुजार सकते हैं।

**मीन** — गृहों की स्थिति आपको आज बहुत अधिक सामाजिक होने को कह रही है। आप दूसरों से बातचीत के माध्यम से अपनी जीवनशैली और करियर में बदलाव लाना चाहते हैं।जो कुछ आपने सोचा है .वो सब करने की कोशिश करें।आप जो भी करना चाहते हैं,उसपर अच्छे से ध्यान केन्द्रित क्र सकते हैं।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# एमपी: अब प्रदेश के पंडितों को पाठ पढ़ाएगी शिवराज सरकार

**जानिए क्या सिलेबस हो रहा तैयार**



भोपाल, 21 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश सरकार अब राज्य के पंडितों की क्लास लगाने की तैयारी कर रही है. इस दौरान पंडितों को समाज में मंदिर का महत्व बताया जाएगा. साथ ही, यह भी बताया जाएगा कि मंदिर का समाज के प्रति क्या दायित्व है. पंडितों की ट्रेनिंग के लिए धर्मस्व विभाग कोर्स तैयार करने की तैयारी में जुट चुका है. हालांकि, सरकार की इस कवायद पर विपक्ष ने सवाल खड़े करना शुरू कर दिया है. दूसरी ओर, पुजारियों ने सरकार के इस कदम की प्रशंसा की है. उनका है कि सरकार के इस कदम से कुछ नया सीखने को मिलेगा. मध्य प्रदेश की पर्यटन और धर्मस्व मंत्री उषा ठाकुर ने अधिकारियों के साथ एक बैठक में इस विषय पर विस्तार से चर्चा की. इसके तहत प्रदेश सरकार के संधारण वाले 21 हजार मंदिरों के पुजारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा. जानकारी के अनुसार इस दौरान पंडितों को पूजा-पाठ का तरीका भी बताया जाएगा. इसके लिए सिलेबस और टाइम टेबल भी तैयार हो रहा है. इसके अलावा कोर्स के लिए गाइडलाइंस भी बनाई जा रही हैं. योजना को अक्टूबर से शुरू किया जा सकता है. बीजेपी का कहना है कि इस प्रयास से पुजारियों और समाज दोनों को लाभ होगा. सरकार की इस कवायद पर अब विपक्ष ने सवाल खड़े कर दिए हैं. कांग्रेस का कहना है कि सरकार अब प्रदेश के मठ मंदिरों पर भी कब्जा करना चाहती है. मंदिरों को स्वतंत्र रखना चाहिए. हर चीज का राजनीतिकरण ठीक नहीं है. विपक्ष के सवालों के बीच विभागीय स्तर पर इस योजना को लागू करने की तैयारियां शुरू हो गई हैं. दूसरी ओर, सरकार की इस आगामी योजना को लेकर पुजारियों ने खुशी जाहिर की है. उन्होंने कहा है कि इससे निश्चित तौर पर हमें लाभ मिलेगा, नई चीजें सीखने को मिलेंगी. हम और बेहतर तरीके से पूजन पाठ कर सकेंगे , समाज में भी इससे एक अच्छा सन्देश जाएगा. गौरतलब है कि इस योजना के तहत प्रदेश के मठ-मंदिरों के पुजारियों को अनुष्ठान, कर्मकांड, पूजा विधि ,पंचांग देखने का प्रशिक्षण दिया जाएगा.

स्वतंत्र वार्ता

सोमवार, 22 अगस्त, 2022

## सीबीआई छापों पर जुबानी जंग

कुछ दिनों पहले तक दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने नई आबकारी नीति को लेकर अनियमितताओं के लग रहे आरोपों की जांच के लिए खुद सीबीआइ जांच की मांग की थी। अब सीबीआइ ने उनके ही घर पर छापे मार दिए,तो इसे लेकर वे केंद्र सरकार के खिलाफ कदमताल करने लगे हैं। उनका जवाब देने में भाजपा भी पीछे नहीं है। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मनीष सिसोदिया के आरोपों पर हमला बोलते हुए केजरीवाल सरकार को रेवड़ी और बेवड़ी सरकार तो कहा ही, साथ ही शराब घोटाले में सिसोदिया का नाम आने को लेकर तंज भी कसा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अगर शराब नीति ठीक थी तो दिल्ली सरकार ने उसे वह वापस क्यों ली? आप की हालत ऐसी थी कि अगर चोर को दाढ़ी में तिनका दिखा, तो वह चोरी से बचने के लिए दाढ़ी ही मुंडवा ली। बिलकुल इसी तरह मनीष सिसोदिया और अरविंद केजरीवाल को जब शराब नीति में भ्रष्टाचार दिखा, तो शराब नीति वापस ले ली। छापे के बाद आम आदमी पार्टी ने फिर पुराना राग अलापा है कि केंद्र सरकार उन्हें काम नहीं करने देना चाहती, इसलिए सीबीआइ आदि के छापों से उन्हें परेशान करने की कोशिश कर रही है। उनका दावा है कि वे पाक-साफ हैं और सीबीआइ को उनके यहां से कुछ नहीं मिलने वाला। फिर भी वे जिस तरह इसे लेकर विचलित हैं, उससे संदेह का घेरा कुछ बढ़ता ही जा रहा है। रविवार को सीबीआई ने सिसोदिया सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है। साथ ही पूरी फाइल ईडी को भेज दी है। जाहिर है सिसोदिया का अंदर जाना तय है।बता दें दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच तनातनी का रिश्ता पुराना है। लेकिन नई आबकारी नीति को लेकर उपराज्यपाल ने इसलिए एतराज जताया कि दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव ने जांच कर शराब की बिक्री में अनियमितता उजागर की थी। खुद मनीष सिसोदिया ने भी स्वीकार किया कि तत्कालीन एलजी की मंजूरी के बाद नई आबकारी नीति लागू की गई थी। पिछले साल दिल्ली सरकार ने शराब बिक्री में गड़बड़ियों का हवाला देकर नई नीति लागू की थी। सरकारी दुकानें बंद करके निजी विक्रेताओं को लाइसेंस दे दिए थे। इस तरह लगभग आधी दुकानें बंद हो गईं थीं। इस पर आप का कहना था कि जिन लोगों की दुकानें बंद हुईं, वे भाजपा के करीबी थे। इसलिए उन्होंने ही ज्यादा हंगामा मचाया था। जैसे ही उपराज्यपाल ने नई आबकारी नीति की सीबीआइ जांच के आदेश दिए और कई आबकारी अधिकारियों को निलंबित किया वैसे ही दिल्ली सरकार ने उसे रद्द करके पुरानी नीति ही लागू कर दी। उसके बाद से ही सवाल स्वाभाविक है कि अगर नई आबकारी नीति में कुछ गलत नहीं था तो दिल्ली सरकार ने उसे वापस क्यों लिया। आप भी तो सीबीआइ से जांच कराना ही चाहती थी, फिर अब केंद्र सरकार पर दोष मढ़ने की क्या तुक है! बता दें कि शराब की बिक्री से राज्य सरकारों को राजस्व की भारी कमाई होती है, इसलिए वे शराब के ठेकों आदि के लाइसेंस देने संबंधी नीतियों में बदलाव करती रहती हैं। दिल्ली सरकार का दावा था कि पहले छह हजार करोड़ रुपए का राजस्व मिलता था, जो नई आबकारी नीति के बाद बढ़ कर साढ़े नौ हजार करोड़ रुपए हो गया। लेकिन राजस्व उगाही के नाम पर किसी भी तरह की अनियमितता को उचित नहीं ठहराया जा सकता। नई आबकारी नीति के बाद दुकानों पर एक पर दो या तीन तक बोतलें मुफ्त मिलने का सिलसिला शुरू हो गया था। यह सब क्यों और कैसे हुआ, आम लोगों की समझ से बाहर है।

# बदल रही है रक्षा क्षेत्र की तस्वीर



निरंकार सिंह

पिछले कुछ वर्षों में भारत दुनिया में एक मजबूत सैन्य, आर्थिक और औद्योगिक शक्ति के रूप में उभरा है। दुनिया में उसका दबदबा बढ़ा है। देश की सरकार ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए जिस तेजी से कदम बढ़ाए हैं,उसने दुनिया को हैरत में डाल दिया है। अब हमने कई आधुनिक विमानों और उपकरणों का आयात करने के साथ-साथ देश में ही हथियारों और मिसाइलों के निर्माण का काम तेजी से शुरू कर दिया है। आज भारत दूसरे देशों को अपने बनाए हथियार बेच रहा है। इस दौरान भारत का रक्षा उपकरणों का आयात घटा है और निर्यात में बढ़ोतरी हुई है। आज रक्षा क्षेत्र में हमारा निर्यात 17000 करोड रुपए तक जा पहुंचा है। यह अगले 5 वर्ष में बढ़कर 5 अरब अर्थात 35000 करोड रुपए तक जा पहुंचेगा। दुनिया की सबसे ताकतवर और टाप 10 सेनाओं में भारतीय वायुसेना का तीसरा स्थान है। वह आज चीन जापान और फ्रांस से आगे हो गया है। वर्ल्ड डायरेक्टरी आफ मिलट्री एयरक्राफ्ट की रैंकिंग 2022 में भारत तीसरे नंबर पर हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में देश एवं वैश्विक स्तर पर किए जा रहे प्रयासों का ही फल है कि आज वर्तमान भारत में नये भारत में बदल रहा है। भारत के ब्रह्मोस मिसाइल के अलावा आकाश एयर डिफेंस प्रणाली की भी खासी धूम है। भारत का स्वदेशी जेट विमान तेजस पूरी दुनिया में धूम मचा रहा है। दुनिया के बड़े-बड़े देशों ने इसे खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। डिफेंस इक्विपमेंट का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर अमेरिका भी पूरी तरह भारत में विकसित इस लड़ाकू विमान में दिलचस्पी दिखा रहा है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और फिलीपीन समेत छह देशों ने भारत के हल्के लड़ाकू विमान तेजस में रुचि दिखाई है। वहीं मलेशिया पहले ही इस विमान को खरीदने की तैयारी में है। भारत ने मलेशिया को 18 तेजस बेचने की पेशकश की है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित तेजस एक इंजन वाला बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है जिसकी क्षमता अत्यधिक खतरे वाले माहौल में परिचालन की है। आज दक्षिण पूर्व एशिया में भारत की धमक भी बढ़ रही है। हथियार निर्यात से केवल देश को आय ही नहीं बढी है, बल्कि सामरिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण दक्षिण पूर्व एशिया में हमारी धमक भी बढ़ी है। फिलीपींस के बाद वियतनाम और इंडोनेशिया जैसे देशों ने भी हमसे हथियार खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। हमारा पड़ोसी चीन दक्षिण चीन सागर से लेकर दक्षिण पूर्व एशिया तक प्रसारवादी नीति के तहत काम करता है। इस क्षेत्र में पुराने साथियों से हमारे संबंधों में नवीनता और प्रगाढ़ता आवश्यक है जो हथियार सौदों से मिल सकती है। ब्रह्मोस मिसाइल के अलावा आकाश एयर डिफेंस प्रणाली की भी खासी धूम है। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हमसे यह हथियार खरीदना चाहते हैं। करीब 42 देश हमसे रक्षा उपकरणों और हथियारों का आयात करते हैं। जिसमें कतर, लेबनान, इराक, इक्वाडोर और जापान आदि हैं। इनमें प्रमुख रूप से युद्धक स्थितियों में शरीर की सुरक्षा करने वाले बाडी प्रोटेक्टिंग उपकरण शामिल हैं। तटीय निगरानी प्रणाली, रडार और एयर प्लेटफार्म में भी कुछ देशों ने रुचि जाहिर की है। दक्षिणपूर्व एशियाई देश वियतनाम, इंडोनेशिया, और फिलिपींस के अलावा बहरीन, केन्या, सउदी अरब, मिस्र, अल्जीरिया और संयुक्त अरब अमीरात ने आकाश मिसाइल को खरीदने में अपनी रुचि दिखाई है। आकाश मिसाइल के साथ ही कई अन्य देशों ने तटीय निगरानी प्रणाली, राडार और एयर प्लेटफार्मों को खरीदने में भी अपनी रुचि दिखाई है। भारत जल्द ही दुनिया के कई देशों यथा फिलीपींस, वियतनाम एवं इंडोनेशिया आदि को ब्रह्मोस मिसाइल भी निर्यात करने की तैयारी कर रहा है। कुछ अन्य देशों जैसे सउदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात एवं दक्षिण अफ्रीका आदि ने भी भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने में अपनी रुचि दिखाई है। ध्वनि की रफ्तार से तीन गुना तेज, माक 3 की गति से चलने वाली और 290 किलोमीटर की रेंज वाली ब्रह्मोस मिसाइलें भारत-रूस सैन्य सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। दोनों देशों के बीच इसे मिलकर बनाने पर 1998 में सहमति हुई थी। ब्रह्मोस मिसाइल का नाम ब्रह्मपुत्र और मस्क्वा नदियों के नामों को मिलाकर रखा गया है।

जमीन, आकाश और समुद्र स्थित किसी भी लांच उपकरण से छोड़े जा सकने वाले ब्रह्मोस की खूबी यह है कि यह अपनी तरह का अकेला क्रूज मिसाइल है। अब भारत रक्षा उपकरणों के निर्यात के मामले में दुनिया के शीर्ष 25 देशों की सूची में शामिल हो गया है। वर्ष 2019 में रक्षा उपकरणों के निर्यात के मामले में पूरे विश्व में भारत का स्थान 19वां था। 1990 के दशक में जहां भारत हथियारों का पता लगाने वाले राडार को अमेरिका और इजराइल से पाने के लिए संघर्ष कर रहा था। वहीं, हाल ही में भारत ने यही राडार आर्मेनिया को बेचने में सफलता प्राप्त की है। भारत के रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार भारत ने वित्तीय वर्ष 2017 में 1521 करोड़ रुपए के रक्षा उपकरणों का निर्यात किया था जो वित्तीय वर्ष 2018 में 4682 करोड़ रुपए का रहा और वित्तीय वर्ष 2019 में बढ़कर 10,745 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया था। कुल मिलाकर पिछले 7 वर्षों के दौरान भारत ने 38,000 करोड़ रुपए के रक्षा उपकरणों का निर्यात 75 से अधिक देशों को किया है एवं भारत रक्षा उपकरणों का शुद्ध निर्यातक देश बन जाने की राह पर अग्रसर हो चुका है। आज भारत से 84 से अधिक देशों को रक्षा उपकरणों का निर्यात किया जा रहा है। इस सूची में कतर, लेबनान, इराक, इक्वाडोर और जापान जैसे देश भी शामिल हैं जिन्हें भारत बॉडी प्रोटेक्टिंग उपकरण, आदि निर्यात कर रहा है। भारतीय रक्षा उपकरण उत्पादक कंपनियों द्वारा नौसैनिक जहाजों का निर्माण भारत में ही करना एक बड़ी कामयाबी रही है। इस क्षेत्र में कुछ कंपनियों द्वारा सस्ती गश्ती नौकाएं बनाकर भारत के मित्र देशों को बेची गई हैं।

इसी प्रकार हवाई रक्षा क्षेत्र में हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड ने प्रयोग के तौर पर उच्च स्तरीय हल्का हेलिकॉप्टर का निर्माण भी सफलतापूर्वक किया है। अब तो धीरे धीरे सरकारी एवं निजी क्षेत्र में कई रक्षा उपकरण उत्पादक कंपनियां अपने नए उत्पादों के साथ दुनिया के अन्य देशों से मुकाबला करने की स्थिति में आ रही हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 के रक्षा बजट में यह व्यवस्था की गई है कि शोध एवं अनुसंधान पर खर्च की जाने वाली कुल राशि का 25 प्रतिशत भाग निजी उद्योगों एवं स्टार्ट-अप को उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, रक्षा सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.52 लाख करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की गई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि विश्व के दूसरे नंबर के हथियार आयातक भारत को अब मोदी सरकार स्वदेशी के मंत्र से हथियारों का निर्यातक देश बना रही हैं। सरकार का लक्ष्य है कि 2024-25 तक रक्षा निर्यात को बढ़ाकर 36,500 करोड़ किया जाए। सरकार का ध्यान स्वदेशी हथियार निर्माण पर अधिक है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्र ने आर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड और 41 आयुध निर्माणी फैक्ट्रियों को मिलाकर रक्षा क्षेत्र में सात सार्वजनिक उपक्रम (डीपीएसयू) बना दिए हैं। इसका उद्देश्य प्रशासनिक चुस्ती के साथ कामकाज में पारदर्शिता और तेजी लाना है। बीते आठ वर्ष में भारत के रक्षा निर्यात में करीब छह गुना वृद्धि हुई है। फिलीपींस के साथ 2,770 करोड़ रुपये का रक्षा सौदा मील का पत्थर है। संस्थान और संस्थाएं वही हैं। लोग भी वही हैं।

लेकिन देश का शीर्ष नेतृत्व बदल गया है। यह साबित करता है कि यदि नेतृत्व ईमानदार हो और लक्ष्य तय हो तो हमारे वैज्ञानिक बड़ा से बड़ा काम कर सकते हैं। पिछले चार-पांच वर्षों में हमारा डिफेंस आयात लगभग 21 फीसद कम हुआ है। इतने कम समय में ये सब हुआ है। अब हम हम प्रमुख रक्षा आयातक से बड़े निर्यातक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। बीते वर्षों में हमारा रक्षा निर्यात सात गुना बढ़ा है। पर यही बात देश में भ्रम फैलाकर राजनीति करने वाले विपक्षी दलों के कुछ नेताओं को रास नहीं आ रही है। भारत वैश्विक मंच पर जैसे-जैसे खुद को स्थापित कर रहा है, गलत सूचना और दुष्प्रचार के माध्यम से उस पर लगातार हमले हो रहे हैं। राष्ट्रीय रक्षा अब सीमाओं तक सीमित नहीं है, यह बहुत व्यापक है। हमें इन चुनौतियों से निपटना होगा। हमें उन ताकतों के प्रयासों को विफल करना होगा, जो भारत के हितों को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। खुद पर भरोसा रखते हुए भारत के हितों को हानि पहुंचाने वाली ताकतें चाहे देश में हों या फिर विदेश में, उनकी हर कोशिश को नाकाम करना हर देशवासी का कर्तव्य है। देश की रक्षा के लिए हमें एक और अहम पक्ष पर ध्यान देना चाहिए। हमें भारत के आत्मविश्वास को, हमारी आत्मनिर्भरता को चुनौती देने वाले ताकतों के विरुद्ध युद्ध तेज करना है।

# बढ़ता पलायन दुखद सच



रघु ठाकुर

इन दिनों उद्योगपतियों के द्वारा देश छोड़कर बाहर जाने की लालसा बढ़ती जा रही है। देश छोड़कर भागने वालों के नाम तो चर्चित होते हैं, जो देशी बैंकों का पैसा डुबाकर या कोई बड़ा घोटाला करके देश से भागते हैं जैसे विजय माल्या या नीरव मोदी आदि। इन भागने वालों की जडें.यूरोप या दूसरे देशों में इतनी गहरी होती है कि दशक दर दशक कई दशक निकल जाते हैं, केन्द्र की सरकारें और प्रधानमंत्री बदल जाते हैं परन्तु ये भगोड़े वापस नहीं आ पाते। इससे संकेत तो यही मिलता है कि इन भगोड़ों के ना केवल देशी या राजनैतिक संपर्क है, बल्कि वैश्विक संपर्क और भी गहरे हैं। यह सब दुनिया की सरकारों के मुखियों से गहरे संपर्क में रहते हैं। और आश्चर्य नहीं होना चाहिए की भ्रष्टाचार की डोर देश से लेकर विदेश तक जुड़ी हो। ऐसे भगोड़े मुख्यतः अभी तक यूरोप और स्केंडिनेवियन देशों में जाकर अधिक बसे हैं। यह देश इन भगोड़ों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आश्रयदाता भी है। और बहुत संभव है कि इन देशों के उद्योगों में इनका काला धन लगा हो। वैसे भी इतने लंबे समय तक इन महंगे और खर्चे वाले देशों में इनका बसना और रहना आसान बात नहीं है। अगर यूरोपीय देशों के महंगे और विलासी जीवन जीने के इनके खर्च की गणना की जाये तो एक नई कहानी सामने आयेगी। उदाहरण के लिये मान लो ब्रिटेन या स्वीट्ज़रलैंड जैसे किसी देश में इनका मासिक खर्च बीस से पच्चीस लाख रूपये तक भी होता हो तो एक वर्ष में औसतन न्यूनतम ढाई तीन करोड़ रूपया इन पर खर्च होता होगा। फिर यूरोप के महंगे वकीलों की फीस आदि पर होने वाला खर्च भी एकाध करोड़ रूपये से कम नहीं होता होगा। इनके परिवार जिनका कारोबार डेढ़ दो दशकों से बंद पड़ा है, वे भारत में अपने संपन्न जीवनशैली में इन भगौड़ों से साल में दो तीन बार मिलने जाने में एकाध करोड़ रूपये खर्च करते हैं। यानि एक मोटे अनुमान के अनुसार साल में 4 से 5 करोड़ रूपया इन भगोड़ों और उनके परिवार का खर्च होता होगा। और पिछले 10 या 15 सालों में 50 से लेकर 75 करोड़ रूपया यह भगोड़े और उनके परिजन अपने ऊपर खर्च कर चुके होंगे। आखिर यह पैसा कहां से आ रहा है? बगैर स्त्रोत के साल दो साल में कुंए और तालाब भी सूख जाते हैं। वर्षा न हो तो नदियाँ रेगिस्तान बन जाती है। परन्तु कितना आश्चर्यजनक है कि इन भगोड़ों के खेत यथावत हरे-भरे हैं। मतलब साफ है कि, इन भगोड़ों का मामला मात्र बैंक घोटालों का नहीं है। वरन बड़े-बड़े आयकर की चोरियों का भी है। इन लोगों ने बहुत पहले से कारपोरेट या वैश्विक कंपनीयों में काली पूँजी लगाई होगी याने कर चोरी की पूँजी जिससे होने वाली आय से यह विदेशों में सुख से रह रहे हैं। अब पिछले कुछ समय से भारत से एक नये प्रकार का पलायन शुरू हुआ है। और यह पलायन ज्यादातर अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा की ओर हो रहा है। कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में वैधानिक या अवैधानिक तरीके से जाने वाले अधिकांश वह लोग हैं जो सुविधाओं से युक्त विलासी जीवन या रोजगार की तलाश में इन देशों में जाकर बसते हैं। और वहाँ कम्पनियों में जाकर या अन्य प्रकार का कार्य करते हैं, इसका अच्छा पैसा उन्हें मिल जाता है। परन्तु पिछले कुछ दिनों से लोग अमेरिका जाने के लिये वीजा या टूरिस्ट वीजा बड़ी संख्या में मांग रहे हैं।

और जब उन्हें अमेरिका के सख्त नियम कायदों के चलते वह नहीं मिल पाता है तो वे कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के माध्यम से अमेरिका में प्रवेश करने का प्रयास करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में लगभग छः लाख लोग अमेरिका गए हैं। और इनके जाने का मुख्य कारण सुख सुविधा पूर्ण जिंदगी तथा अच्छी आमदनी की नौकरी पाने का उद्देश्य है। अमेरिका और कनाडा की जो सीमा सटीं हुई हैं वहां से लोग, अवैधानिक तरीके से प्रवेश करने का प्रयास करते हैं। यह रास्ता दुर्गम और बर्फीला है, परन्तु अमेरिका जाने की भूख बहुत ज्यादा है। यह ब्रेन ड्रेन भी नहीं है। वरन सुरक्षित सुविधायुक्त जीवन जीने की भूख है। अनेकों परिवार के परिवार बर्फ में जाकर मर जाते हैं। परन्तु अमेरिका जाने का मोह नहीं छोड़ते। पिछले कुछ दिनों में लगभग 230 से अधिक भारतीय कनाडा और अमेरिका की सीमा पर बर्फ में दब कर मर चुके हैं। अभी कुछ दिनों पूर्व 21 लोग सीमा पार करने के प्रयास में बर्फ में दब कर मरे जिनमें बच्चे भी थे। आखिर अमेरिका जाने की इतनी गहरी आकांक्षा क्यों हैं? मैं समझता हूँ की अमेरिका में जाकर रहने वाले लोगों के परिवारों के साथ और भारत में रहने वाले उनके भारतीय परिजन केवल अमेरिका में रहने की तुलना मात्र से ही गौरवान्वित महसूस करते हैं कि उनकी संतान या परिवार के लोग अमेरिका में रह रहे हैं। आज भी अमेरिका यूरोप और स्केंडिनेवियन देश भारतीयों के लिये स्वर्ग के समान है। अमेरिकी जीवन प्रणाली और सुख सुविधाओं से वे इतने आकर्षित व अभिभूत है कि वे अपने जीवन को धन्य मानने लगते हैं। जिनके बच्चे अमेरिका, कनाडा या विदेशों में है वे भारत में कितनी ही तकलीफ झेल रहे हो उनकी कोई देखभाल करने वाला भी न हो, यहाँ उनकी मौत पर भले कोई कंधा देने वाला या दो आँसू गिराने वाला भी न हो इसके बाद भी वे अमेरिकी डॉलर के कल्पना लोक के मोह से मुक्त नहीं हो पाते। अमेरिका में रोजगार या श्रम के दाम भारत की तुलना में बहुत अधिक हैं। जहाँ एक सफाई कर्मी भारत में एक वर्ष में मुश्किल से लाख सवा लाख रूपये कमा पाता है, अमेरिका में उसे साल में तीस चालीस लाख आसानी से मिल जाता है। एक अमेरिकी डॉलर भारत के सत्तर से अस्सी रूपये के बीच घूमता रहता है। अतः नौकरी, सुविधापूर्ण जीवन, काम धंधा और पैसे के संचय का मोह भी अमेरिका जाने का एक महत्वपूर्ण कारण होता है।

# भारतीय देवतंत्र ऋग्वेद से भी प्राचीन



ह्रदय नारायण दीक्षित

हिन्दू विश्वास तर्क सिद्ध है। इसके भीतर एक बड़ी तर्कसारिणी है। कुछ विद्वान इसे अनेक विश्वासों का मिश्रण बताते हैं। डॉ. रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' (पृष्ठ 99) में लिखा है, 'हमारा धर्म न तो एक महात्मा से आया है, न किसी संप्रदाय से। सच तो यह है कि हिन्दू धर्म किसी एक विश्वास पर आधारित नहीं है प्रत्युत वह अनेक विश्वासों का समुदाय है।' यह बात अंशतः सही है कि हिन्दू धर्म किसी एक महात्मा या संप्रदाय से नहीं आया। लेकिन यह बात सही नहीं है कि हिन्दू धर्म अनेक विश्वासों का समुदाय या संकलन है। डा. दिनकर ने अपनी बात को सिद्ध करने के लिए भारतीय जनता की रचना को अनेक जातियों का परिणाम बताया। लिखा है 'अनेक जातियां समय समय पर इस देश में आती रहीं उसी प्रकार हिन्दुत्व भी इन विभिन्न जातियों के धार्मिक विश्वासों के योग से बना है।' ( पृष्ठ 100 ) उनके विवेचन में हिन्दू धार्मिक समुदाय भारतीय जनता की रचना का मूल नहीं है। भारत के बाहर से यहां आई जातियां ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। सबके विश्वासों का समागम 'हिन्दुत्व' है। उन्होंने 'हिन्दुत्व' शब्द का ही प्रयोग किया है लेकिन हिन्दुत्व के निर्माण की प्रक्रिया का सरलीकरण उचित नहीं है। हिन्दुत्व अनेक जातियों के मिलने से ही अस्तित्व में नहीं आया। दिनकर जी के विवेचन में जाति शब्द का प्रयोग आधुनिक काल की जन्मना जाति व्यवस्था के लिए नहीं हुआ। यहां विशेष भू-क्षेत्रों में रहने वाले, विशेष समुदायों का नाम जाति है। ऐसे समुदायों के अपने देवी-देवता भी होते है। डॉ. दिनकर का जोर बाहर से यहां आई जातियों पर है। इनके अनेक देवता-देवी थे। उन्होंने लिखा है 'अनेक देवी-देवताओं के आ मिलने के कारण बहुदेववाद हिन्दुत्व का अंग बन गया।' उस निष्कर्ष में भारत के बाहर से आई जातियां अपने साथ देवी- देवता भी लाईं। वे भारतीय देवी-देवताओं से मिल गईं। भारत बहुदेववादी बन गया। सच यह नहीं है। भारतीय देवतंत्र ऋग्वेद के रचनाकाल से भी प्राचीन है। ऋग्वेद में इन्द्र, अग्नि, वरुण, अदिति, मरुत, रूद्र, सूर्य आदि अनेक देवता हैं। ऋग्वेद ऐसे देवों की स्तुतियों से भरा पूरा है। श्रीराम गोयल ने 'विश्व की प्राचीन सभ्यतांए' (पृष्ठ 427) में भी वैदिक आर्यों के धर्म को बहुदेववादी बताया है। लिखा है, 'उनके अधिकांश देवता, जैसे सूर्य, अग्नि, वायु, उषा आदि विभिन्न प्राकृतिक शक्तियों का देवीकरण थे। वे तेज और प्रकाश के प्रतीक तथा उदार, सर्वज्ञ, कृपालु और अमर माने जाते थे। उनकी कल्पना मानव रूप में की गई थी, लेकिन सब देवताओं का मानवीकरण समानरूपेण पूर्णता प्राप्त नहीं कर पाया था। इस दृष्टि से वैदिक धर्म यूनानी धर्म से कुछ भिन्न था। यूनान के देवताओं का मानवीकरण भी विचारणीय है। गोयल ने लिखा है, 'यूनान में देवताओं का मानवीकरण भारत से बहुत आगे बढ़ गया था। देवताओं के व्यक्तित्व में स्पष्टता के अभाव के कारण वैदिक ऋषि उनमे प्रायः सामान गुणों का आरोपण कर देते थे और स्तुति करते समय किसी भी देवता को सर्वोच्च घोषित कर देते थे। मैक्समूलर ने इस प्रवृत्ति को 'हेनोथीज्म' नाम दिया है। बहुत से ऋषि समान गुणों वाले देवताओं का एक साथ उल्लेख भी कर देते थे - जैसे द्यावापृथिवी, मित्रावरुण, मरुद्गण, आदित्यगण तथा अश्विनी कुमार आदि। इतना ही नहीं कुछ ऋषि तो बहुदेववाद को ही चुनौती देने लगे थे। ऋग्वेद प्रथम मण्डल के 164वें सूक्त के रचयिता ने स्पष्टरूपेण उस 'एक सत' की कल्पना की है 'जिसे ज्ञानी लोग इन्द्र, मित्र, वरुण, अग्नि, यम तथा मातरिश्वा आदि विभिन्न नामों से पुकारते हैं। इस प्रवत्ति को एकेश्वरवाद कहा जाता है।'

एक सत कल्पना नहीं अनभूत सिद्ध सत्य है।वैदिक धर्म को बहुदेववादी कहना उचित नहीं है। वैदिक समाज का विश्वास एक सत्य में था। ऋग्वेद (1-164) में बहुदेवों का उल्लेख है कि 'सत्य एक है विद्वान उसे इन्द्र, मित्र, वरुण, अग्नि, यम तथा मातरिश्वा आदि भिन्न भिन्न नामों से पुकारते हैं। हिन्दू चित्त बहुदेववादी नहीं बहुदेव उपासक था और है। श्रीराम गोयल ने ऋग्वैदिक देवों के मानवीकरण को अपूर्ण बताया है। यह सही नहीं है। देवता प्रकृति की शक्तियों का दैवीकरण थे। उन्हें मनुष्य रूप में विकसित किया गया था।

## प्राकृतिक संसाधनों का असंतुलित दोहन



संजीव ठाकुर

जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में भी नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों में बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए, जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए। महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा। भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां हैं, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान है।

# कश्मीर को अछूत क्यों बना रहे हैं?



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

जम्मू-कश्मीर को लेकर अब एक और नया विवाद छिड़ गया है। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि जम्मू-कश्मीर में रहनेवाले अन्य प्रांतों के नागरिकों को अब वोट डालने का अधिकार मिलने वाला है। जम्मू-कश्मीर की लगभग सभी पार्टियां इस नई पहल पर परेशान दिखाई पड़ रही हैं। पहले तो वे अनुच्छेद 370 और 35 ए को ही हटाने का विरोध कर रही थीं। अब उन्हें लग रहा है कि उनके सिर पर एक नया पहाड़ टूट पड़ा है। उनका मानना है कि केंद्र सरकार के इशारे पर किया जा रहा यह कार्य अगला चुनाव जीतने का भाजपाई पैतरा भर है लेकिन इससे जम्मू-कश्मीर का असली चरित्र नष्ट हो जाएगा। सारे भारत की जनता कश्मीर पर टूट पड़ेगी और कश्मीरी मुसलमान अपने ही प्रांत में अल्पसंख्यक बन जाएंगे। इस वक्त जम्मू-कश्मीर में स्थानीय मतदाताओं की संख्या लगभग 76 लाख है। यदि उसमें 25 लाख नए मतदाता जुड़ गए तो उन बाहरी लोगों का थोक वोट भाजपा को मिलेगा। जम्मू के भी ज्यादातर वोटर भाजपा का ही साथ देंगे। ऐसे में कश्मीर की परंपरागत प्रभावशाली पार्टियां हमेशा के लिए हाशिए में चली जाएंगी। पहले ही निर्वाचन क्षेत्रों के फेरबदल के कारण घाटी की सीटें कम हो गई हैं। इसी का विरोध करने के लिए नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारुक अब्दुल्ला ने भाजपा को छोड़कर सभी दलों की एक बैठक भी बुलाई है। पीडीपी की नेता महबूबा मुफ्ती भी काफी गुस्से में नजर आ रही हैं। इन कश्मीरी नेताओं का गुस्सा बिल्कुल स्वाभाविक है, क्योंकि नेता लोग राजनीति में आते ही इसीलिए हैं कि उन्हें येन-केन-प्रकारेण सत्ता-सुख भोगना होता है। केंद्र सरकार इधर जो भी सुधार वहां कर रही है, वह इन नेताओं को बिगाड़ के अलावा कुछ नहीं लगता। ऐसे में इन कश्मीरी नेताओं से मेरा निवेदन है कि वे अपनी दृष्टि जरा व्यापक क्यों नहीं करते हैं? यदि कश्मीरी नेता देश के गृहमंत्री, राज्यपाल, सांसद, राजदूत और केंद्र सरकार के पूर्ण सचिव बन सकते हैं तथा कश्मीरी नागरिक देश में कहीं भी चुनाव लड़ सकते हैं और वोट डाल सकते हैं तो यही अधिकार गैर कश्मीरी नागरिकों को कश्मीर में दिए जाने का विरोध क्यों होना चाहिए? देश के जैसे अन्य प्रांत, वैसा ही कश्मीर भी। वह कुछ कम और कुछ ज्यादा क्यों रहे? यदि कश्मीरी लोग देश के किसी भी हिस्से में जमीन खरीद सकते हैं तो देश के कोई भी नागरिक कश्मीर में जमीन क्यों नहीं खरीद सकते? हमारे कश्मीरी नेता कश्मीर जैसे सुंदर और शानदार प्रांत को अन्य भारतीयों के लिए अछूत बनाकर क्यों रखना चाहते हैं? मैं तो वह दिन देखने को तरस रहा हूं कि जबकि कोई पक्का कश्मीरी मुसलमान भारत का राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बन जाए।

# इस प्रकार हुई थी घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग की उत्पत्ति








घृष्णेश्वर मंदिर कहाँ है? भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में शामिल घृष्णेश्वर मंदिर महाराष्ट्र के औरंगाबाद के निकट मौजूद दौलताबाद से करीब 11 किलोमीटर की दूरी पर वेरुलगाँव में अवस्थित है। इस प्रसिद्ध मंदिर को घुश्मेश्वर मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। जिस स्थान पर ज्योतिर्लिंग स्थापित है वह बौद्ध भिक्षुओं द्वारा निर्मित एलोरा की गुफाओं से कुछ ही दूरी पर मौजूद है।

### घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग की कहानी

घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग की कहानी के अनुसार दक्षिण देश में देवगिरी पर्वत के निकट ही सुधर्मा नामक ब्राह्मण अपनी पत्नी सुदेहा के साथ रहा करता था। दोनों ने जीवन में सबसे बड़ा दुःख इस बार का था कि वे निःसंतान थे। इसपर ब्राह्मण की पत्नी ने एक हल यह निकाला कि वह अपनी छोटी बहन घुष्मा से अपने पति का विवाह करा दे। उसने वैसा ही किया और अपनी बहन घुष्मा का विवाह अपने पति सुधर्मा से करा दिया। घुष्मा भगवान शिव की परमभक्त थी जो हर रोज सौ पार्थिव शिवलिंग निर्मित कर बड़े मन से शिव जी की पूजा अर्चना किया करती थी। पूजा के बाद उन शिवलिंग को तालाब में विसर्जित कर देती थी।

भगवान शिव की असीम कृपा होने के कारण घुष्मा ने पुत्र को जन्म दिया। घर में बच्चे की किलकारी गूंजी तो पूरा घर खुशनुमा रहने लगा। सुदेहा ने अपनी बहन से अपने पति सुधर्मा का विवाह खुशी खुशी तो करा दिया था परंतु अब वह खुशी ईर्ष्या में तब्दील हो गई। अब सुदेहा को बहन का पुत्र एक आंख न सुहाता। उसने अपनी ईर्ष्या के कारण एक रात पुत्र की हत्या कर उसे तालाब में फेंक दिया।

पुत्र की हत्या की बात जब सबको पता चल गई तो पूरा घर मातम में बदल गया। घुष्मा को अपने प्रभु भगवान शिव पर पूर्ण विश्वास था इसलिए वह बिना विलाप किए रोज की ही तरह सौ पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा अर्चना कर रही थी। पूजा करने के दौरान उसने देखा कि उसका पुत्र तालाब में से वापिस आ रहा है। भगवान शिव की कृपा से उसका मृत पुत्र जीवित हो गया था। पुत्र के आने के कुछ क्षण बाद भगवान शिव वहां प्रकट होकर घुष्मा को दर्शन देते हैं।

शिव जी वहां घुष्मा की बहन को दंड देने के लिए पधारे थे लेकिन घुष्मा के सात्विक आचरण ने शिव जी को ऐसा करने से मना कर दिया। घुष्मा के क्षमा याचना करने पर शिव जी मान जाते हैं फिर घुष्मा से शिवजी वरदान मांगने को कहते हैं। इसपर घुष्मा कहती है कि आप सभी के कल्याण के लिए यहीं पर बस जाएं। इसी स्थान को आज के नाम से जाना जाता है। इस प्रकार घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग की उत्पत्ति हुई।

घृष्णेश्वर मंदिर का इतिहास - से जुड़ा पौराणिक इतिहास कहता है कि यहाँ भगवान शिव अपनी परम भक्त घुष्मा के कहने पर ज्योतिर्लिंग के रूप में स्थापित हुए थे। आज के आधुनिक ऐतिहासिक तथ्यों के हिसाब से इस मंदिर का निर्माण 16 वीं शताब्दी और जीर्णोद्धार 18 वीं शताब्दी में कराया गया था।

घृष्णेश्वर मंदिर का निर्माण किसने करवाया? दौलताबाद से 11 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित Grishneshwar मंदिर का निर्माण 16 वीं शताब्दी में छत्रपति शिवाजी के दादाजी मालोजी राजे भोंसले ने करवाया था। इसके बाद इस मंदिर का जीर्णोद्धार 18वीं शताब्दी में इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने करवाया था।

घृष्णेश्वर मंदिर की स्थापत्य कला की स्थापत्य कला की बात करें तो इसकी दीवारों पर देवी-देवताओं की मूर्तियां उकेरी गईं हैं। मंदिर में मौजूद 24 खम्भों पर सुंदर नक्काशी तराशी गई है जिसपर सभा मण्डप बनाया गया है। घृष्णेश्वर मंदिर का गर्भगृह 17 गुणा 17 फुट का है जिसमें पूर्वाभिमुख शिवलिंग स्थापित है। भव्य नंदीकेश्वर सभामण्डप में ही विराजमान हैं। घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की एक विशेष बात यह है कि यहाँ 21 गणेश पीठों में से एक पीठ 'लक्षविनायक' मौजूद है।

# करियर के लिए बेस्ट हैं ये 5 रत्न

**पृथ्वी पर न जाने कितने तरह के खनिज पदार्थ मौजूद हैं। इन्हीं में रत्न भी शामिल हैं। रत्नों का महत्व रत्न शास्त्र और ज्योतिष शास्त्र में बहुत अधिक बताया गया है। व्यक्ति की कुंडली में किसी ग्रह की स्थिति को बैलेंस करना हो तो रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है। ज्योतिष हमें ऐसे 5 रत्नों के बारे में बता रहे हैं। जो हमारे करियर के लिए काफी लाभदायक हो सकते हैं।**

ओपल को शुक्र का रत्न माना जाता है। ओपल रत्न धारण करने से व्यक्ति का जीवन आकर्षण, दया, संस्कृति और विलासिता से भरा रहता है। जो व्यक्ति कपड़े, फैशन, कलाकृतियों, महंगी कार और गहने का व्यापार करते हैं उनके लिए ओपल शुभ माना जाता है।







पन्ना रत्न बुध का रत्न माना जाता है। जो व्यक्ति प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं या फिर कानून के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए पन्ना रत्न बहुत उपयोगी होता है। पन्ना रत्न हमेशा कुंडली में बुध की स्थिति को देखकर ही धारण करना चाहिए। इसके अलावा इसके वजन का अत्यंत महत्व बताया गया है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार गोमेद को राहु का रत्न माना जाता है। इस रत्न में राहु की शक्तियां और गुण मौजूद होते हैं। यह रत्न राहु की नकारात्मक शक्तियों को सकारात्मक शक्तियों में परिवर्तित कर उसके दुष्परिणाम से जातक की रक्षा करता है। जो व्यक्ति प्रौद्योगिकी, पायलट, इलेक्ट्रॉनिक्स, यांत्रिकी और सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में अपना करियर बनाते हैं उनके लिए गोमेद पहनना शुभ होता है।







मूंगा रत्न को मंगल ग्रह के साथ जोड़ा जाता है। इसे धारण करने वाले साहसी और पराक्रमी हो सकते हैं। जो लोग पेट्रोल पंप, ईंट भट्टे, ब्लड टेस्ट, गैस एजेंसी, पहलवानी, सुरक्षा से संबंधित कार्य, पुलिस अधिकारी, सेना, प्रॉपर्टी से संबंधित कार्य करते हैं उन्हें मूंगा रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है। रत्नों का जातक के करियर पर खासा प्रभाव पड़ता है।

अनेक गुणों से भरपूर माणिक्य को धारण करना बेहद लाभकारी होता है। कमजोर सूर्य को मजबूत बनाने में माणिक्य अहम भूमिका निभाता है। राजनीति, व्यवसाय या नेतृत्व करने वाले क्षेत्र में शामिल लोगों के लिए माणिक्य काफी अच्छा माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि माणिक्य धारण करने वाले पर संकट आने की स्थिति में इस रत्न का रंग फीका पड़ जाता है। संकट टलने के बाद इसकी चमक वापस आ जाती है।




# एक ग्वाले ने राजा को समझाया हमें शांति क्यों नहीं मिल पाती है और शांति पाने के लिए क्या करना चाहिए



आज के भागते-दौड़ते जीवन में लोगों के पास सुख-सुविधा की हर चीज है, लेकिन फिर भी काफी लोग अशांत ही हैं। मन की शांति चीजों से नहीं मिलती है। शांति के लिए हमें गलत इच्छाओं को छोड़ने की जरूरत है। जब तक मन में गलत इच्छाएं रहेंगी, हमारा मन शांत हो ही नहीं सकता है। ये बात एक ग्वाले ने एक राजा को समझाई थी।

एक लोक कथा है। कथा एक ऐसे राजा की है, जिसके पास धन-दौलत, बड़े-बड़े महल, शाही खाना, बड़ा राज्य, सुख-सुविधा, सेवक और सब कुछ था, लेकिन नहीं थी तो बस शांति। शांति पाने के लिए राजा कुछ न कुछ कोशिश करते रहता था, लेकिन अशांति दूर नहीं हो रही है।

एक दिन राजा मानसिक तनाव की वजह से दुखी होकर अपने घोड़े पर चढ़ा और जंगल की ओर निकल गया। राजा अकेला ही था, उसके साथ कोई सैनिक या सेवक नहीं थे। जंगल बहुत ही घना था। ऊंचे-ऊंचे पेड़ थे, पेड़ इतने ऊंचे-ऊंचे थे कि सूर्य की रोशनी भी ठीक से नीचे नहीं पहुंच रही थी।

जंगल में भटकते-भटकते राजा को बांसुरी की मधुर आवाज सुनाई देने लगी। राजा आवाज सुनकर हैरान था कि घने जंगल में इतनी मधुर बांसुरी की आवाज कहां से आ रही है।

कौन है जो इतना शांत है और इतनी मधुर बांसुरी बजा रहा है। राजा बांसुरी की आवाज की दिशा में आगे बढ़ने लगा। थोड़ी ही दूर जाकर राजा ने देखा कि एक ग्वाला पेड़ के नीचे बैठा है और बांसुरी बजा है। ग्वाले के कपड़े भी फटे-पुराने थे, माथे पर गमछा लपेट रखा था, उसके चेहरे पर मुस्कान और शांति दिखाई दे रही थी।

राजा सोचने लगा कि मैं इतना धनवान हूं, सेवक हैं, मुझे सुख-सुविधा की कोई कमी नहीं है, फिर मेरे चेहरे पर ऐसी शांति नहीं रहती है, जैसी इस गरीब ग्वाले के चेहरे पर है। ग्वाले के आसपास उसकी गायें घास चर रही थीं। राजा ने उस ग्वाले के पास पहुंचा। ग्वाले ने राजा को देखा तो वह खड़ा हो गया और प्रणाम करने लगा।

राजा ने ग्वाले से पूछा कि भई एक बात बताओ, तुम तो इतने शांत हो जैसे तुम्हारे जीवन में कोई दुख ही नहीं है, इतनी मधुर बांसुरी बजा रहे हो, जबकि तुम्हारे कपड़े देखकर लगता है कि तुम काफी निर्धन हो। ग्वाले ने कहा कि राजन मैं बहुत ही सीधा-साधा ग्वाला हूं। मेरे पास कोई धन-दौलत नहीं है और मैं धनवान बनना भी नहीं चाहता, मैं राजा बनना नहीं चाहता। कहने के लिए तो व्यक्ति राजा बन जाता है, लेकिन असल में वह सेवक होता है। पूरे राज्य का और प्रजा का भार उसके ऊपर होता है। गलत इच्छाएं नहीं हैं तो मैं शांत हूं। राजा से अच्छा तो मैं गरीब ग्वाला ही बेहतर हूं, कम से कम मेरे जीवन में शांति तो है।

ये बातें सुनकर राजा सोच में पड़ गया, एक ग्वाला इतनी अच्छी बातें कह रहा था। राजा को समझ आ गया कि मेरे पास धन-संपत्ति भले ही है, मैं राज्य को और बढ़ाने की कोशिश करते रहता हूं, प्रजा से नए-नए कर के रूप में धन लेने की योजना बनाता हूं, ऐसी ही गलत इच्छाओं की वजह से मेरा मन अशांत है। ग्वाले ने कहा कि राजन सच्ची शांति इच्छाओं का त्याग करने के बाद ही मिल सकती है। जब तक मन में विचार चलते रहेंगे, मन अशांत रहेगा। तरह-तरह के विचार चलते रहेंगे तो तनाव कभी खत्म नहीं होगा।

ग्वाले की बातें सुनकर राजा को शांति पाने का रास्ता मिल गया था। अब राजा ने व्यर्थ इच्छाएं छोड़ दीं। अपने राज्य में ही संतुष्ट रहने लगा तो बहुत ही जल्द उसका मन भी शांत हो गया।

अगर हम तनाव दूर करना चाहते हैं तो हमें भी गलत इच्छाओं को छोड़ना पड़ेगा। वर्ना हमें शांति नहीं मिल पाएगी। शांति पाने के लिए गलत इच्छाएं छोड़ें और ध्यान करें।

# कल किया जाएगा एकादशी व्रत

## 23 अगस्त को मंगलवार और एकादशी का योग; विष्णु जी, श्रीकृष्ण के साथ हनुमान जी की पूजा करने का शुभ मुहूर्त

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद मंगलवार, 23 अगस्त को भगवान विष्णु के लिए ग्यारस का व्रत किया जाएगा। इस दिन भाद्रपद शुक्ल पक्ष की एकादशी है, इसे अजा और जया एकादशी भी कहा जाता है। इस बार मंगलवार को ये तिथि होने से इस दिन विष्णु जी के साथ ही श्रीकृष्ण और हनुमान जी की भी विशेष पूजा करने शुभ योग बन गया है।

स्कंद पुराण में सालभर की सभी एकादशियों का महत्व बताया गया है। हिन्दी पंचांग का महीना दो पक्षों बंटा रहता है।

दोनों पक्षों में एक-एक एकादशी रहती है। इस तरह 12 महीनों में कुल 24 एकादशियां रहती हैं। जिस वर्ष पंचांग में अधिकमास रहता है, उस वर्ष 26 एकादशियां वर्ष में हो जाती हैं। जो लोग सालभर की सभी एकादशियों पर व्रत करते हैं, उन्हें धर्म लाभ के साथ ही स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

एक महीने में कम से कम दो दिन निराहार रहने से पेट संबंधी कई परेशानियां दूर हो सकती हैं। गैस, एसिडिटी, अपच, कब्ज आदि बीमारियों को दूर करने के लिए भी लिए व्रत लाभदायक रहता है।

### एकादशी पर ऐसे कर सकते हैं विष्णु जी का पूजन

भगवान विष्णु के साथ लक्ष्मी जी का भी पूजन करना चाहिए। सबसे पहले विष्णु-लक्ष्मी की प्रतिमाओं को स्थापित करें। इसके बाद शुद्ध सुगंधित जल से अभिषेक करें। इसके बाद दक्षिणावर्ती शंख में केसर मिश्रित दूध भरें और अभिषेक करें। गंगा जल चढ़ाएं।

फूलों से और रेशमी वस्त्रों के साथ भगवान का श्रृंगार करें। तुलसी के साथ मिठाई का भोग लगाएं। धूप-दीप जलाएं। आरती करें।



पूजा में एकादशी व्रत करने का संकल्प करें।

### व्रत कर रहे हैं तो इन बातों का ध्यान रखें

एकादशी व्रत करने वाले व्यक्ति को दिन में एक समय फलाहार करना चाहिए। रात में भगवान विष्णु के सामने दीपक जलाएं।

भगवान के मंत्रों का जप करें। अगले दिन यानी द्वादशी पर किसी ब्राह्मण को दान-दक्षिणा दें। इसके बाद भोजन ग्रहण करें। अभी बारिश का समय चल रहा है तो इन दिनों में छाते का और अनाज का दान जरूर करें।

### ऐसे कर सकते हैं हनुमान जी की पूजा

हनुमान जी के मंदिर जाएं या घर के मंदिर में ही पूजा की व्यवस्था करें। हनुमान जी की प्रतिमा या तस्वीर या श्रीराम दरबार के सामने धूप-दीप जलाएं और हनुमान चालीसा का पाठ करें। ॐ रामदूताय नमः मंत्र का जाप कम से कम 108 बार करें।

### ऐसे कर सकते हैं श्रीकृष्ण की पूजा

घर में स्थित बाल गोपाल का पंचामृत से अभिषेक करें। इसके बाद शुद्ध जल से स्नान कराएं। भगवान को पीले चमकीले वस्त्र अर्पित करें। फूलों से श्रृंगार करें। तुलसी के साथ माखन-मिश्री का भोग लगाएं। धूप-दीप जलाकर आरती करें। कृं कृष्णाय नमः मंत्र का जप करें।

## मेरी वजह से बढ़ी है रेलवे की आय : करीना कपूर ट्रोलर्स बोले- इनको रेलवे की पेंशन दिलवाओ



करीना कपूर अपने बयानों को लेकर आए दिन चर्चा में रहती हैं। हाल ही में बेबो ने अपनी फिल्म 'जब वी मेट' को लेकर कुछ ऐसा बोल दिया कि जिसके बाद लोगों ने उन्हें खूब ट्रोल किया। दरअसल करीना कपूर इन दिनों फिल्म लाल सिंह चड्ढा के प्रमोशन में बिजी हैं, जिस सिलसिले में एक्ट्रेस कॉमेडी शो केस तो बनता है में गई थीं। करीना ने शो में अपनी अलग-अलग फिल्मों के बारे में बात की। इसी दौरान एक्ट्रेस ने जब वी मेट फिल्म पर जोक करते हुए कहा कि' मेरी वजह से भारतीय रेलवे की आय बड़ी है'। एक्ट्रेस के इस जोक पर जमकर मीम्स बनाए जा रहे हैं।

**भारतीय रेलवे को लेकर करीना ने कही ये बात**

एक्ट्रेस ने कहा कि 'मेरे गीत के रोल के बाद ही हैरम पैंट्स और भारतीय रेलवे के रेवेन्यू में बढ़ोत्री हुई है'। करीना ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि फिल्म जब भी मेट में गीत और आदित्य ट्रेन पर ही एक-दूसरे से पहली बार मिले थे। ऐसे में करीना ने अपने गीत के किरदार की तारीफ करते हुए ये मजाक कर दिया।

**यूजर्स को नहीं पसंद आया करीना का ये स्टेटमेंट**

एक्ट्रेस का ये मजाक फैंस को खास पसंद नहीं आया। जवाब में एक यूजर ने लिखा 'इसे रेलवे पेंशन दे दो, ये बिना काम के घर बैठेगी। दूसरे यूजर ने एक्ट्रेस का मजाक उड़ाते हुए लिखा कि 'जी हां, यह पहली फिल्म थी जो ट्रेन में शूट की गई। इससे पहले हम सभी को कहां पता था कि हमारे पास ट्रांसपोर्टेशन के लिए रेलवे भी है।

**पहले भी कई बार ट्रोल हो चुकी हैं बेबो**

इससे पहले भी कई ऐसे मौके आए हैं जब बेबो को उनके बेबाक बयानों के चलते ट्रोल किया गया है। अपनी फिल्म वीरे दी वेडिंग की प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस ने फेमिनिज्म पर बयान दिया था, जिस कारण वो ट्रोलिंग का शिकार हुई थीं। इसके अलावा भी कई ऐसे मौके आएं है जब एक्ट्रेस को अपने बयानों के चलते ट्रोल होना पड़ा है।

## सोमी अली ने डिलीट किया सलमान के खिलाफ लिखा पोस्ट:सोशल मीडिया पर सलमान की फिल्म मैंने प्यार किया के पोस्टर को शेयर करके साधा था निशाना



सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड रही पाकिस्तानी एक्ट्रेस सोमी अली ने एक बार फिर उन पर निशाना साधा है। इंस्टाग्राम हैंडल पर सलमान की फिल्म 'मैंने प्यार किया' का पोस्टर शेयर करते हुए सोमी ने सलमान पर अपनी भड़ास निकाली है। पोस्ट में एक्ट्रेस ने उन्होंने एक्टर पर मारपीट करने के आरोप लगाए हैं। सोमी ने बिना नाम लिए अपने पोस्ट में कैप्शन लिखा, 'उसकी पूजा करना बंद करो, वो दूसरों को तकलीफ देने वाला बीमार इंसान है, जिसके बारे में लोगों अभी तक पता नहीं है'।

**सोमी ने डिलीट किया अपना पोस्ट**

सोमी ने 19 अगस्त को यह पोस्ट शेयर किया था। कुछ ही देर में यह तेजी से वायरल होने लगा, जिसके कुछ देर बाद ही उन्होंने यह पोस्ट इंस्टाग्राम से हटा दिया। साल 2022 की शुरुआत में भी सोमी ने इनडायरेक्टली सलमान खान को निशाना बनाया था और उनपर कई आरोप लगाए थे। उस वक्त सोमी ने हॉलीवुड एक्टर हार्वे वीन्स्टीन के बारे में बात की थी, जिस पर कई महिलाओं के साथ रेप और मारपीट के आरोप लगे थे।

सोमी ने सलमान की तरफ इशारा करते हुए कहा कि' बॉलीवुड के हार्वी वीन्स्टीन तुम्हारे बारे में एक सबको पता चल जाएगा। एक दिन वो महिलाएं आगे आकर तुम्हारा सच सामने लाएंगी। जैसा कि ऐश्वर्या राय बच्चन ने किया था। ब्रेकअप के बाद ऐसे कई मौके आए जब सोमी ने अपने और सलमान के रिश्ते खुलकर बात की। जिसमें उन्होंने एक्टर पर उन्हें धोखा देने के आरोप लगाए।

**ऐश्वर्या की वजह से टूटा था सलमान और सोमी का रिश्ता**

मीडिया को दिए इंटरव्यू में सोमी ने बताया था कि सलमान उनके पहले बॉयफ्रेंड थे। लेकिन ऐश्वर्या राय के आने से दोनों का रिश्ता टूट गया। वो सलमान से बहुत प्यार करती थीं, यही वजह थी कि बेहद कम उम्र में एक्ट्रेस फ्लोरिडा से इंडिया तक आ गई थीं।

इतना ही नहीं एक्ट्रेस ने कुछ फिल्मों में काम भी इसलिए किया, ताकि वो सलमान से शादी कर सकें, लेकिन सलमान से उनका रिश्ता खत्म हो गया। इंटरव्यू में सोमी ने बताया था कि उनकी डेब्यू फिल्म 'बुलंद' सलमान के साथ होने वाली थी। दोनों शूटिंग के लिए नेपाल भी गए थे, लेकिन प्रोड्यूसर के साथ पंगे होने की वजह से शूटिंग बंद हो गई और फिल्म कभी बनकर तैयार ही नहीं हो सकी।

## बॉलीवुड फिल्मों के खराब परफॉर्मेंस पर बोले अक्षय कुमार : मुझे समझना होगा कि ऑडियंस को क्या चाहिए और फिर बदलाव करने होंगे



अक्षय कुमार ने हाल ही में बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड फिल्मों के खराब परफॉर्मेंस पर बात की है। अक्षय ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'कटपुतली' के ट्रेलर लॉन्च में कहा कि हमें समझने की जरूरत है कि ऑडियंस को फिल्मों में क्या चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हम अपनी फिल्मों की नाकामयाबी के लिए किसी और को दोषी नहीं ठहरा सकते हैं।

'कटपुतली' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान अक्षय से बॉलीवुड फिल्मों के खराब प्रदर्शन को लेकर सवाल किया गया। इस पर अक्षय ने कहा, ₹हमारी कमी की वजह से फिल्में नहीं चल रही हैं। मेरी गलती की वजह से फिल्म नहीं चली। मुझे कुछ बदलाव करने होंगे। मुझे समझना होगा कि ऑडियंस क्या चाहती है। मैं अपनी तरफ से बदलाव करना चाहता हूं। फिल्मों के फ्लॉप होने पर किसी दूसरे को ब्लेम क्यों करना बल्कि मैं खुद को इस चीज का दोषी मानता हूं।

**'कटपुतली' साउथ फिल्म का रीमेक है**

अक्षय ने इवेंट में कठपुतली डांस कर सबको सरप्राइज कर दिया। फिल्म के डायरेक्टर रंजीत एम तिवारी ने बताया कि कटपुतली साउथ फिल्म से इंस्पायर है। उन्होंने कहा, यह फिल्म रत्सासन से इंस्पायर है। इसका नाम कभी मिशन सिंड्रेला था ही नहीं, हमेशा से ही इसका टाइटस कटपुतली ही थी। हमने फिल्म की शूटिंग मसूरी और उत्तराखंड में की है।

**2 सितंबर को ओटीटी पर आएगी फिल्म**

ट्रेलर में दिखाया गया है कि फिल्म की कहानी एक स्मॉल टाउन कसौली में सेट की गई है। फिल्म की कहानी पुलिस और सीरियल किलर के बारे में हैं। अक्षय कुमार और पुलिस की सारी टीम किलर की तलाश करती है। फिल्म 2 सितंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम की जाएगी।

**अक्षय कुमार के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स**

अक्षय के पास कटपुतली के अलावा कई फिल्में हैं। अक्षय इन दिनों 'सुराराई पोतरू' की शूटिंग कर रहे हैं। उनके पास जैकलीन फर्नांडिस और नुसरत भरूचा के साथ 'राम सेतु' फिल्म भी है। अक्षय ने यामी गौतम और पंकज त्रिपाठी के साथ 'ओह माय गॉड 2' की शूटिंग भी कर ली है।

## कार्तिक आर्यन ने पूरे किए इंडस्ट्री में 11 साल

### एक्टर ने कहा- मुझे गर्व है कि मैंने सब कुछ अपने दम पर हासिल किया है



बॉलीवुड के सबसे पॉपुलर एक्टर्स में से एक कार्तिक आर्यन ने हाल ही में शोबिज इंडस्ट्री में 11 साल पूरे किए हैं। एक इंटरव्यू में कार्तिक ने इस खास मौके पर बॉलीवुड में अपनी जर्नी के बारे में बात की है। कार्तिक ने कहा कि वो खुद पर प्राउड फील करते हैं, क्योंकि उन्होंने सब अपने दम पर हासिल किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि स्मॉल टाउन से होने की वजह से वो खुद को ऑडियंस से रिलेट कर पाते हैं।

**11 सालों में 11 फिल्में**

कार्तिक ने एचटी ब्रंच के साथ फिल्मों में अपनी जर्नी के बारे में बात की है। 11 सालों में 11 फिल्मों के बारे में कार्तिक कहते हैं, ₹मुझे इस बात पर प्राउड फील होता है कि मैंने यह सब कुछ अपने दम पर हासिल किया है। बहुत सारे लोगों ने मेरे ऊपर विश्वास रख, मुझे इस मुकाम तक पहुंचने में मदद की है। उन्होंने लिनिएज के बजाय क्राफ्ट को चुना।₹

**कार्तिक छोटे शहर से होने की वजह से ऑडियंस से रिलेट कर पाते हैं**

कार्तिक ने बताया कि क्या ऐसी चीज है जो उन्हें ऑडियंस से रिलेट कर पाती है। इस पर एक्टर ने कहा, मेरी जड़ें, ग्वालियर जैसे स्मॉल टाउन में पला-बढ़ा, यही मुझे खुद से जोड़कर रखता है। मैं हमेशा ऐसा ही इंसान रहूंगा। साथ ही, एक छोटे से शहर से होने के कारण न केवल मुझे टॉप पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, बल्कि यह मुझे जमीन से भी जोड़े रखता है। मैं अब भी वापस ग्वालियर जाकर वैसी ही लाइफ जी सकता हूं।

**'भूल भुलैया 2' इस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म रही**

बता दें, कार्तिक की फिल्म 'भूल भुलैया 2' इस साल की सबसे बड़ी हिट रही है। इस फिल्म में कार्तिक ने रूह बाबा का रोल प्ले किया था। कार्तिक के अलावा फिल्म में कियारा आडवाणी, राजपाल यादव और तब्बू भी लीड रोल में थे। 90 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने वर्ल्ड वाइड 250 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था।

## निक्की तंबोली कभी प्रतीक सहजपाल के साथ करना चाहती थी शादी, अब मनन शाह को कर रही हैं डेट



रियलिटी शो 'बिग बॉस' फेम एक्ट्रेस निक्की तंबोली अक्सर किसी न किसी वजह से चर्चा में बनी रहती हैं और साथ ही में वो लगातार अपने सोशल मीडिया से भी तहलका मचाती रहती हैं. इसके अलावा निक्की अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी बेबाक हैं और अगर उन्हें कोई अच्छा लगता है तो सरेआम वह कह देती हैं. खास बाते ये है कि निक्की तंबोली को पहले 'खतरा खतरा' शो में पार्टिसिपेशन के दौरान प्रतीक सहजपाल संग जोड़ा गया था. इसमें उन्होंने प्रतीक से शादी करने की इच्छा जाहिर की थी, हाल ही में, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उन्होंने अपने 'प्यार' को बर्थडे विश किया है.तो आइए जानते हैं कि आखिर कौन है वो शख्स.

निक्की तंबोली फोटोज में मनन शाह के साथ दिखाई दीं, फोटोज में एक्ट्रेस ने उन्हें गले लगाया हुआ था. इन तस्वीरों को साझा करते हुए निक्की तंबोली ने लिखा, "हमारा एक प्यार है जो कि बिल्कुल निविदा की तरह सच है. मेरे लवर और मेरे बेस्ट फ्रेंड मनन शाह को जन्मदिन की ढेर सारी बधाइयां." निक्की तंबोली की इस पोस्ट पर खुद मनन ने भी जवाब दिया और लिखा, "आपका शुक्रिया निक्की."

जहां निक्की हमेशा की तरह ग्लैमरस अंदाज में नजर आ रही हैं, वहीं मनन ब्लैक टी-शर्ट और मैचिंग पैंट में देखे जा सकते हैं. बता दें कि, मनन शाह एक एन्टरप्रेन्योर और 'Avalance' के फाउंडर हैं. वहीं निक्की तंबोली साउथ इंडस्ट्री की कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, लेकिन उन्हें असली पहचान 'बिग बॉस 14' से मिली थी और उन्होंने अपने बोल्ड अवतार से लोगों का मनोरंजन किया था. इसके अलावा वह अपनी सबसे बड़ी कमाई करने वाली तमिल फिल्म 'कंचना 3' से फेमस हुई थीं.

## विजय देवरकोंडा ने दी 'लाइगर' के हिट होने की गारंटी, तबीयत खराब होने के बाद भी कर रहे ये काम



'लाइगर' की रिलीज के लिए उलटी गिनती के साथ, अभिनेता विजय देवरकोंडा को पूरा भरोसा है कि उनकी पहली फिल्म 25 अगस्त को दर्शकों की बेहद पसंद आएगी. रिलीज से पहले, विजय और अनन्या पांडे फिल्म के प्रचार के लिए देश भर का दौरा कर रहे हैं और शनिवार को फिल्म के प्री-रिलीज कार्यक्रम के लिए लाइगर टीम गुंटूर पहुंची. इस आयोजन के लिए एकत्र हुई भारी भीड़ ने आंध्र प्रदेश में विजय देवरकोंडा और 'लाइगर' के प्रति काफी प्रेम दिखाया.

**विजय देवरकोंडा की तबीयत खराब**

विजय देवरकोंडा ने कहा, "मैं पिछले बीस दिनों से प्रति दिन एक शहर का दौरा कर रहा हूं. मेरी तबीयत खराब है लेकिन मैं अभी भी आपके प्यार के कारण यहां आना चाहता था, गुंटूर. 'लाइगर' का प्रमोशन मेरी जीवन भर की यादें हैं. आपके लिए ऐसी कई यादें बनाने के लिए 'लाइगर' मेरा पहला कदम होगा. मैं आपको गारंटी देता हूं, फिल्म धमाल मचा देगी. आपको मेरे लिए एक काम करना चाहिए, आपको 25 अगस्त को गुंटूर में धमाका मचा देना चाहिए. 25 अगस्त को वाट लगा देंगे."

**ब्लॉकबस्टर होगी फिल्म**

एक रिपोर्ट के अनुसार निर्देशक पुरी जगन्नाथ ने भी कोई तनाव नहीं दिखाया और फिल्म को लेकर भरोसा जताया. उनका कहना था कि, "यह भीड़ मुझे ऐसा महसूस कराती है कि यह 'लाइगर' की सफलता का जश्न है. यह फिल्म से पहले प्रचार की तरह नहीं दिखता है. अगर आप में से हर एक टिकट खरीदता है, तो फिल्म ब्लॉकबस्टर होगी." उन्होंने आगे कहा, "विजय, अनन्या और राम्या कृष्णा ने फिल्म में धमाल मचा दिया. माइक टायसन भी हैं. उन्हें कोई नहीं हरा सकता. 'लाइगर' का परिणाम जानने से पहले, हमने एक शेड्यूल शुरू किया और पूरा किया जेजीएम 'लाइगर' के दोगुने बजट के साथ आएगा. यही इस फिल्म पर हमारा विश्वास है."

**अनन्या ने तेलुगु में की बात**

आयोजन स्थल पर भारी भीड़ अनन्या पांडे को अजीब लगी. वो 'लाइगर' से तेलुगु में अपनी शुरूआत कर रही हैं. उन्होंने तेलुगु में कुछ शब्द बोलने की भी कोशिश की. "मुझे तेलुगु दर्शक बहुत पसंद हैं. पुरी गारु ने मुझे यहां आने से पहले गुंटूर के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि, अगर हम गुंटूर में हिट करते हैं, तो पूरा भारत इसकी गूंज सुनेगा. मुझे विजय, पुरी, चार्मी के रूप में अपने तेलुगु डेब्यू के लिए सर्वश्रेष्ठ टीम मिली. मैं रिलीज के बाद गुंटूर आऊंगी और हम धूम मचाएंगे."

बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे है साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा की अपकमिंग फिल्म 'लिगर' को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं. 'लिगर' स्टार विजय देवरकोंडा ने बॉलीवुड अभिनेत्रियों भाग्यश्री दासानी और उर्मिला मातोंडकर पर अपने क्रश के बारे में खुलासा किया. वह अनन्या पांडे के साथ अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए एक डांस रियलिटी शो में नजर आ रहे हैं. विजय देवरकोंडा के क्रश के बारे में सुनकर फैंस भी हैरान हैं. वो दोनों अभिनेत्रियों की फिल्में देखा करते थे.

विजय देवरकोंडा कहतें है, "मैं उर्मिला मैम के साथ-साथ भाग्यश्री मैम का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं, और मैंने आज तक उनका सारा काम देखा है. जब से मैं छोटा था, मुझे उर्मिला मैम और भाग्यश्री मैम पर क्रश था. 'मैं हूं, और मुझे अभी भी उन पर थोड़ा क्रश है." उर्मिला और भाग्यश्री दोनों ही शो में रेमो डिसूजा के साथ जजों के पैनल में नजर आ रही हैं. विजय ने यह भी खुलासा किया कि वह रेमो के बहुत बड़े प्रशंसक हैं और वह 2013 की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' के गाने 'बदतमीज दिल' में उनकी कोरियोग्राफी की प्रशंसा करते हैं.

तेलुगु सुपरस्टार आगे कहते हैं, "मैं रेमो सर के काम का भी बहुत बड़ा प्रशंसक हूं, खासकर 'बदतमीज दिल' में उनकी कोरियोग्राफी के लिए. जब मैंने पहली बार गाना देखा, तो मुझे लगा, मुझे उस व्यक्ति से मिलना है जिसने इस गाने को कोरियोग्राफ किया है". अभिनेता अपनी फिल्म 'लाइगर' के प्रचार में व्यस्त हैं और फिल्म सोशल मीडिया पर बॉयकॉट हैशटैग ट्रेंड के कारण भी सुर्खियां बटोर रही है. 'डीआईडी सुपर मॉम्स' जी टीवी पर प्रसारित होता है.

## सूरज पंचोली की बढ़ी मुश्किलें, मनोवैज्ञानिक ने कहा- 'अधूरी और मनगढ़ंत जानकारी दी'



**जिया खान आत्महत्या** मामले में ऐसा लगता है कि अभिनेता आदित्य पंचोली के बेटे अभिनेता सूरज पंचोली की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं. कुछ दिनों पहले जिया खान की मां राबिया खान ने अदालत में बेटी के लिए न्याय की गुहार लगाते हुए दावा किया था कि उनकी बेटी के आत्महत्या के कोई सबूत नहीं मिले हैं. राबिया खान ने चिल्लाकर कहा था कि उनकी बेटी ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि उसकी हत्या कर दी गई है. एक वैज्ञानिक सीएफएसएल, एक नैदानिक मनोवैज्ञानिक ने सीबीआई की विशेष अदालत को सूरज पंचोली के बारे में कुछ चौंकाने वाला बताया, जिसके बाद हर कोई हैरान हैं.

विशेषज्ञों ने बताया कि सूरज पंचोली द्वारा दिया गया बयान अधूरा और मनगढ़ंत लग रहा था. बता दें कि सूरज पर 2013 में जिया खान को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है, फिलहाल वो जमानत पर बाहर हैं. सूरज पंचोली का फोरेंसिक मनोवैज्ञानिक जांच एक नैदानिक मनोवैज्ञानिक द्वारा किया गया था, जिन्होंने सीबीआई की विशेष अदालत को बताया कि सूरज ने उन्हें जो बयान दिया था, वह मनगढ़ंत था. इंटरव्यू में उन्होंने संबंधित मुद्दों को छुपाया और जिया खान के साथ आखिरी बातचीत के बारे में बताने को भी तैयार नहीं थे. विशेषज्ञ के मुताबिक सूरज पंचोली ने जिया खान के साथ आखिरी बातचीत से कुछ ऐसा छुपाया, जिससे एक्ट्रेस की मौत या आत्महत्या का संबंध हो सकता है.

उस घटना से पहले जिया खान की मानसिक स्थिति जानना बेहद जरूरी था. दूसरी ओर, सूरज पंचोली ने कहा था कि जिया को एक बच्चे की तरह दुख पहुंचा था. उन्होंने कहा था कि अगर मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति का सही समय पर इलाज नहीं किया गया तो स्थिति और खराब हो सकती है. नैदानिक मनोवैज्ञानिक ने यह भी खुलासा किया कि उसने जिया खान द्वारा अपने नकारात्मक विचारों और अपने साथी के साथ टूटे संबंधों का विवरण देते हुए लिखे नोट्स भी देखे थे जो अभिनेत्री की आत्महत्या का कारण हो सकते हैं.

## तलाक के बाद बेहद बोल्ड हो गई हैं सामंथा

### ट्रांसपेरेंट ड्रेस में हिला दिया इंटरनेट



सामंथा रूथ प्रभु के चाहने वाले सिर्फ दक्षिण भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मौजूद हैं. बेशक सामंथा ने हिंदी सिनेमा में कदम भी नहीं रखा है, लेकिन उनके चाहने वाले आज पूरी दुनिया में मौजूद हैं. अपने लेटेस्ट पोस्ट के कारण सामंथा फिर सुर्खियों में आ गई है. लोग उन्हें हमेशा पर्दे पर देखने के लिए बेताब रहते हैं, समांथा ने न सिर्फ अपनी एक्टिंग से बल्कि अपने स्टाइलिश लुक्स से भी हमेशा लोगों का ध्यान खींचा है, फैंस उनसे जुड़ी हर बात को जानने के लिए बेताब रहते हैं वहीं एक्ट्रेस अपने फैंस से जुड़े रहने के लिए सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. इस तस्वीर में समांथा को लेमन कलर की ट्रांसपेरेंट शर्ट पहने देखा जा सकता है। इस दौरान उनका ब्लू ब्रैलेट साफ नजर आ रहा है. साथ ही समांथा ने इस शर्ट के साथ कूल स्कर्ट पेयर किया है. अपने लुक को पूरा करने के लिए उन्होंने ग्लॉसी मेकअप किया है और बाल बिखरे हुए हैं.






# नए जमाने के करियर के लिए जरूरी हैं नये स्किल्स सीखना



देश की आबादी का 50% से ज्यादा 25 साल से कम उम्र का है। इसलिए, उद्योग 4.0 की आवश्यकता एक कार्यकुशल, सुप्रशिक्षित कार्यबल की है जिसके परिणामस्वरूप समय रहते कौशल विकास पर फोकस किया जा रहा है। अभी हाल तक भारतीय कामगारों में सिर्फ 10% को औपचारिक कौशल प्रशिक्षण मिला था और एसपायरिंग माइंड्स के अनुसार, "महज 26% इंजीनियर नौकरी में रखने लायक है, तथा हमारे छात्र अगले दशक के लिए तैयार नहीं हैं।"

व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास को बढ़ावा देना

समय बदल रहा है और भिन्न स्टेकधारकों के साथ मिलकर व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा कौशल विकास को बढ़ावा देने पर नया जोर है। उदाहरण के लिए, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की स्थापना कौशल विकास की पहल को व्यवस्थित करने के लिए की गई है। यही कारण है कि कई व्यावसायिक और कौशल विकास कंपनियां सक्रियता से आवश्यक कौशल प्रशिक्षण देने के काम में लगी हुई हैं। इस अभियान को भारत सरकार की योजना से भी गति मिल रही है। इसके तहत 2022 तक नेशनल स्किल डेवलपमेंट मिशन के जरिए 400 मिलियन भारतीयों को प्रशिक्षण दिया जाना है। कौशल विकास के काम से जुड़ी कंपनियां प्रशिक्षण को अपनी आवश्यकताओं के अनुकूल बना रही है और कौशल के अंतर को पाटने के लिए अपने स्तर से प्रयास कर रही हैं। और इसके लिए एक कुशल व प्रमाणित श्रमिक वर्ग का विकास कर रही है।

संरचना की कमी

देश में लाखों योग्य छात्रों को प्रशिक्षण देने के लिए भारत को बहुत ज्यादा पेशेवर प्रशिक्षण केंद्रों की आवश्यकता होगी। चालू संरचना बढ़ती आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त नहीं है। उद्योग के साथ सरकारी गठजोड़ न सिर्फ कौशल निखारने के लिए आवश्यक होगा बल्कि सही क्षेत्रों में कौशल विकास सुनिश्चित करने के लिए भी इसकी आवश्यकता होगी और यह उद्योग की आवश्यकता के अनुसार होगा। इससे बड़ी संख्या में लोगों की आवश्यकता होगी जो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रबंध करेंगे और लोगों को प्रशिक्षण दे सकेंगे।

मुख्य बातें

प्रौद्योगिकी, ई-कामर्स और दूरसंचार जैसे मुख्य कारण सभी उद्योगों को अपने उत्पाद और सेवाओं के लिए बदलाव की अपनी रणनीति को पुनर्परिभाषित करने के लिए प्रभावित कर रहे हैं। डिजिटल टेक्नालॉजी का आगमन उद्योग को डिजिटल बदलाव के लिए मजबूर कर रहा है

यह तकरीबन सभी क्षेत्रों पर लागू होता है। इनमें टेक्नालॉजी, बीएफएसआई, हेल्थकेयर, रीटेल, परिवहन, आवभगत, पर्यटन, सौंदर्य, टेक्सटाइल, उड्डयन आदि शामिल हैं, तथा इससे प्रतिभा और नए कौशल की भारी आवश्यकताएं खुलेंगी।

नए डिजिटल कोर्स और रोजगार के नए मौके कौशल विकास क्षेत्र में भी खुल रहे हैं।

दो तरह के कौशल

वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम (विश्व आर्थिक मंच) द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट 'फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2018' यह बताती है कि जेनेरिक कौशल अब ज्यादा काम नहीं आएगा। इसकी जगह, दो प्रकार के कौशल सेट सामने आएंगेः पहला, अत्यधिक विकसित तकनीकी क्षमताओं (मशीन लर्निंग, बिग डेटा रोबोटिक्स आदि) और दूसरा, 'मानव' कौशल (बिक्री और विपणन, प्रशिक्षण और विकास, संगठनात्मक विकास आदि) के साथ।

भविष्य के लिए जरूरी है कौशल सीखना

इससे स्पष्ट रूप से पता चलता है कि भविष्य में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल का आधा संज्ञानात्मक हैं, बाकी 50% मानव कनेक्शन और काम में सहयोग पर केंद्रित है।

# बेहतर जॉब के लिए जरूरी हैं डिजिटल स्किल्स

## 46% भारतीय करिअर को लेकर चिंतित हैं डिजिटल स्किल्स न होने के कारण




अब कई वेबसाइट, ब्लॉग और यूट्यूब चैनल हैं जो निशुल्क डिजिटल स्किल्स की जानकारी देते हैं। उदाहरण के तौर पर गूगल डिजिटल गैरेज, मार्केटिंग फंडाज, यूडेमी आदि।

सॉफ्टेवयर कंपनी अल्फाबीटा के मुताबिक 27.3 मिलियन भारतीय पेशेवरों को अगले साल तक बेहतर जॉब के लिए डिजिटल ट्रेनिंग की जरूरत होगी। सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), कंटेंट मार्केटिंग, पेड सर्च एडवरटाइजिंग व डिजिटल मार्केटिंग स्किल्स की मांग सबसे अधिक है। इन सभी स्किल्स को आप अपने मोबाइल या लैपटॉप से ही सीख सकते हैं। रिक्रूटमेंट एजेंसी लिंक्डइन के मुताबिक आप रोज एक घंटा प्रैक्टिस करके छह माह में किसी भी स्किल में मास्टर हो सकते हैं।

करोटेक ट्रेंड को समझने के लिए आप डिजिटल अपडेट्स देने वाली वेबसाइट्स लाइफवायर डॉट कॉम, सीनेट डॉट कॉम की मदद ले सकते हैं।

ज्यादातर नौकरियों में अब डिजिटल स्किल्स को प्राथमिकता मिल रही है। अच्छी बात यह है कि इन स्किल्स को सीखने के लिए आपको कोई प्रोफेशनल कोर्स नहीं करना होगा। आप विभिन्न वेबसाइट्स की मदद से खुद ही सीख सकते हैं। ऑनलाइन स्किल्स सीखने से पहले आपको यह तय करना होगा कि आपके जॉब, बिजनेस या फिर एजुकेशन में कौनसी डिजिटल स्किल्स की जरूरत है। यहां दिए गए टिप्स आपको डिजिटल स्किल्स सीखने में मदद कर सकते हैं।

# तेजी से फैल रही फूड बायोटेक उद्योग 12वीं के बाद इसी में बनाएं करियर

**दिन प्रतिदिन** बदलती दुनिया में लोगों की आदते, रहन सहन, खान पान इत्यादि सभी चीजों में बदलाव देखने को मिल रहा है. बढ़ रही जनसंख्या से खाद्य पदार्थों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है. यही कारण है कि फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री एक बड़ा उद्योग बनकर उभरी है. अगर आप भी फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो यह विकल्प आपके लिए फायदेमंद हो सकता है. क्योंकि वर्तमान समय में प्रोसेस्ड फूड हमारे चारों तरफ दिख रहा है. खाने के आंटे से लेकर पीने के कोल्ड ड्रिंक तक सबकुछ प्रोसेस्ड फूड आईटम है. खबरों की मानें तो फूड प्रोसेस की मल्टी नेशनल कई कंपनियां भारत में आई हैं और भारत सरकार द्वारा भी फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया जा रहा है. ऐसे में इस फील्ड में करियर की कई संभावनाएं लगातार देखने को मिलती रहती हैं.




### क्या है फूड टेक्नोलॉजी?

फूड टेक्नोलॉजी में वे सभी प्रकार के खाद्य सामग्रियां आती हैं जिन्हें खाने योग्य बनाया जाता है. इसी के कारण फूड टेक्नोलॉजी में अब 4 वर्षीय बीटेक कोर्स भी करवाया जाता है. इस कोर्स में अलग अलग खाने पीने की चीजों को केमिकल्स के माध्यम से प्रोसिंसग के बाद फूड प्रोडक्ट तैयार किया जाता है जिन्हें कई महीने या कुछ को सालों बाद तक भी इस्तेमाल किया जा सकता है. क्योंकि ये फूड प्रोडक्ट लंबे समय तक टिकते हैं इसलिए इनके सड़ने गलने का सवाल ही नहीं उठता.

### कोर्स के लिए योग्यता

अगर आप फूड बायोटेक इंडस्ट्री में अपने करियर को बनाना चाहते. ऐसे में उम्मीदवार का कक्षा 12वीं भौतक, रसायन, जीव विज्ञान, होमसाइंस और गणित में होना अनिवार्य है. वहीं इसके लिए आप फूड सांस केमेस्ट्री या माइक्रोबायोलॉजी में स्नातक भी कर सकते हैं. यह कोर्स केवल 4 साल का होता है.

### एंट्रेंस एग्जाम

अगर आप फूड टेक्नोलॉजी में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आप ऑल इंडिया जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम देना होगा. इसके बाद आपको फूड टेक्नोलॉजी और बायोकेमिकल साइंस में सरकारी बीटे कॉलेज में दाखिला मिलेगा. वहीं आईआईटी में प्रवेश पाने के लए जेईई मेन, जेईई एडवांस भर्ती परीक्षा को पास करना होगा.

# भारत में स्वास्थ्य सेवाओं ने युवा आंत्रप्रेन्योर्स के लिए नए रास्ते खोले हैं

**रिसर्च के लिए सीधे ग्राहकों से करें बात, देखें किन सेवाओं की है मांग, 197अरब डॉलर होगी हेल्थकेयर की मार्केट वैल्यू 2025 तक, रेडसीर के मुताबिक**



**ग्रामीण क्षेत्रों** में स्कोप अधिकग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ से जुड़े बिजनेस अधिक फल-फूल रहे हैं। ग्रामीण हेल्थ केयर, मेडकॉर्ड्स, ब्लैकफ्रॉग टेक्नोलॉजी जैसे कई सफल हेल्थकेयर स्टार्टअप्स इसके सफल उदाहरण हैं। रिटेल फार्मेसी, फिटनेस सेंटर्स, फर्टिलिटी सेंटर्स, होम हेल्थ केयर कंपनी, मोबाइल हेल्थकेयर, ऑनलाइन फार्मेसी स्टोर आदि फायदेमंद बिजनेस प्लान्स हैं।

शुरुआती फंडिंग के लिए ऐसे करें अप्लाईफंडिंग के लिए आप स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा एंजेल इन्वेस्टर्स जैसे मुंबई एंजेल्स, इंडियन एंजेल नेटवर्क, हैदराबाद एंजेल नेटवर्क की मदद से आप फंडिंग जुटा सकते हैं। साथ ही अगर आपका कोई फाइनेंशियल बैकग्राउंड नहीं रहा है तो बैंक आसानी से लोन नहीं देते। ऐसे में आप नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनीज व माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशंस से फंड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

हेल्थकेयर स्टार्टअप शुरू करने से पहले यह रिसर्च करें कि आप जिस जगह पर बिजनेस शुरू करना चाहते हैं वहां हेल्थ से जुड़े किन सेवाओं की मांग अधिक है। फिर उसी अनुसार बिजनेस प्लान बनाएं। भारत के सफल उद्यमी कैवल्य वोहरा के मुताबिक रिसर्च के लिए आप सीधे ग्राहकों से बात कर सकते हैं। इससे आपको अंदाजा लग जाएगा कि उस क्षेत्र में हेल्थ से जुड़े किन उत्पादों की मांग अधिक है। इसके अलावा बिजनेस चाहे छोटा हो या बड़ा मदद के लिए किसी पार्टनर की जरूरत होगी। ऐसे में बिजनेस शुरू करने से पहले को-फाउंडर जरूर तैयार करें।

छह साल पहले तक भारत में केवल 471 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स थे जो साल 2022 में बढ़कर 72,993 हो गए हैं। यानी छह साल में स्टार्टअप्स की संख्या में करीब 15,400% की वृद्धि हुई है। स्टार्टअप्स का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट आईएनसी-42 के मुताबिक साल 2021 तक 3,548 हेल्थकेयर स्टार्टअप्स भारत में संचालित हो रहे थे। यही नहीं पिछले कुछ साल से भारत में हेल्थकेयर स्टार्टअप्स को मिलने वाले फंड में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ये सभी आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत में हेल्थकेयर वेंचर्स की जमीन मजबूत हो रही है। स्वास्थ्य सेवाओं ने युवा आंत्रप्रेन्योर्स के लिए नए रास्ते खोले हैं। ऐसे में अगर आप भी स्वरोजगार के बारे में सोच रहे हैं तो हेल्थकेयर का स्टार्टअप बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। लेकिन स्टार्टअप शुरू करने से पहले आपको बेहतर रिसर्च करके स्ट्रैटजी तैयार करनी होगी।

# यूपीएससी परीक्षा में आंसर राइटिंग निभाता है मेन रोल, इन टिप्स की मदद से मिलेंगे अच्छे अंक



यूपीएससी 2022 की मेन परीक्षा 16 सितंबर से 25 सितंबर 2022 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए एक महीने से भी कम का समय बाकी है। यूं तो यूपीएससी की सिविल सर्विस परीक्षा का पूरा प्रोसेस बेहद कठिन है लेकिन जब बात मेन आंसर राइटिंग की आती है तो यह बेहद चैलेंजिंग हो जाता है। ऐसे में अच्छी आंसर राइटिंग प्रैक्टिस की आवश्यकता होती है। आइए आंसर राइटिंग के लिए कुछ बेहतरीन टिप्स के विषय में बात कर लेते हैं जो अच्छे अंक दिला सकते हैं।

### अपने उत्तर को प्रमाणित करने का प्रयास करें

आंसर राइटिंग के दौरान ध्यान दें कि आप अपने आंसर में जो लिखते हैं उसे प्रमाणित भी करें। ऐसा करने से आपके आंसर में वैधता अधिक होगी। अगर आप ऐसा करते हैं तो आपको आंसर राइटिंग में बेहतर अंक प्राप्त होंगे।

### कीवर्ड का इस्तेमाल करें

जब भी आप उत्तर लिखते हैं तो आप यह ध्यान में रखें कि जरूरी विषयों को दर्शाने के लिए कीवर्ड का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से आप जरूरी प्वाइंट्स को हाइलाइट कर पाएंगे और पेपर चेक करने वाले को आइडिया हो जाएगा कि आप क्या कहना चाहते हैं। अच्छे अंक प्राप्त करने का यह सबसे किफायती और आसान आइडिया है।

### आसान भाषा का इस्तेमाल करें

आंसर लिखते समय यह ध्यान रखें कि आप जो भाषा इस्तेमाल कर रहे हैं वो बेहद साधारण हो और आम बोलचाल वाला हो। आपका लेखन आसान, क्लियर और कंप्लीट होना चाहिए। भारी और टेक्निकल शब्दों के इस्तेमाल से बचें।

### प्रेजेंटेशन का ख्याल रखें

आंसर राइटिंग के समय प्रेजेंटेशन का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। साफ-सुथरी हैंडराइटिंग के साथ ही जहां जरूरी हो वहां हेडिंग और सब हेडिंग दें। इसके अलावा टेबल और डाटा का इस्तेमाल भी अपने आंसर में रखें। ऐसा करने से आपके आंसर की क्वालिटी में भी सुधार आएगा।

## 10वीं पास युवाओं के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड में निकली बंपर वैकेंसी

सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने 120 पदों पर भर्ती निकाली है। जिसके लिए 10वीं पास कैंडिडेट्स एचएएल की ऑफिशियल वेबसाइट hal-india.co.in पर जाकर 9 सितम्बर तक ऑनलाइन अप्लाई कर सकते है। कैंडिडेट का सिलेक्शन मेरिट के आधार पर किया जाएगा।

योग्यता

कैंडिडेट्स को किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से 60% अंकों के साथ कक्षा 10वीं पास होना चाहिए।

आयु सीमा

भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए कैंडिडेट्स की आयु सीमा 01-10-2022 को 15 से 18 साल के बीच होनी चाहिए।

सिलेक्शन प्रोसेस

120 पदों पर कैंडिडेट्स का सिलेक्शन डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन के आधार पर किया जाएगा। इसलिए लिए शॉर्टलिस्ट कैंडिडेट की घोषणा की सितंबर महीने में होगी। हालांकि जरुरत पड़ने पर रिटन टेस्ट या फिर इंटरव्यू के आधार पर कैंडिडेट को सिलेक्ट किया जा सकता है।

ऐसे करें अप्लाई

कैंडिडेट सबसे पहले www.apprenticeshipindia.org पर खुद को पंजीकृत करके यूनिक नंबर प्राप्त करें।

अब एचएएल की वेबसाइट www.hal-india.co.in पर जाएं और 'करियर' सेक्शन पर क्लिक करें। इसके बाद भर्ती से संबंधित लिंक के सामने क्लिक करें और फिर गूगल फॉर्म के लिंक पर क्लिक करें। अब मांगी गई जानकारी दर्ज करने के बाद दस्तावेज अपलोड करें और सबमिट बटन पर क्लिक करें। कैंडिडेट सभी जानकारियों को दर्ज करने के बाद आवेदन पत्र को डाउनलोड करें।

अब अपने आवेदन पत्र का प्रिंट आउट निकाल लें।

# सरकारी नौकरी

## गेल में एग्जीक्यूटिव के 282 पदों पर आई भर्ती, 1 लाख से अधिक मिलेगी सैलरी

उम्मीदवार जो इस भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन करना चाहते हैं वो अधिकारिक वेबसाइट gailonline.com पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. आवेदन की प्रक्रिया 16 अगस्त 2022 से शुरू कर दी गई है. सरकारी करने की चाह रखने वाले युवाओं के लिए खुशखबरी है. दरअसल गेल इंडिया ने नॉन एग्जीक्यूटिव पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं. उम्मीदवार जो इस भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन करना चाहते हैं वो अधिकारिक वेबसाइट gailonline.com पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. आवेदन की प्रक्रिया 16 अगस्त 2022 से शुरू कर दी गई है. उम्मीदवार डायरेक्ट लिंक https://www.gailonline.com/home.html के माध्यम से भी इन पदों पर आवेदन कर सकते हैं. इस लिंक GAIL Recruitment 2022 Notification PDF के जरिए भर्ती संबंधित अधिकारिक नोटिफिकेशन को भी देख सकते हैं. बता दें कि इस भर्ती के जरिए कल 282 पदों पर भर्तियां निकाली जाएंगी.

योग्यता :आवेदन करने वाले उम्मीदवार आवेदन से पूर्व अधिकारिक नोटिफिकेशन नें एक बार शैक्षिक योग्यता संबंधित जानकारी जरूर देख लें. इसके बाद ही आवेदन की प्रक्रिया को संपन्न करें.

आयुसीमा : आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 56 वर्ष होनी चाहिए।

## सीमा सड़क संगठन में आई बंपर भर्ती, 10वीं और ग्रैजुएट पास उम्मीदवार जल्दी करें आवेदन

सीमा सड़क संगठन ने जनरल रिजर्व इंजीनियरिंग फोर्स के पदों पर आवेदन मांगे है. इच्छुक और योग्य उम्मीदवार जो इन पदों पर आवेदन करना चाहते हैं वो अधिकारिक वेबसाइट bro.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. सीमा सड़क संगठन ने जनरल रिजर्व इंजीनियरिंग फोर्स के पदों पर आवेदन मांगे है. इच्छुक और योग्य उम्मीदवार जो इन पदों पर आवेदन करना चाहते हैं वो अधिकारिक वेबसाइट bro.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. बता दें कि इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 सितंबर 2022 है. उम्मीदवार डायरेक्ट लिंक http://www.bro.gov.in/ के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं. इस भर्ती के जरिए कुल 246 पदों पर उम्मीदवारों की भर्तियां की जाएंगी.

शैक्षिक योग्यता :उम्मीदवार जिन्होंने 10वीं और ग्रैजुएशन पास किया है वे इस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकते हैं. बता दें कि आवेदन करने से पूर्व एक बार अधिकारिक नोटिफिकेशन में शैक्षिक योग्यता संबंधित जानकारी जरूर प्राप्त कर लें. आवेदन शुल्क भर्ती परीक्षा में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों आवेदन शुल्क के रूप में 50 रुपये का भुगतान करना होगा.

पत्राचार का पता :उम्मीदवार भरे हुए आवेदन फॉर्म को प्रासंगिक डॉक्यूमेंट को कमांडेंट GREF सेंटर, दिघी कैंप, पुणे- 411 015 को भेज सकते हैं.

## तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग ने डिपार्टमेंटल अकाउंट ऑफिसर के 53 पदों पर निकाली भर्ती

तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग के तहत डिपार्टमेंटल अकाउंट्स ऑफिसर ग्रेड- II के पदों को भरने के लिए आवेदन मांगे हैं। योग्य उम्मीदवार जो इन पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे तेलंगाना राज्य लोक सेवा की ऑफिशियल वेबसाइट tspsc.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया 17 अगस्त से शुरू हो गई है।

पदों की संख्या : 53

खास तारीखें : आवेदन की आखिरी तारीख : 6 सितंबर 2022

योग्यता : उम्मीदवारों के पास भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएट की डिग्री होनी चाहिए।

आयु सीमा : उम्मीदवारों की उम्र 18 से 44 वर्ष के बीच होना चाहिए। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट दी गई है।

आवेदन शुल्क : सभी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 200 रुपये हैं। जबकि परीक्षा शुल्क 120 रुपये है। कर्मचारियों को परीक्षा शुल्क देने से छूट दी गई है।

सिलेक्शन प्रोसेस : उम्मीदवारों का सिलेक्शन ऑब्जेक्टिव टाइप की रिटन एग्जाम में मिले अंकों के आधार पर किया जाएगा।



## एलआईसी के मृत्यु संबंधी बीमा दावे में पहली तिमाही में 20 फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। कोविड-19 महामारी का प्रकोप कम होने से चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को मिलने वाले मृत्यु संबंधी बीमा दावों में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि यह अभी भी 2020 से पहले के स्तर से अधिक है। एलआईसी के चेयरमैन एम आर कुमार ने विश्लेषकों के साथ चर्चा के दौरान बताया कि पिछले वित्त वर्ष की जून तिमाही में 7,111 करोड़ रुपये के मृत्यु दावों का निपटारा किया गया था जबकि इस वर्ष पहली तिमाही में इस श्रेणी के 5,743 करोड़ रुपये के बीमा दावे ही मिले। कुमार ने कहा, "पॉलिसीधारक की मौत से संबंधित बीमा दावों में गिरावट आई है और स्पष्ट तौर पर इसकी वजह कोविड-19 के प्रकोप में कमी आना है।" एलआईसी में कार्यकारी निदेशक एवं नियुक्त बीमांकक दिनेश पंत ने कहा कि महामारी से पहले तक दावों की दर स्थिर थी। कोविड की वजह से बीते दो वर्ष में दावों की संख्या बढ़ी है।

उन्होंने कहा, "चालू तिमाही (सितंबर तिमाही) से यह और सामान्य स्थिति में पहुंचता हुआ नजर आ रहा है। हालांकि यह अभी 2020 के आंकड़ों तक नहीं पहुंचा है। इसमें कुछ समय लगेगा और कुछ मामले देर से संज्ञान में लाए जा सकते हैं।"

# क्या वाकई गेहूं आयात करने जा रही सरकार

### खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने किया खारिज



नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। गेहूं आयात करने की कोई योजना नहीं है क्योंकि देश में घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए इसका पर्याप्त भंडार है।

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने रविवार को उस मीडिया रिपोर्ट को खारिज कर दिया जिसमें गेहूं का आयात किए जाने की आशंकाएं जताई गई थी। विभाग ने साफ किया कि देश में मुख्य खाद्यान्न यानी गेहूं का पर्याप्त स्टाक है। सरकार की गेहूं आयात करने की कोई योजना नहीं है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने कहा कि देश की घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए गेहूं का पर्याप्त भंडार है इसलिए गेहूं आयात करने की कोई योजना नहीं है। गौर करने वाली बात है कि देश के गेहूं उत्पादक इलाकों में बारिश की बेरुखी और प्रचंड गर्मी ने गेहूं की फसल को प्रभावित किया था। लेकिन सरकार का कहना है कि एफसीआई के पास सार्वजनिक वितरण के लिए देश के मुख्य खाद्यान्न का पर्याप्त स्टॉक है इसलिए चिंता की कोई जरूरत नहीं है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के मुताबिक 2021-22 के दौरान 10.684 करोड़ टन गेहूं के उत्पादन का अनुमान है जबकि पूर्व में 11.1 करोड़ टन उत्पादन का अनुमान लगाया गया था। यानी अनुमान के लिहाज से गेहूं के उत्पादन में कमी आई है। बीते दिनों यह भी देखा गया कि रूस यूक्रेन युद्ध के चलते गेहूं के निर्यात को बढ़ावा मिला। नतीजतन स्थानीय मंडियों में गेहूं की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। यही नहीं लू के कारण फसल खराब होने से भी कीमतों में तेजी देखी गई। देख गया कि देश की बड़ी मंडियों में शुमार इंदौर की मंडी में गेहूं की कीमतें 2,400 से 2,500 रुपये प्रति क्विंटल पर जा पहुंचीं। गेहूं कि बढ़ी कीमतों के चलते किसान भी सरकारी मंडियों में जाने से कतराते नजर आए। इसकी मुख्य वजह यह भी थी की सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत गेहूं की कीमत 2,015 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित की थी। यह संयोग ही था कि किसानों को बाजार में गेहूं के एमएसपी से ज्यादा दाम मिल रहे थे।सरकारी मंडियों से किसानों के मोहभंग और निर्यात में बढ़ोतरी के रुख को देखते हुए बाद में केंद्र सरकार को बड़ा कदम उठाना पड़ा। केंद्र सरकार ने समय रहते खाद्यान्न के निर्यात के संबंध में कई नीतिगत हस्तक्षेप किए जिसका असर भी बाजारों में साफ नजर आ रहा है।

# अमेरिकी अर्थव्यवस्था का हाल बताते ये इंडिकेटर

### क्या मंदी की ओर बढ़ रही है दुनिया की आर्थिक महाशक्ति ?

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक अर्थव्यवस्था अभी मंदी के दौर से गुजर रही है। लेकिन इस सप्ताह सामने आए डाटा से अमेरिकी इकोनॉमी के लिए मिले जुले संकेत मिले हैं। महंगाई में उछाल और आगे वाली मुश्किलों के संकेतों के लिहाज से मजबूती नजर आ रही है। उपभोक्ताओं ने खर्च जारी रखा है। वहीं बेरोजगारी से जुड़े लाभ लेने के लिए आवेदन भी ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया है। इसी बीच कभी तेजी से बढ़ रहा हाउसिंग मार्केट लगातार बिगड़ रहा है। मैन्युफैक्चरिंग की रफ्तार में सुस्ती है। एक सर्वे के मुताबिक, लगभग 26 फीसदी मैन्युफैक्चरर्स ने गतिविधियां बढ़ने की बात कही है, वहीं 20 फीसदी ने कमी के संकेत दिए हैं। ये पांच इंडिकेटर अमेरिकी अर्थव्यवस्था का हाल बता रहे हैं।जुलाई में गैसोलिन की कीमतों में गिरावट सेंटीमेंट मजबूत हुआ है और लोगों के पास खर्च करने के लिए ज्यादा पैसा बच रहा है। जुलाई में गैसोलिन और मोटर व्हीकल्स को छोड़कर खुदरा बिक्री उम्मीद से ज्यादा 0।7 फीसदी बढ़ी। बिल्डिंग मैटेरियल्स आउटलेट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और अप्लायंसेज स्टोर्स और ऑनलाइन रिटेलर्स सहित मर्चेंट्स की एक रेंज में खर्च में बढ़ोतरी हुई है।आंकड़ों से पता चलता है कि इकोनॉमी की मुख्य समस्या इस पीढ़ी के सामने मौजूदा सबसे ज्यादा महंगाई है। हालांकि, खर्च में अब ज्यादा आवश्यक वस्तुओं पर जोर है, क्योंकि महंगाई ने कंज्यूमर्स को बेसिक आइटम्स पर ज्यादा खर्च करने को मजबूर कर दिया है। लोग ट्रैवल जैसी सर्विसेज पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। हालांकि, वॉलमार्ट इंक और टारगेट कॉर्प जैसे रिटेलर्स ने कीमतों में कटौती के बाद इस सुस्ती के बाद अच्छे शॉपिंग सीजन की तैयारियां शुरू कर दी है।हाउसिंग मार्केट में कर्ज की ऊंची लागत और डिमांड घटने के कारण सुस्ती का दौर जारी रहने का अनुमान है। पिछले महीने कंस्ट्रक्शन में गिरावट रही, जो 2021 की शुरुआत से सबसे कम रफ्तार थी और घरों की बिक्री लगातार छठे महीने गिरावट के साथ दो साल से ज्यादा समय के निचले स्तर पर पहुंच गई। वहीं ज्यादा बायर्स द्वारा होम परचेज डील्स रद्द किए जाने से सेक्टर की चिंताएं बढ़ गई हैं।हाउसिंग की तुलना में अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मैन्युफैक्चरिंग में क्या हो रहा है। हफ्ते की शुरुआत में, ऑर्डर और शिपमेंट में गिरावट के बीच न्यूयॉर्क स्टेट फैक्ट्री एक्टिविटी में अगस्त में सुस्ती रही, जो 2001 से अभी तक की दूसरी सबसे तेज गिरावट थी।13 अगस्त को समाप्त सप्ताह में बेरोजगारी से जुड़े लाभ के लिए आवेदन ऐतिहासिक निचले स्तरों पर पहुंचने के साथ लेबर मार्केट से जुड़े आंकड़ों में मजबूती देखने को मिली। फेड मैन्युफैक्चरिंग के आंकड़ों से मजबूत हायरिंग आउटलुक के भी संकेत मिले हैं।

# त्योहारी सीजन में बढ़ेगा उत्पादन

### मांग बढ़ने से उद्योग जगत को मिलेगी मजबूती, उपभोक्ताओं को भी राहत के आसार



नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय का मानना है कि त्योहारी सीजन में मैन्यूफैक्च¨रग में अच्छी बढ़ोतरी हो सकती है। क्योंकि पिछले कुछ महीनों से औद्योगिक ¨जसों की कीमतें घट रही हैं और त्योहारी सीजन में उपभोक्ता मांग में भी इजाफा होगा। मंत्रालय का मानना है कि ग्रामीण और शहरी दोनों जगहों पर उपभोक्ता खपत में बढ़ोतरी होगी। औद्योगिक जिंसों के दाम कम होने से त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं को बढ़ी हुई कीमतों पर वस्तुएं नहीं खरीदनी पड़ेगी। आरबीआइ के सर्वे में भी कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में मैन्यूफैक्चरिंग इकाइयों के उत्पादन और नए ऑर्डर में बढ़ोतरी होगी। मैन्यूफैक्चरिंग और कैपिटल गुड्स में पिछले तीन महीनों से लगातार दहाई अंक में बढ़ोतरी भी मैन्यूफैक्चरिंग में तेजी के संकेत दे रही है। सितंबर माह से त्योहारी सीजन शुरू हो रहा है जो साल के आखिर तक रहेगा। वित्त मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण पश्चिम मानसून के कारण खरीफ की बुवाई को मदद मिल रही है और न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से ग्रामीण मांग में बढ़ोतरी की संभावना है। मंत्रालय के मुताबिक संपर्क से चलने वाले सेक्टर से लोग अब परहेज नहीं कर रहे हैं और लोग खुलकर सैर-सपाटे के साथ होटल व रेस्टोरेंट में जा रहे हैं। इससे शहरी इलाकों की खपत में इजाफा होगा। मंत्रालय के मुताबिक टूरिज्म, होटल जैसे उद्योग एक बार फिर से कोरोना काल से पूर्व की स्थिति में पहुंच रहे हैं। पिछले दो महीने से सेवा सेक्टर के परचेजिंग मैनेजर इंडेक्स (पीएमआई) में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस साल फरवरी माह के आखिर में रूस यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद स्टील, तांबा, एल्युमीनियम, जिंक, चांदी जैसे औद्योगिक जिंसों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई थी।

# मिथिला के मखाने को मिला जीआई टैग जानिए कैसे और किसे मिलता है यह सम्मान



नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के मिथिला में एक कहावत मशहूर है- पग-पग पोखरि, माछ-मखान। केंद्र सरकार ने मिथिला के मखाना को जियोग्राफिकल इंडिकेशन टैग दे दिया है। इससे मखाना उत्पादकों को अब उनके उत्पाद का और भी बेहतर दाम मिल पाएगा। मिथिला के मखाने अपने स्वाद, पोषक तत्व और प्राकृतिक रूप से उगाए जाने के लिए प्रख्यात है। भारत के 90% मखानों का उत्पादन यहीं से होता है। इससे पहले बिहार की मधुबनी पेंटिंग, कतरनी चावल, मगही पान, सिलाव का खाजा, मुजफ्फरपुर की शाही लीची और भागलपुर के जरदालू आम को जीआई टैग दिया जा चुका है। इसकी जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, 'जीआई टैग से पंजीकृत हुआ मिथिला का मखाना, किसानों को मिलेगा लाभ और आसान होगा कमाना। त्योहारी सीजन में मिथिला मखाना को जीआई टैग मिलने से बिहार के बाहर भी लोग श्रद्धा भाव से इस शुभ सामग्री का उपयोग कर पाएंगे।' आमतौर पर उपवास में इस्तेमाल होने वाले मखाने हेल्दी स्नैकिंग का हिस्सा रहे हैं। यह ऐसी फसल है, जिसे पानी में उगाया जाता है। मखाने में करीब 9.7 ग्राम प्रोटीन और 14.5 ग्राम फाइबर होता है। यह कैल्शियम का बहुत अच्छा स्रोत है। वर्ल्ड इंटलैक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक जियोग्राफिकल इंडिकेशंस टैग एक प्रकार का लेबल होता है जिसमें किसी प्रॉडक्ट को विशेष भौगोलिक पहचान दी जाती है। ऐसा प्रॉडक्ट जिसकी विशेषता या फिर प्रतिष्ठा मुख्य रूप से प्राकृति और मानवीय कारकों पर निर्भर करती है। भारत में संसद की तरफ से सन 1999 में रजिस्ट्रेशन एंड प्रोटेक्शन एक्ट के तहत 'जियोग्राफिकल इंडिकेशंस ऑफ गुड्स' लागू किया था।

## किन सेवाओं पर चार्ज वसूलते हैं बैंक..? खाता खोलने से पहले ये बातें जानना भी जरूरी

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। आप एक ग्राहक के रूप में ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से कई बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करते हैं। इनमें से कुछ सेवाएं मुफ्त हैं, जबकि कुछ पर बैंक चार्ज वसूलते हैं। बैंक ज्यादातर अपने ग्राहकों को मुफ्त सेवाएं देते हैं। इन सेवाओं में मुफ्त एटीएम कार्ड, चेकबुक और ऑनलाइन सेवाएं शामिल होती हैं। आमतौर पर एक सीमा के दायरे में सेवाएं मुफ्त होती हैं। लेकिन, कुछ सेवाओं के सीमा से अधिक इस्तेमाल पर शुल्क वसूला जाता है। ऐसे में बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने से पहले, आपको बैंकों की ओर से लगाए जाने वाले तमाम तरह के शुल्क के बारे में पता होना चाहिए। आइए जानें बैंक किन सेवाओं पर शुल्क वसूलते हैं। अक्सर बैंकों की ओर से सेवाओं पर लगाया जाने वाला शुल्क नाममात्र का होता है। यह केवल तभी लगाया जाता है जब खाताधारक की ओर से मुफ्त सेवाओं निर्धारित सीमा पार हो जाती है। उदाहरण के लिए, यदि आपका बैंक बैलेंस न्यूनतम बैलेंस सीमा से नीचे चला जाता है, तो आपको शुल्क का भुगतान करना होगा।

इसी तरह मुफ्त एटीएम निकासी की संख्या भी निर्धारित होती है, इससे परे जाने पर शुल्क लागू हो सकते हैं।

# केसीआर का पतन पहले से निश्चित : गज्जला योगानंद



हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शेरीलिंगमपल्ली विधानसभा प्रभारी गज्जला योगानंद, सेरीलिंगमपल्ली डिवीजन व चंदननगर डिवीजन के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ चंदानगर डिवीजन के गोलापल्ली रामरेड्डी गार्डन से मुनुगोडु में आत्म गौरव सभा के लिए रवाना हुए।इस मौके पर गज्जला योगानंद ने कहा कि मुनुगोडु में बीजेपी की जीत तय हो गई है। इस डर से कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह मुनुगोडु आ रहे हैं, उन्होंने एक दिन पहले मुनुगोडु में सीएम केसीआर द्वारा आयोजित बैठक में भावुक शब्द नहीं बोले। उन्होंने कहा कि लोगों ने कितने भी शब्द कहे, उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था। तेलंगाना के लोग बीजेपी की तरफ देख रहे हैं और लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को मजबूत करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दुब्बाका और हुजूराबाद में जो हुआ, वही अतीत में होगा, और टीआरएस सरकार के दिन करीब आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई धनराशि से विकास कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर रंगारेड्डी शहरी जिला मुख्य सचिव चिंताकिंडी गोवर्धन गौड़, बुची रेड्डी, कंचना कृष्णा, राजू शेट्टी कुरुमा, गोलापल्ली राम रेड्डी, महिपाल रेड्डी, मारम वेंकट, बोब्बा नवता रेड्डी, राकेश दुबे, जी। श्रीनिवास रेड्डी, पवन, शांति भूषण रेड्डी, बिमानी विजया लक्ष्मी, कृष्णवेनी स्वाति, शिव कुमार वर्मा, सैफुल्ला खान, वेणु गोपाल, सत्य कुर्मा, सी. बलाराजू, पी. कौशल्या, बी. सत्यनारायण, जे. श्रीकांत, साईं वेंकट गौड़ और अन्य चले गए।

# हिंदी लेखक संघ की मासिक साहित्य गोष्ठी का आयोजन



हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदी लेखक संघ हैदराबाद की 572वीं मासिक साहित्य गोष्ठी का आयोजन नामपल्ली स्थित हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के सभागृह में संपन्न हुआ।

उर्दू और हिंदी के वरिष्ठ शायर फरीद सहर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और गोलकोण्डा दर्पण के संपादक व कवि गोविंद अक्षय ने संचालन किया। मासिक साहित्य गोष्ठी में कवि कुंज बिहारी गुप्ता के नवीन कविता संग्रह -कुंज की भावना- पर समीक्षिका श्रीमती सुधा ठाकुर ने सारगर्भित समीक्षा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि कुंज बिहारी गुप्ता ने अपने कविता संग्रह में सामाजिक विषयों पर अपनी कविताएँ लिखी हैं जैसे देशभक्ति, नारी शिक्षा, भारतीय संस्कार, देश की राजनीति, पारिवारिक रिश्ते, आतंकवाद, देश में भ्रष्टाचार, देशद्रोह, देश की सुरक्षा, हमारा हैदराबाद इत्यादि हर सामाजिक समस्या पर एक कविता लिखी है। अग्र समाज के खेवनहारों कविता के माध्यम से कुंज बिहारी ने अपने समाज को प्रेरित किया है। इस अवसर पर सामूहिक चर्चा भी संपन्न हुई, जिसमें भाग लेते हुए हैदराबाद के जाने-माने हिंदी लेखकों, कवियों, बुद्धिजीवियों ने कहा कि देश और समाज के प्रति कवि कुंज बिहारी गुप्ता की कविताएँ और उनकी मार्मिक मनोभावनाएँ सराहनीय हैं। उन्होंने अपनी कविताओं में देश और समाज के विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं पर बहुत ही सुंदर ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किये हैं। अध्यक्षीय टिप्पणी में जनाब फरीद सहर ने कहा कि कुंज बिहारी गुप्ता की कविताएँ नवजवानों को प्रेरित करती हैं। इस अवसर पर एक कवि गोष्ठी का आयोजन भी संपन्न हुआ, जिसमें नगरद्वय के कविगण अपनी समसामयिक कविताएँ, गीत, ग़ज़ल और हास्य व्यंग्य की कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को आनंदित किया। कविता पाठ करने वाले कवियों में अनिल कुमार गुप्ता, गोविंद अक्षय, रत्नकला मिश्र, सुधा ठाकुर, दीपक चिंडालिया वाल्मीकि, सदानंद लाल, फरीद सहर, चंपालाल बैद, श्री पूनम जोधपुरी, राजेश पिव्हल आदि के नाम सम्मिलित हैं। सर्वश्री दीपक चावरिया, ठाकुर प्रभात सिंह आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। संयोजिका रत्नकला मिश्र के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पौधारोपण करना सबकी जिम्मेदारी: जिला कलेक्टर



आसिफाबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कुमरम भीम आसिफाबाद जिला कलेक्टर राहुलराज ने कहा कि जलवायु संतुलन और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रचुर मात्रा में पौधे लगाने की जिम्मेदारी सभी को लेनी चाहिए। स्वतंत्र वज्रोत्सवम के तहत रविवार को जिला केंद्र स्थित जिला परिषद बालिका विद्यालय परिसर में विधायक अतराम सक्कू के साथ हरिताहारम कार्यक्रम का आयोजन किया गयाब इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि वन मानव अस्तित्व का आधार हैं और जिले में वनों का प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जलवायु संतुलन पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी को पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि हरिताहारम के तहत जिले में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि गांवों में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रामीण प्रकृति के वनों की स्थापना की गई है। सभी ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के पौधों को सुरक्षा देने के लिए हरियाली हमारी प्रगति का प्रतीक है। हरे पेड़ हमारी प्रगति की सीढ़ियां हैं और लोगों को राज्य में व्यापक रूप से पेड़ लगाना चाहिए और उनकी देखभाल के उपाय करने चाहिए।

हरियाली के तहत स्कूल परिसर में 250 पौधे रोपे गए। इस कार्यक्रम में जिला ग्रामीण विकास अधिकारी सुरेंद्र, डीएफओ दिनेश कुमार, जिला पंचायत अधिकारी रमेश, एमपीडीओ शशिकला, एमपीओ प्रसाद, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# मुफ्त उपहार कभी भी 'मुक्त' नहीं होते: आरबीआई एमपीसी सदस्य



नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि मुफ्त उपहार कभी भी 'मुक्त' नहीं होते हैं और जब राजनीतिक दल ऐसी योजनाओं की पेशकश करते हैं, तो उन्हें मतदाताओं को उनके वित्त पोषण और अन्य पहलुओं के बारे में बताना चाहिए। उन्होंने रविवार को बताया कि मुफ्त उपहारों की घोषणा के साथ इन सूचनाओं को जोड़ने से लोकलुभावनवाद के प्रति प्रलोभन कम हो जाएगा। गोयल ने आगे कहा कि जब सरकारें मुफ्त सुविधाएं देती हैं तो कहीं न कहीं लागत की भरपाई की जाती है। इनके जरिए ऐसी सार्वजनिक वस्तुओं और सेवाओं में निवेश किया जा सकता है, जो क्षमता निर्माण करती हैं। उन्होंने एक साक्षात्कार में को बताया, "मुफ्त उपहार कभी भी मुफ्त नहीं होते... विशेष रूप से ऐसी हानिकारक सब्सिडी, जो कीमतों को विकृत करती हैं।" उन्होंने कहा कि इससे उत्पादन और संसाधन आवंटन को नुकसान पहुंचता है, जैसे मुफ्त बिजली के कारण पंजाब में पानी का स्तर गिरना। गोयल ने कहा कि इस तरह की मुफ्त सुविधाएं स्वास्थ्य, शिक्षा, हवा और पानी की खराब गुणवत्ता की कीमत पर मिलती हैं, जिनसे गरीबों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने तर्क दिया, "जब राजनीतिक दल ऐसी योजनाओं की पेशकश करते हैं तो उन्हें मतदाताओं को इनके लिए वित्तपोषण और अन्य पहलुओं के बारे में बताना चाहिए। इससे प्रतिस्पर्धी लोकलुभावनवाद के प्रति प्रलोभन कम होगा।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल के दिनों में 'रेवड़ी' (मुफ्त उपहार) बांटने के प्रतिस्पर्धी लोकलुभावनवाद पर प्रहार किया था, जिससे न केवल करदाताओं के धन की बर्बादी होती है, बल्कि आर्थिक नुकसान भी होता है, जो भारत के आत्मनिर्भर बनने के अभियान को बाधित कर सकता है। उनकी टिप्पणी को आम आदमी पार्टी (आप) जैसे राजनीतिक दलों पर निशाने के तौर पर देखा गया, जिन्होंने हाल में पंजाब में मुफ्त बिजली देने की शुरुआत की है और गुजरात में भी मुफ्त बिजली और पानी देने का वादा किया है। इस महीने की शुरुआत में उच्चतम न्यायालय ने चुनाव के दौरान मतदाताओं को दिए जाने वाले तर्कहीन मुफ्त उपहारों की जांच के लिए एक विशेष निकाय के गठन का सुझाव दिया था। गोयल ने कहा कि वैश्विक झटके और ब्याज दर में वृद्धि के बावजूद भारतीय वृद्धि कायम है और भारत का प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर रहा है। उन्होंने कहा कि घरेलू मांग वैश्विक मंदी को कम कर सकती है। उन्होंने भारत का निर्यात बढ़ने की उम्मीद भी जताई।

**अशोकनगर कल्चरल वेलफेयर एसोशिएशन एवं महिला मंडल की सदस्याओं ने जन्माष्टमी मनाई। इसमें भाग लेते हुए अध्यक्ष राममूर्ति व मानद मंत्री बी सूर्यप्रकाश। साथ में हैं अतिथि श्रीमती पूजा गुप्ता व अन्य।**





# विधानसभा का सत्र 19 सितंबर से शुरू होगा

## प्रश्नकाल के नियम को लेकर बीजेपी का विरोध



जयपुर, 21 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा का सत्र 19 सितंबर से शुरू होगा। इस दौरान पंद्रहवी विधानसभा के सातवें सत्र की बैठक होगी। यह सत्र 19 से शुरू होगा। इस सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक आ सकते हैं। उल्लेखनीय है कि विधानसभा का सत्र 28 मार्च को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुआ था। 15वीं राजस्थान विधानसभा के सप्तम सत्र की पुन बैठक19 सितंबर को प्रातः11:00 बजे से होगी। उल्लेखनीय है 15 वी राजस्थान विधानसभा के सप्तम सत्र की बैठक 28 मार्च को साय 5:00 बज कर 54 मिनट पर अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई थी। इस संबंध में राजस्थान विधानसभा के सचिव महावीर प्रसाद शर्मा द्वारा राजस्थान राजपत्र में 21 अगस्त को अधिसूचना प्रकाशित करवाई गई। उल्लेखनीय है कि बजट सत्र के पहले दिन फरवरी महीने में राजस्थान विधानसभा में रीट 2021 पेपर लीक का मामला गूंजा था। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ सुबह 11 बजे विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई। करीब 1 घंटे तक राज्यपाल ने अपना अभिभाषण पढ़ा। इस दौरान भाजपा के सभी विधायक अपनी सीट पर बैठने के बजाय पूरे 1 घंटे तक हाथों में काली तख्तियां लेकर खड़े रहे। इन तथ्यों पर लिखा था की रीट की जांच सीबीआई से कराई जाए। अभिभाषण के बाद शोकाभिव्यक्ति हुई, जिसके बाद सदन की कार्रवाई को शुक्रवार सुबह 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

**सरकार कराएगी महत्वपूर्ण विधेयक पारित**

सरकार पारित करा सकती है महत्वपूर्ण विधेयक पारित करा सकती है। इसमे स्वास्थ्य का अधिकार, जवाबदेही कानून प्रमुख रूप से शामिल है। पिछले सत्र में गहलोत सरकार ने मार्च महीने में नकल पर नकेल कसने के लिए विधानसभा में दो अहम बिल बहस के बाद पारित करवाए। सदन में राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के उपाय) विधेयक 2022 और राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक 2022 चर्चा के बाद पारित हुआ था। विधानसभा में ये विधेयक पारित होने के बाद परीक्षा में नकल करवाने और पेपर लीक करने जैसे मामलों को गैर जमानती अपराध हो गए है। वहीं विधेयक में सरकार ने 5 से 10 साल की सजा और 10 लाख से 10 करोड़ तक के जुर्माने का प्रावधान भी किया।

**प्रश्नकाल के नियम को लेकर शुरू हुआ विरोध**

लगातार दूसरी बार बजट सत्र के बिना सत्रावसान के सदन के बैठक बुलाए जाने के मामले में नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि सरकार ने इसे ट्रेंड बना लिया है जो गलत है इस बारे में राज्यपाल को अवगत करवाया जाएगा।

वहीं भाजपा के वरिष्ठ विधायक वासुदेव देवनानी सातवें सत्र यानी बजट सत्र के दौरान चालीस तारांकित और साठ अतारांकित प्रश्न लगा चुके, लेकिन अब वो कोई सवाल नहीं लगा सकते है। इस मामले में देवनानी ने कहा कि सरकार सवालों से बचाना चाहती है और सत्रावसान नहीं करके इस प्रकार से गली निकाल ली है। सत्र की आड़ में ऐसे सक्रिय. सदस्यों को सवाल लगाने की अनुमति नहीं देना उनके साथ अन्याय है। ऐसे में सक्रियता अभिशाप हो गई है, देवनानी ने कहा कि सत्रावसान नहीं होने के कारण अन्तःसत्रकालीन सवाल भी नहीं लगा सके।

# राजस्थान इंटेलीजेंस ने दिल्ली से पकड़ा पाक जासूस

## पाक खूफिया एजेंसी ने भिजवाई थी सिम और मोबाइल, कई राज्यों में भिजवाए थे आरोपी ने पाक सिम



जयपुर, 21 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान इंटेलीजेंस ने जासूसी के आरोप में आज दिल्ली से एक जासूस को गिरफ्तार किया। पाक खुफिया एजेंसी ने आरोपी के पास मोबाइल और सिम भिजवाई थी। जिसे यह भारत की सामरिक जानकारी पाक खुफिया एजेंसी से साझा कर सके। डीजी इंटेलीजेंस उमेश मिश्रा ने बताया कि राजस्थान सीआईडी इन्टेलीजेंस द्वारा पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की ओर से राजस्थान में की जाने वाली जासूसी गतिविधियों पर नजर रखी हुई हैं। इसी दौरान पता चला की भीलवाडा में बेमाली निवासी नारायण लाल गाडरी (27 वर्ष), सोशल मिडिया के माध्यम से पाक खुफिया एजेंसी से निरन्तर सम्पर्क में है। 14 अगस्त को आरोपी नारायण को गिरफ्तार किया गया जो अभी जेल में बंद हैं। आरोपी नारायण ने पूछताछ में बताया था कि दिल्ली में संजय कॉलोनी, भाटी माइंस निवासी भाग चन्द पुत्र बल्लू राम, उम्र 46 वर्ष उसकी सहायता कर रहा था। जिसे आज इंटेलीजेंस विंग के द्वारा दिल्ली से गिरफ्तार किया गया हैं। आरोपी भागचंद मोबाइल सिम पाक से मंगवाता और उन्हे अपने नेटवर्क में भेज दिया करता था। जहां से ये लोग सस्ते मोबाइल पर डाल कर इस का यूज किया करते थे। ये लोग वॉइस या चैट के जरिए सामरिक जानकारी पाक खुफिया एजेंसी को दिया करते थे। इस के लिए इन बदमाशों को पाक से पैसा भी मिलता था।

**जासूस भागचंद पाक की मोबाइल सिमो से करता था जासूसी**

भाग चन्द पाक हैंण्डलिंग अफसर के सम्पर्क में रहते हुए जासूसी कार्यों में लिप्त था । भागचन्द का जन्म पाकिस्तान में हुआ था जो 22 वर्ष की उम्र में परिवार सहित वीजा लेकर वर्ष 1998 में दिल्ली में आ कर रहने लगा।

## आईएएस-प्री पास कर चुका था सुसाइड करने वाला सीए

जयपुर, 21 अगस्त (एजेंसियां)। अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से कूदकर सुसाइड करने वाले 25 साल के चार्टर्ड अकाउंटेंट रक्षित ने आईएएस बनने का सपना देखा था। साल- 2021 यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन के प्री-एग्जाम को भी पास कर लिया था। बोलता था- पापा जल्द ही IAS बन जाऊंगा, सभी दुख खत्म कर दूंगा। यह कहना है जयपुर के मुहाना इलाके में गुरुवार रात सुसाइड करने वाले रक्षित के पिता रमाकांत का। पिता बोले- मेरे बेटे को मार दिया, उसने सुसाइड नहीं किया।

रमाकांत ने बताया कि वह पत्नी अंजू और बेटे रक्षित (25) व आर्यन (22) के साथ वैशाली नगर में रहते थे। वैशाली नगर में ही कपड़े का बिजनेस था। साल 2007 से भीम सिंह को कॉलोनी में रहने के कारण जानता था। साल 2017 में रुपए की जरूरत बताकर भीम सिंह से 32 लाख रुपए का कर्जा लिया। ब्याज पर लिए रुपए के बदले ब्लैंक चेक और स्टांप भीम सिंह को दिए थे।

# आतंकी हमले में घायल राजस्थान का जवान शहीद

**आर्मी कैंप पर हुआ था हमला; कमर व सिर पर लगी थीं गोलियां**



झुंझुनूं, 21 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान का एक और जवान रविवार को कश्मीर में शहीद हो गया। राजपूताना राइफल्स के हवलदार सतपाल सिंह बीते करीब 10 दिन से उधमपुर (जम्मू-कश्मीर) के आर्मी हॉस्पिटल में एडमिट थे। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में 11 अगस्त को आर्मी कैंप पर हुए हमले वे घायल हो गए थे। बीते 10 दिनों में शेखावटी क्षेत्र के तीन लाल देशसेवा में शहादत दे चुके हैं। सतपाल सिंह झुंझुनूं के जैतपुरा गांव के रहने वाले थे। सिंह के सिर व कमर में गोलियां लगी थीं। गंभीर हालत में उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उनका ऑपरेशन भी सफल रहा था, लेकिन वे रिकवर नहीं कर पाए। रविवार सुबह करीब 7:30 बजे वीरगति को प्राप्त हो गए। आखिरी बार सतपाल ने 10 अगस्त को रक्षाबंधन पर अपने परिवार से बात की थी। उन्होंने कहा था- आप त्योहार मनाओ, हमें तो ड्यूटी करनी है। इसके बाद परिवार वालों को सतपाल के आतंकी हमले में घायल होने की सूचना मिली। सतपाल के बड़े भाई राजेश कुमार ने बताया कि उनकी बांयी आंख के ऊपर सिर में गोली लगी थी। उनका जम्मू आर्मी हॉस्पिटल में 5 घंटे ऑपरेशन चला था।

राजेश भी सेना में नायब सूबेदार हैं। वे सियाचिन में पोस्टेड हैं। राजौरी आतंकी हमले में भाई के जख्मी होने की सूचना मिलते ही वे आर्मी हॉस्पिटल पहुंच गए थे। डॉक्टर्स ने सतपाल के सिर का ऑपरेशन कर गोली निकाली थी। ऑपरेशन होने के बाद तबीयत में सुधार हो रहा था। गोली लगने से इन्फेक्शन गर्दन तक फैला तो ऑपरेशन के लिए उन्हें उधमपुर ले जाया गया। उधमपुर के आर्मी हॉस्पिटल में गर्दन का ऑपरेशन होने के बाद उनके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव चलता रहा। वे 11 दिन आईसीयू में रहे।

# राजस्थान में भारी बारिश की चेतावनी



जयपुर, 21 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में 4 दिन बाद फिर मानसून सिस्टम एक्टिव हो गया है। मौसम विभाग ने आज झालावाड़, कोटा, बारां, बूंदी, सवाईमाधोपुर में बहुत ही भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। यहां 8 इंच से ज्यादा( 115 से 205 मिलीमीटर) तक बारिश होने के आसार है। प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, टोंक, करौली में 4 इंच से ज्यादा( 65 से 115 मिलीमीटर तक) पानी बरस सकता है।

मौसम केंद्र जयपुर ने 22 अगस्त को झालावाड़,प्रतापगढ़ और बारां में बहुत ज्यादा भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। कोटा, बूंदी, टोंक, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर,उदयपुर,पाली में ऑरेंज अलर्ट है। यहां 8 इंच से ज्यादा (205 मिलीमीटर तक) बरसात होगी। भीलवाड़ा, राजसमंद, सिरोही, अजमेर, जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, सीकर, नागौर, बीकानेर, जोधपुर में 4 इंच से ज्यादा ( 65 से 115 मिलीमीटर तक) बारिश होगी। 23 अगस्त को उदयपुर, सिरोही, पाली, जालोर, बाड़मेर, जैसलमेर में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। डूंगरपुर, राजसमंद, नागौर,जोधपुर में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। 24 अगस्त को जैसलमेर, बाड़मेर, जालोर, जोधपुर में भी यलो अलर्ट है।

**चक्रवात का असर**

एमपी, यूपी, छत्तीसगढ़ से राजस्थान की ओर 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चक्रवात आ रहा है। इस सिस्टम के एक्टिव होते ही प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश हो सकती है। अगले 4 दिन तक इसका असर प्रदेश में रहेगा। राजस्थान में अब तक 426 एमएम बरसात दर्ज हो चुकी है, जो सामान्य से 22 फीसदी ज्यादा है।

एक चक्रवाती सिस्टम, जिसमें हवा की गति 51 किमी से 61 किमी तक होती है, उसे डीप डिप्रेशन कहते हैं।

**झालावाड़ में 2 इंच से ज्यादा बरसात**

शनिवार शाम से ही इस नए चक्रवाती सिस्टम के असर से बारिश की शुरुआत हो गई है। सबसे ज्यादा बारिश झालावाड़ में 2 इंच (66 मिलीमीटर) से अधिक दर्ज हुई है। धौलपुर, कोटा, भरतपुर में 1 इंच से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई। अलवर, बारां, जैसलमेर, अलवर में भी बरसात दर्ज की गई।

# हाई प्रोफाइल पार्टी पर छापा; इंस्पेक्टर तहसीलदार और प्रोफेसर गिरफ्तार

**दिल्ली के बाप-बेटे ने जयपुर में अरेंज कराई थी; लग्जरी गाड़ियां, कैश जब्त**



जयपुर, 21 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच टीम ने एक फार्म हाउस पर रेड डाली। वहां हाई प्रोफाइल डांस पार्टी के साथ 7 कसिनो चल रहे थे। टीम ने 13 युवतियों समेत 84 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में एक कर्नाटक पुलिस का इंस्पेक्टर अन्जैया और तहसीलदार नाथ (बेंगलुरु) और कॉलेज प्रोफेसर के.एल.रमेश भी शामिल है। फार्म हाउस से 14 लग्जरी गाड़ियां और 23 लाख रुपए जब्त किए। जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके के सायपुरा बाग रिसोर्ट में शनिवार देर रात पार्टी अरेंज की गई।

एडीसीपी क्राइम सुलेश चौधरी ने बताया कि सूचना मिली थी कि रिसोर्ट में डांस पार्टी के साथ कसिनो चल रहा है। टीम शनिवार देर रात 2 बजे वहां पहुंची तो लड़के-लड़कियों की भीड़ थी। कोई शराब पी रहा था तो कोई हुक्का। 7 टेबल पर ऑनलाइन कसिनो चल रहा था। टीम को देख सभी इधर-उधर भागने लगे। टीम ने घेराबंदी कर 13 युवतियों समेत 84 लोगों को गिरफ्तार किया।

क्राइम ब्रांच टीम के सीआई खलील अहमद ने बताया कि जयपुर के मोतीडूंगरी निवासी किशन ने खाना-पीना और इवेंट की व्यवस्था करवाई थी। 9 हुक्का, 7 कसिनो टेबल, 44 बोतल अंग्रेजी शराब, 66 बीयर की बोतल, 14 लग्जरी कार और 1 ट्रक और 23 लाख 71 हजार 408 रुपए जब्त किए।

दिल्ली के व्यक्ति ने करवाई पार्टी रिसोर्ट के मैनेजर मनोज सोनी को भी गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया है कि दिल्ली निवासी नरेश मल्होत्रा उर्फ राहुल उर्फ बबलू और उसके बेटे मनवेश ने प्रोग्राम अरेंज किया था।

**7 राज्यों से पार्टी में पहुंचे लोग**

मेरठ निवासी मनीष शर्मा ने नेपाल से इवेंट आयोजित करवाया है। मनीष के देश के अलग-अलग शहरों में जुआरियों से संपर्क है। वह पहले भी देश के अलग-अलग शहरों में इस तरह की पार्टी कर चुका है। पकड़े गए आरोपियों में ज्यादातर तेलंगाना, हरियाणा, पंजाब, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र के है।

# पहले नहीं हैं सचिन पायलट, अशोक गहलोत के जादू से नटवर सिंह भी हो चुके हैं छूमंतर

जयपुर, 21 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीते गुरुवार को कहा कि वह स्थायी जादूगर हैं और प्रदेश में उनका जादू स्थायी है। उन्होंने प्रदेश की जनता से यह अपील भी की कि अगले विधानसभा चुनाव में उनकी सरकार को फिर से मौका दें। सीएम गहलोत के सियासी मंतर से छू मंतर होने वाले सचिन पायलट पहले व्यक्ति नहीं है। पायलट से पहले गहलोत राजस्थान के बड़े-बड़े दिग्गजों को सियासी मात दे चुके हैं। राजस्थान में पार्टी नेताओं की एक लंबी फेहरिस्त है। गांधी परिवार को वफादार रहे के. नटवर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी, दिग्गज जाट नेता परसराम मदेरमा, रामनिवास मिर्धा, नाथूराम मिर्धा, पं. नवलकिशोर शर्मा, सीपी जोशी और स्वर्गीय राजेश पायलट को सियासी शिकस्त देने में सीएम गहलोत सफल रहे हैं। हालांकि, सीएम गहलोत ने यह बयान प्रधानमंत्री की कांग्रेस के संदर्भ में की गई 'काला जादू' वाली टिप्पणी को लेकर यह दिया था। लेकिन सीएम गहलोत का यह बयान राजस्थान में कांग्रेस के भीतर चली रही अंदरुनी खींचतान से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

पूर्व केंद्रीय नटवर सिंह और सीएम अशोक गहलोत के बीच राजस्थान की राजनीति में कभी दोस्ती और कभी तकरार जैसे संबंध रहे हैं। नटवर सिंह हमेशा राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय रहे। प्रदेश की राजनीति में कम सक्रिय रहे। लेकिन दोनों नेताओं के संबंधों में उतार-चढ़ाव रहा। 1998 में हुए विधानसभा चुनाव में राजस्थान की कुल 200 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस 153 सीटें जीतने में सफल रही थी। अब बारी थी कांग्रेस विधायक दल नेता चुनाव की थी। पहला दावा था, जाट नेताओं का था। कांग्रेस नेताओं का तो यहां तक कहना है कि नटवर सिंह प्रबल दावेदार थे। दूसरी दावेदारी जाट नेता परसराम मदेरणा की थी। परसराम मदेरणा जाट समुदाय से आते थे और कांग्रेस के दिग्गज नेता माने जाते थे। पुराने कांग्रेसी थे। मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार। ये फैक्टर अब मायने रखता था। कांग्रेस में राव-केसरी दौर बीत चुका था और अब सोनिया कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष थीं।

राजस्थान के तत्कालीन कांग्रेस प्रभारी माधव राव सिंधिया के अलावा गुलाब नबी आजाद, मोहसिना किदवई और बलराम जाखड़ एक होटल में रुके हुए थे। बलराम जाखड़ एक खास मामला सुलझाने के लिए होटल से बाहर गए हुए थे। बाकी के नेता बारी-बारी से नए चुने हुए विधायकों को तलब कर रहे थे। मुख्यमंत्री किसे बनाया जाए, इस सवाल पर राय ली जा रही थी। विधायकों की पसंद जानने के बाद उन्हें एक लाइन में जवाब दिया जाता। ऐसे में गहलोत की बाजी नटवर सिंह और परसराम मदेरणा पर भारी पड़ी। नटवर सिंह और परसराम मदेरणा ने मुख्यमंत्री की कुर्सी पर दावा छोड़ दिया। सबने मैडम सोनिया की इच्छा को मान लिया। अशोक गहलोत की प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के तौर पर ताजपोशी हुई। हालांकि, फैक्ट यह भी है कि जब माधवराव सिंधिया और बलराम जाखड़ विधायकों की राय जान रहे थे, अधिकांश विधायकों का समर्थन सीएम गहलोत के पक्ष में था। लेकिन जातीय समीकरण सीएम गहलोत के पक्ष में नहीं थे।



10 जनपथ के वफादारों में पहले नंबर पर गिने जाने वाले नटवर सिंह को गांधी परिवार में कई विशेषाधिकार प्राप्त थे। नेहरू-गांधी खानदान के साथ दशकों जुड़े रहने के बावजूद कुछ साल पहले तेल घोटाले से जुड़ी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के बाद उन्हें मंत्री पद से हटा दिया गया था। बाद में नटवर सिंह बसपा में शामिल हो गए थे।

# जयपुर में युवती से रात भर किया गैंगरेप

**नशीली सुपारी खिलाकर घर से उठा ले गया परिचित, 3 दोस्तों के साथ मिलकर रातभर किया रेप**



जयपुर, 21 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में घर से किडनैप कर एक युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। परिचित युवक ने नशीली सुपारी खिलाकर उसका किडनैप किया। सुनसान जगह ले जाकर बेहोशी की हालत में तीन दोस्तों के साथ मिलकर दुष्कर्म किया। होश आने पर जान से मारने की धमकी दी। तूंगा थाने में पीड़िता ने शनिवार को मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाकर जांच शुरू कर दी है।

एसएचओ रमेश मीना ने बताया कि तूंगा निवासी 19 साल की लड़की ने गैंगरेप का मामला दर्ज करवाया है। उसके परिजन परिवार में प्रोग्राम होने पर शामिल होने गए थे। 4 अगस्त को परिचित मनीष अपने तीन दोस्त विकास, कमलेश और एक अन्य के साथ घर आया। बात करने के दौरान उसे खाने के लिए सुपारी दी। सुपारी में नशा मिला होने के कारण बेहोशी छाने लगी। चारों आरोपी उसे घर से किडनैप कर सुनसान जगह ले गए।

बेहोशी की हालत में चारों ने उसके साथ गैंगरेप किया। रातभर उसके साथ दरिंदगी करते रहे। अगले दिन सुबह होश आने पर विरोध किया। इस बारे में किसी को बताने पर उसे और परिवार को जान से मारने की धमकी देकर चुप कर दिया। धमकी से डरी-सहमी बेटी को देखकर परिजनों ने दबाव बनाकर पूछा। पीड़िता ने परिजनों की गैरमौजूदगी में हुई आपबीती सुनाई। शनिवार दोपहर थाने जाकर चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

# नर्सिंग कर्मचारी को रेपिस्ट बताकर ब्लैकमेल



अजमेर, 21 अगस्त (एजेंसियां)। अजमेर जिले के मसूदा में नर्सिंग कर्मचारी को लोन देकर ठगी करने व अश्लील फोटोज के जरिए ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि उसने अब तक सवा लाख से ज्यादा रुपए दे दिए, लेकिन जब और पैसे नहीं दिए तो उसे रेपिस्ट बताकर रिश्तेदारों व दोस्तों को फोटो भेजे जा रहे हैं। मसूदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिन्दलो का मौहल्ला, मसूदा निवासी अमित कटारिया पुत्र प्रेमसुख जी कटारिया ( 27) ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसके पास एक मोबाइल नम्बर से फोन आया तथा आधार कार्ड पर मोबाइल के जरिए ही लोन (ऋण) देने की बात कही। इस पर बताए अनुसार आवेदन कर दिया। इसके बाद खाते में दो हजार रुपए की राशि आ गई। फिर ऐसी कम्पनियों की तरफ से और फोन आने लगे और मोबाइल में ही औपचारिकताएं पूर्ण करने पर लोन स्वीकृत कर खाते में राशि आती रही। इसके बाद उनके बताए अकाउंट में राशि जमा कराता रहा। राशि जमा कराते ही वे लोन स्वीकृत करते रहे। लेकिन पिछले बीस दिनों से अलग अलग नम्बर से फोन आने लगे एवं मुझे बदनाम करने की बदनियती से अश्लील फोटो डालने की धमकिया देने लगे। नाजायज राशि की मांग करने लग गए। राशि जमा कराने में जैसे ही देरी होती, मोबाइल सम्पर्क लिस्ट में जिन जिन के नम्बर है, उनको अश्लील फोटो बनाकर डालने लग गए।

इन लोगो ने अब तक करीब 20 फोटो अश्लील रूप से डाल दी। अब भविष्य में और राशि नहीं देने पर लगातार फोटो डाल रहे है। इन लोगों के ब्लैकमेल से घबरा कर पिछले 20 दिनो में अलग अलग खातो में करीब 1 लाख 30 हजार रूपये डाल चुका हूं। फिर भी ये लोग मुझे बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ये लोग मुझे बदनाम कर नाजायज राशि वसूल करने के साथ लगातार धमकियां दे रहे हैं।

# जयपुर में परिचित ने किया महिला से रेप

**अश्लील वीडियो बना किया ब्लैकमेल, बात नहीं मानने पर किया वायरल**

जयपुर, 21 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में परिचित युवक के घर में घुसकर महिला से रेप का मामला सामने आया है। डरा-धमकाकर दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो बनाया लिया। ब्लैकमेल कर दरिंदगी करता रहा और अश्लील वीडियो को वायरल कर दिया। कानोता थाने में पीड़िता ने शनिवार रात मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच एसएचओ अरुण पूनियां कर रहे है।

पुलिस ने बताया कि कानोता निवासी 40 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोपी मनीष उनका परिचित है, जिसका घर पर आना-जाना है। नवम्बर 2021 में उसने जबरन उसके मोबाइल से रिंग कर नंबर ले लिए। जिसके बाद उसको कॉल कर धमकाने लगा। एक दिन घर पर अकेला पाकर आरोपी मनीष जबरन अंदर घुस आया। डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिया। अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर रेप करने लगा। परेशान होकर उसकी बात नहीं मानने पर आरोपी ने अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। पीड़िता के वीडियो वायरल करने का पता चलाने पर शनिवार रात थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

# टीएसआरटीसी द्वारा चलाई गई 7.5 किमी दौड़ को अच्छी प्रतिक्रिया मिली



आदिलाबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) द्वारा आयोजित 7.5 किलोमीटर लंबे दौड़ कार्यक्रम को रविवार को यहां करीब 400 लोगों ने हिस्सा लिया और इसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

यह आयोजन भारतीय स्वतंत्रता के चल रहे पखवाड़े लंबे हीरक जयंती समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। कलेक्टर सिक्ता पटनायक ने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बोलते हुए, सिक्ता ने सभी से स्वतंत्रता सेनानी और उन नेताओं से प्रेरणा लेकर देश के विकास में अपना सहयोग देने का अनुरोध किया, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता के लिए संघर्ष और बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि अधिकारियों, छात्रों, युवाओं, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों को शामिल करके इस अवसर को चिह्नित करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बाद में कलेक्टर ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार, भागीदारी प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए। जहां प्रथम पुरस्कार थारुन ने हासिल किया, वहीं नागेश ने बालक वर्ग में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। आत्माराम ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। बालिका वर्ग में एम मनीषा, एम काव्या, कमला ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। टीएसआरटीसी-आदिलाबाद की क्षेत्रीय प्रबंधक सुधा परिमाला ने कहा कि निगम की इकाई ने अनोखे आयोजन की मेजबानी की और विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन प्रणाली यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचने में मदद करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। अपर कलेक्टर रिजवान शेख बाशा, आदिलाबाद आरडीओ राठौड़ रमेश, डीएसपी उमेंदर, जिला युवा एवं खेल अधिकारी वेंकटेश्वरलू, नगर आयुक्त शैलजा उपस्थित थे।

# अग्रसेन बायोडाटा कमेटी की बैठक आयोजित



हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रसेन बायोडाटा कमेटी की साप्ताहिक बैठक दुर्गा प्रसाद बंसल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पंकज संघी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस रविवार लगभग 40 लोगों ने अपनी अभिभावकों का बायोडाटा आदान प्रदान किया। उन्होंने आगे बताया कि कमेटी द्वारा अग्र बंधुओं की सुविधा हेतु हफ्ते में 2 दिन व्हाट्सएप ग्रुप को खोला जा रहा है, जिसमें अभिभावक अपने अपने लड़के और लड़कियों का बायोडाटा ग्रुप में भिजवा सकते हैं। सभी से आग्रह है कि इस निशुल्क सेवा का भरपूर लाभ ले। विवाह योग्य बालक और बालिकाओं के माता-पिताओं से आग्रह है कि बेझिझक इस कमेटी में आए और अपने योग्य संबंध को यहां पर ढूंढने का सुनहरा अवसर प्राप्त करें।

अवसर पर दुर्गा प्रसाद बंसल, सुनील अग्रवाल, पंकज संघी, सतनारायण मोदी,नरेश अग्रवाल, गोपी किशन,श्रीमती संतोष देवी बंसल, संगीता अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# श्रील प्रभुपाद का जन्मदिन व जन्माष्टमी मनायी गयी



हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भवन अमृत संघ के संस्थापक आचार्य कृष्ण कृपा मूर्ति श्रील एसी भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद जी के जन्मदिन को अत्यंत उल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही मंदिर के प्रांगण में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें हजारों भक्तों ने भाग लिया तथा अत्यंत उत्साह के साथ कीर्तन एवं नृत्य किया। सारे दिन भगवान के अर्चना एवं पूजा की गई। इस अवसर पर श्रील प्रभुपाद के नए विग्रह की स्थापना की गई। 20 अगस्त को संध्या 5 बजे से श्रील प्रभुपाद जी का अभिषेक संपन्न किया गया इसके पश्चात भक्तों ने श्रील प्रभुपाद जी के दिव्य गुणों का गुणगान किया। मंदिर के अध्यक्ष महाश्रृंग दास ने कहा श्रील प्रभुपाद जी ने बड़े से बड़े पापी को भी पुण्यात्मा बना दिया। यहां तक कि चीन में कच्चा मांस खाने वाले लोगों को भी भक्ति मार्ग में स्थापित कर दिया। श्रील प्रभुपाद जी की पुस्तकों को पढ़कर सारे विश्व में अभूतपूर्व आध्यात्मिक क्रांति आई है। भक्तों ने पुष्पांजलि समर्पित की तत्पश्चात आरती एवं महाप्रसाद का कार्यक्रम हुआ इस उपलक्ष में अनेक कॉलेजों से आए हुए सैकड़ों युवा भक्तगण भी शामिल हुए।









धम्माईगुडा स्थित श्री वैष्णव धाम राम मंदिर में जन्माष्टमी पर पूजा-अर्चना, कृष्णा की झांकियां, दही हांडी, झुला-झुलाना, आरती व किशन गोपाल एंड पार्टी द्वारा ठाकुरजी के चरणों में भजनों व प्रसाद का लाभ लेते हुए अध्यक्ष विष्णु रामावत, बाबुलाल, संतोष टीलावत, पदाधिकारी व समाज बन्धु।

## अकुनूर टैंक में मृत पाया गया व्यक्ति

सिद्दीपेट, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। चेरियाल मंडल के अकुनूर गांव में रविवार को एक छोटे से सिंचाई टैंक में एक व्यक्ति मृत पाया गया। मृतक अकुनूर गांव निवासी शनिग्राम सुरेश (35) था। सुरेश कथित तौर पर शनिवार को अपने घर से लापता हो गया था। रविवार सुबह उसका शव जलाशय में तैरता मिला। चेरियाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच जारी है।

## रंगारेड्डी जिले में स्वतंत्र भारत व्रजोत्सव संपन्न : जिला कलेक्टर



हैदराबाद, 21 अगस्त(स्वतंत्र वार्ता। रंगारेड्डी जिला कलेक्टर अमोय कुमार ने कहा कि, रंगारेड्डी जिलें में स्वतंत्र भारत व्रजोत्सव संपन्न हुआ है। इस संदर्भ में, जिलाधीश अमोय कुमार ने विस्तार से बताया कि, राज्य सरकार के आदेश से इस माह की 8 से 21 अगस्त तक स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। सीएम केसीआर द्वारा इस वज्रोत्सव का प्रारंभ 8 अगस्त को एचआयसीसी में किया गया। इसके तहत हर दिन सभी लोक प्रतिनिधियों, आम जनता, कर्मचारियों सहित युवाओं ने भारी पैमाने में भाग लेकर वज्रोत्सव को विजयी बनाया है। साथ ही उन्होंने बताया कि, इस वज्रोत्सव में रंगारेड्डी जिले से जेडपीटीसीयों, एमपीपीयों, मुनिसिपल चेयरमैनों, रैतु बंधु जिला समन्वयकों को खास वाहनों द्वारा हैदराबाद पहुंचाया गया। यही नही इस माह के 21 अगस्त को हरितहारम कार्यक्रम के तहत समस्त जिले में बडे पैमाने पर पौधारोपण किया गया। इसके चलते कलेक्टर अमोय कुमार ने रंगारेड्डी जिले में स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव को भारी रूप से विजयी बनाने पर, इस समारोह में भाग लेनेवाले समस्त जनता, लोक प्रतिनिधियों, कर्मचारियों एवं युवाओं का आभार व्यक्त किया।



श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर श्री जगन्नाथ मठ माधवदास जीरा में आयोजित उत्सव में उपस्थित त्रिदंडी व्रतधर श्रीनिवास जियर स्वामी, अखिल भारत हिन्दू महासभा प्रदेश अध्यक्ष आरके जैन, रिद्धिश जागीरदार, मुकेश जैन चौहान व अन्य।




कुंभ मेला अग्रवाल बंधु व अशोक फाउंडेशन द्वारा श्री श्याम दिवाने मलकपेट द्वारा श्री श्याम अरजी यात्रा का स्वागत किया गया। इसमें भाग लेते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल व

# वृद्धाश्रम में विभिन्न वस्तुओं का वितरण किया गया



हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा द्वारा नागौल स्थित बालिका अनाथ आश्रम तथा वृद्धाश्रम में विभिन्न वस्तुओं का वितरण किया गया।

शाखा के मानद मंत्री पंकज संघी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बड़लागुड़ा नागौल स्थित लालअन्ना वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित अनाथ बालिका गृह मैं शाखा के सदस्यों द्वारा कपड़े,स्टेशनरी आइटम्स, चॉकलेट, बिस्किट व फल वितरित किए तत्पश्चात विद्याश्रम मैं फल और बिस्किट वितरित किए गए। विगत कई वर्षों से शाखा द्वारा मानव सेवा माधव सेवा के अंतर्गत इस प्रकार की सेवा भावी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। अवसर पर बालिकाओं के लिए कई प्रकार के खेल आयोजित किए गए तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अवसर पर शाखा अध्यक्ष लाजपत राय गुप्ता, केंद्रीय समिति सदस्य महावीर प्रसाद अग्रवाल,राजकुमार गुप्ता,उपाध्यक्ष सतनारायण मोदी, प्रदीप बंसल, शैलेश अग्रवाल,महिला समिति की रेखा अग्रवाल, उषा मोदी, तथा युवा मोर्चा की निश्चिंत अग्रवाल तथा विजय मोदी ने कार्यक्रम के आयोजन में अपना सहयोग दिया.

# तेलंगाना फिस्टबॉल एसोसिएशन की आमसभा आयोजित



हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना फिस्टबॉल एसोसिएशन की आम सभा की बैठक आज बोइनपल्ली के छावनी मैदान में एसोसिएशन के अध्यक्ष जम्पाना प्रताप की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में तेलंगाना के सभी जिलों के फिस्टबॉल एसोसिएशन के सचिवों ने भाग लिया। तेलंगाना फिस्टबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष जम्पन्ना प्रताप ने घोषणा की कि सिद्दीपेट में जल्द ही फिस्टबॉल सब-जूनियर इंटर-डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। मुट्ठी गेंदों के मामले में कुछ जिला प्रतिनिधियों से अनुरोध प्राप्त करने के बाद, प्रताप ने घोषणा की कि वह फिस्टबॉल एसोसिएशन को 1 लाख रुपये प्रायोजित करेंगे ताकि तेलंगाना में मुट्ठी गेंदों की कमी न हो। कार्यक्रम के संस्थापक सचिव जगन मोहन गौड़, संघ के महासचिव वेंकट कोमू, सलाहकार विक्रम सिन्हा, एसोसिएशन के आधिकारिक व प्रतिनिधि ने भाग लिया।

## कुलदेवी के मेले का आयोजन 4 से, दिया आमंत्रण



हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आगामी 4 सितंबर एवं 5 सितंबर को कुलदेवी के मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में, दुधेश्वरी धाम कुरणा राजस्थान में आगामी दो दिवसीय 4 सितंबर एवं 5 सितंबर को कुलदेवी के मेले पर पधारने हेतु मंदिर सेवा समिति के सदस्यगण भोजन प्रसादी (भण्डारा) के लाभार्थी ओंकारमल रूपचंद दिनेश व्यास से उनके निवास स्थान पर मुलाकात कर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर मंदिर सेवा समिति के सदस्यगण रामदेव नागला, नरेश पाण्डीया तथा लाभार्थी परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे।



गोशामहल के पार्षद लालसिंह द्वारा तुलजापुर के जमनाबाई भवन में मता का जागरण आयोजित किया गया। इसमें भाग लेते हुए श्रद्धालु।



एके चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा खेलकूद को बढावा देने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी के तहत ओल्ड फिलखाला के खिलाड़ियों को प्रोत्साहर राशि सौंपते हुए ट्रस्ट के चेयरमैन नंदकिशोर व्यास बिलाल, पूजा व्यास बिलाल। साथ में हैं धनराज, पी. अनिता, योगेश, शंकर सिंह जामेदार, टिंकु व अन्य।



नागपुर स्थित आर्मी हेडक्काटर पर प्रवास के दौरान मरुधरा के छोटे से गाँव सांडिया किसान परिवार के होनहार धर्मेन्द्र सीरवी के आर्मी कैप्टेन से मेजर पद पर मनोनित होने पर मंगलमय शुभकामनाएँ एवं बधाई देते हुए कोरेमुला सीरवी समाज संरक्षक प्रभुराम परिहारियां, पूर्व सचिव भंवरलाल आगलेचा, तेजाराम परिहारियां, लाबुराम राठौड़, राजुराम सीरवी व अन्य।

# रामदेवरा दरबार शिवरामपल्ली में आरो जलशाला का शुभारंभ



हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट, रामदेवरा दरबार शिवरामपल्ली में आरो जलशाला एवं ठडा पानी की मशीन का शुभारंभ किया गया, जिसके मुख्य यजमान मिठालाल उतम जैन कमलेश जैन बाफना परिवार रहा। इसका शुभारंभ राजेंद्रनगर विधायक टी. प्रकाश गौड ने किया। इस अवसर पर मंदिर के चेयरमैन श्याम सुन्दर गिलडा, कमल जाजु, धर्मचंद भंसाली, एस. वेंकटेश, जगदीश अग्रवाल, धर्माराम ढाका, श्याम सुंदर परतानी, दिनेश सिंगनोदिया, सुरेश महाराज, बनवारी महाराज, राकेश महाराज, पंकज शर्मा आदि उपस्थित रहे।



पब्लिक गार्डन, नामपल्ली में आयोजित भगवान शिव, अभिषेकम व महाआरती में भाग लेते हुए तेलंगाना बजरंग सेना टीम के अध्यक्ष शिवप्रसाद, एन.आर.लक्ष्मण राव, महिला मोर्चा की प्रदेश महासचिव रजनी श्रीरामोजु, नगर सचिव सूर्य शुक्ल कृष्ण, भास्कर, विनोद व अन्य।

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

## तेलंगाना में केवल सीएम...

### केसीआर के अंत की शुरूआत मुनुगोडु से होगी : राजगोपाल रेड्डी

पूर्व विधायक कोमटीरेड्डी राजगोपाल रेड्डी आज मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हो गए। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीएम केसीआर के अंत की शुरुआत निर्वाचन क्षेत्र से होगी और कहा कि आगामी उपचुनाव में बस की जीत होगी। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर भारी पड़ते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य एक विश्वासघाती और धोखेबाज सीएम केसीआर और उनके परिवार के शासन में पीड़ित है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में लोकतंत्र की रक्षा करने की जरूरत है। यह कहते हुए कि उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों में विश्वास दिखाते हुए अपने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कहा कि उन्होंने मुनुगोडु के लोगों के साथ न्याय करने के लिए यह चरम कदम उठाया है।

सीएम केसीआर के पारिवारिक शासन के खिलाफ निर्वाचन क्षेत्र में ऐतिहासिक लड़ाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सीएम के पारिवारिक शासन को खत्म करने के लिए निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को ऐतिहासिक फैसला देना चाहिए।

उन्होंने दावा किया कि सीएम केसीआर ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के बारे में चर्चा करने के लिए अपनी नियुक्ति नहीं दी और कहा कि मुनुगोडु उपचुनाव व्यक्तियों के बीच का चुनाव नहीं है, बल्कि सीएम केसीआर और राज्य के लोगों के अहंकार के बीच का चुनाव है। उन्होंने दावा किया कि सीएम केसीआर उनके इस्तीफे के बाद रातों की नींद हराम कर रहे थे और कहा कि सीएम यह दावा करके राज्य के लोगों को डरा रहे हैं कि अगर वे उपचुनाव में भाजपा को वोट देते हैं तो उन्हें उनके कृषि मीटर पर बिजली के मीटर मिल जाएंगे। उन्होंने सीएम को चेतावनी दी कि वे सत्ता में आने के बाद सीएम केसीआर से अवैध रूप से अर्जित सारा पैसा वसूल करेंगे।

# एशिया कप के लिए भारतीय प्लेइंग इलेवन की तस्वीर साफ

## 10 खिलाड़ी तय, ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक में किसी एक को ही मौका




नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे मुकाबले में भारतीय टीम ने एक बड़ा बदलाव किया। पहले मैच में 192 रनों की साझेदारी कर टीम इंडिया को जीत दिलाने वाले शिखर धवन और शुभमन गिल की जोड़ी तोड़ दी गई और शुभमन की जगह कप्तान केएल राहुल धवन के जोड़ीदार बनकर आए। इसी के साथ एशिया कप में भारत की प्लेइंग इलेवन की तस्वीर साफ हो गई।

राहुल 27 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में टीम इंडिया का हिस्सा हैं और अब ये तय हो गया है कि वही, रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग भी करेंगे। राहुल के सलामी बल्लेबाजी करने से टीम इंडिया के 24 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और 37 साल के अनुभवी दिनेश कार्तिक में से कोई एक ही प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होगा।

**टॉप-4 पहले से पक्के**

भारत एशिया कप में पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 28 अगस्त को खेलेगा। टीम इंडिया के टॉप-4 पहले से ही तय माने जा रहे हैं। अगर किसी खिलाड़ी को चोट लगती है, तभी इसमें कोई बदलाव होगा। सलामी बल्लेबाज के रूप में केएल राहुल और रोहित शर्मा होंगे। वहीं, नंबर-3 पर विराट कोहली और नंबर- 4 पर सूर्यकुमार यादव का खेलना तय है।

हार्दिक पंड्या की धमाकेदार फॉर्म को देखते हुए उनको प्लेइंग इलेवन से बाहर करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। ऐसे में असली जंग पंत और दिनेश कार्तिक के बीच में है।

**टीम मैनेजमेंट का बढ़ने वाला है सिरदर्द**

दिनेश कार्तिक आईपीएल 2022 से ही कमाल की बल्लेबाजी कर रहे हैं। आखिरी ओवर में तेजी से रन बनाने में ये खिलाड़ी माहिर हो गया है। वहीं, अगर पंत की बात करें तो उनके अंदर ये माद्दा है कि वो अकेले अपने दम पर किसी भी मैच




का पासा पलट सकते हैं। ऐसे में कोच द्रविड़ और कप्तान रोहित की चिंता बढ़ने वाली है कि वो प्लेइंग इलेवन में किसे मौका देंगे।

**दोनों के रिकॉर्ड क्या कहते हैं?**

ऋषभ पंत ने अब तक 54 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं और उनके बल्ले से 883 रन निकले हैं। उनका औसत 23.86 का है। इस साल पंत ने 13 मैच खेले हैं और 260 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 135.41 का रहा है।

वहीं, दिनेश कार्तिक की बात करें तो उन्होंने 47 टी-20 इंटरनेशनल मैच में 28.14 की औसत से 591 रन बनाए हैं। वहीं, इस साल कार्तिक को 15 टी-20 मुकाबलों में भारत के लिए खेलने का मौका मिला है और उन्होंने 21.33 के औसत से 192 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 133.33 का रहा है।

**क्या हो सकती है पॉसिबिलिटी**

दोनों खिलाड़ियों को साथ में तभी टीम में मौका मिल सकता है जब भारतीय टीम में 4 स्पेशलिस्ट गेंदबाज और हार्दिक पंड्या के साथ मैच में उतरे, लेकिन ऐसा होने से टीम की गेंदबाजी कमजोर हो जाएगी। एशिया कप की प्लेइंग इलेवन में 5 स्पेशलिस्ट गेंदबाज और हार्दिक नजर आएंगे ये तय माना जा रहा है।

दोनों में पलड़ा किसका भारी है?

दिनेश कार्तिक और ऋषभ पंत में




तुलना की जाए तो पंत का पलड़ा भारी है। वो भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में खेलते हैं और शानदार फॉर्म में भी हैं। इसके साथ ही टॉप-5 में वो एकमात्र बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। अगर नंबर- 5 पर पंत बल्लेबाजी करते हैं तो हार्दिक नंबर 6 और जडेजा नंबर 7 पर खेलते नजर आएंगे। वहीं, अश्विवन के रूप में नंबर आठ पर भी भारत को एक बल्लेबाजी विकल्प मिल जाएगा। ऐसे में पंत ही टीम का हिस्सा हो सकते हैं।

**पाकिस्तान के खिलाफ भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन**

केएल राहुल, रोहित शर्मा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, भुवनेश्वर कुमार, आर. अश्विन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह।

## बेटियों के कहने पर घरेलू लीग खेलेंगे वॉर्नर

### 9 साल बाद बिग बैश में वापसी की सिडनी थंडर्स के साथ 2 साल का करार

सिडनी, 21 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर डेविड वार्नर 9 साल बाद बिग बैश लीग खेलते नजर आएंगे। 35 साल के इस खिलाड़ी ने अपनी बेटियों के कहने घरेलू लीग में खेलने का फैसला लिया है। उन्होंने सिडनी थंडर्स के साथ 2 साल का करार किया। इससे पहले वे साल 2013 में इस लीग में खेल चुके हैं।

घरेलू लीग में वापसी पर वार्नर ने कहा कि मेरी बेटियां चाहती थीं कि वे मुझे घर पर और बीबीएल में खेलते देखना पसंद करेंगी। एक परिवार के रूप में बीबीएल का हिस्सा बनना हमारे लिए अच्छा होगा। यह कुछ ऐसा है जिसे मैं उनके साथ शेयर करने के लिए उत्सुक हूं।

**यूएसई लीग में खेलना मुश्किल**

वार्नर को बिग बैश खेलने के लिए यूएई लीग आईएलटी-20




छोड़ना पड़ेगा। क्योंकि, दोनों के मुकाबले एक ही समय पर होंगे। आईएलटी-20 में कई टीमों का मालिकाना हक आईपीएल फ्रेंचाइजी के पास है। यहां खिलाड़ियों को अच्छी सैलरी भी मिलेगी। रिपोर्ट्स की माने तो टॉप खिलाड़ियों को लीग में 4 करोड़ तक रुपए तक मिलेंगे।

**13 दिसंबर से होगी शुरुआत**

बिग बैश लीग का 12वां सीजन 13 दिसंबर से खेला जाएगा। इसका फाइनल मुकाबला 4 फरवरी को होगा। वॉर्नर के अलावा ट्रेविस हेड एडिलेड स्ट्राइकर्स और मार्नस लाबुशेन ब्रिस्बेन हीट के लिए खेलते नजर आएंगे। ऑस्ट्रेलिया के दो प्रमुख तेज गेंदबाज कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क ने वर्कलोड और फिटनेस की वजह से लीग में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है।

**थंडर्स के लिए सैकड़ा जमा चुके हैं**

वार्नर लीग में सिडनी थंडर्स के लिए सैकड़ा जमा चुके हैं। उन्होंने फ्रेंचाइजी की ओर से तीन मैच खेलते हुए 180.95 के स्ट्राइक रेट से 152 रन बनाए हैं। इनमें एक सैकड़ा (102*) भी शामिल हैं। उन्होंने 7 छक्के उड़ाए थे।

**आईपीएल में बना चुके हैं 5 हजार से ज्यादा रन**

डेविड वार्नर आईपीएल के 162 मैचों में 5881 रन बना चुके हैं। उनके नाम 4 शतक और 55 अर्धशतक हैं। उन्होंने 5 सौ से ज्यादा चौके और 2 सौ से ज्यादा छक्के जमाए हैं।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप

### एक दशक में पहली बार सिंधु टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी, लक्ष्य और साइना से उम्मीदें

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। बैडमिंटन का बड़ा टूर्नामेंट विश्व चैंपियनशिप सोमवार (22 अगस्त) से जापान की राजधानी टोक्यो में शुरू हो रहा है। इस टूर्नामेंट में भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू नहीं खेलेंगे। चोट के कारण उन्होंने टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा है। वह पिछले एक दशक में पहली बार विश्व चैंपियनशिप में नहीं खेलेंगी। उनकी अनुपस्थिति में अनुभवी साइना नेहवाल, युवा स्टार लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय से भारत को उम्मीदें हैं।

सिंधू का विश्व चैंपियनशिप में शानदार रिकॉर्ड है। उन्होंने कुल पांच पदक अब तक जीते हैं। उनकी लिस्ट में 2019 में जीता गया स्वर्ण पदक भी शामिल है। सिंधू राष्ट्रमंडल खेलों में चोटिल हो गई थीं। फाइनल में उन्होंने टखना चोटिल होने के बावजूद स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। भारत को 2011 के बाद से विश्व चैंपियनशिप में हमेशा पदक मिला है। सिंधू की अनुपस्थिति में लक्ष्य और प्रणय के अलावा किदांबी श्रीकांत पर पदक जीतने की जिम्मेदारी आ गई है।

**साइना को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

साइना नेहवाल पर भी सबकी नजरें होंगी। साइना इस टूर्नामेंट में एक रजत और एक कांस्य पदक जीत चुकी हैं। यहां उन्हें पदक जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पहले दौर में उनका मुकाबला हॉन्गकॉन्ग की चेउंग नगन यी से होगा।

**श्रीकांत और लक्ष्य जीत चुके हैं पदक**

श्रीकांत ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में रजत जीता था। वहीं, लक्ष्य कांस्य जीतने में सफल रहे थे। पिछले साल जापान के केंतो मोमोता, इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी गिंटिंग नहीं खेले थे। इस बार तीनों ने अपना नाम



टूर्नामेंट के लिए दिया है। भारत के पुरुष खिलाड़ियों ने पिछले कुछ सालों में शानदार प्रदर्शन किया है।

**लक्ष्य की पहली टक्कर डेनमार्क के खिलाड़ी से**

राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद लक्ष्य का आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ है और वह विश्व चैंपियनशिप में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। 20 वर्षीय इस खिलाड़ी की पहली टक्कर डेनमार्क के दिग्गज हैंस-क्रिस्टियन सोलबर्ग विटिंगस से होगी। भारत के तीनों खिलाड़ी एक ही क्वार्टर में हैं। अगर तीनों टूर्नामेंट में आगे बढ़ें तो उनका आमना-सामना हो सकता है।

## हैरी केन ने रचा इतिहास, सर्जियो अगुएरो का रिकॉर्ड तोड़ा, टॉटनहम ने वूल्व्स को हराया



लंदन, 21 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में इंग्लैंड के स्टार फुटबॉलर हैरी केन ने शनिवार (20 अगस्त) को इतिहास रच दिया। केन प्रीमियर लीग इतिहास में एक क्लब के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने मैनचेस्टर सिटी के सर्जियो अगुएरो के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। हैरी केन के गोल की बदौलत टॉटनहम हॉटस्पर ने वूल्व्स को 1-0 से हरा दिया।

हैरी केन ने टॉटनहम के लिए प्रीमियर लीग में 185वां गोल किया। अगुएरो ने मैनचेस्टर सिटी के लिए 184 गोल दागे थे। केन का यह टॉटनहम के लिए प्रीमियर लीग के साथ-साथ सभी टूर्नामेंट को जोड़ते हुए कुल 250वां गोल था। केन प्रीमियर लीग में सबसे ज्यादा गोल करने के मामले में चौथे स्थान पर हैं। उनसे आगे एलन शिएरर (260 गोल), वेन रूनी (207 गोल) और एंडी कोले (187 गोल) हैं।

मैच के पहले हाफ में दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकीं। दूसरे हाफ में हैरी केन के लिए ऐतिहासिक पल आया। इस 29 वर्षीय फुटबॉलर ने 64वें मिनट में गोल कर टीम को 1-0 की निर्णायक बढ़त दिला दी। इसके बाद मैच में एक भी गोल नहीं हुआ और टॉटनहम ने मुकाबले को अपने नाम कर लिया। केन का यह प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में दूसरा गोल है। उन्होंने पिछले मैच में चेल्सी के खिलाफ एक गोल किया था। हालांकि, वह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। तब उन्होंने अगुएरो के रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

हैरी केन के ऐतिहासिक गोल ने टॉटनहम को अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया है। उसके तीन मैच में सात अंक हो गए हैं। टॉटनहम की टीम दो मैच जीती है और एक मुकाबला ड्रॉ रहा है। उसके बाद दूसरे स्थान पर मैनचेस्टर सिटी की टीम है। उसके दो मैच में दो जीत के साथ छह अंक हैं। आर्सेनल के भी दो मैच में छह अंक हैं और वह तीसरे पायदान पर है। वूल्व्स की बात करें तो उसकी यह तीन मैचों में दूसरी हार है। वह फिलहाल 18वें नंबर पर है।

## पुजारा का 174 रन का वर्ल्ड रिकॉर्ड एक हफ्ते में ध्वस्त



**अली ने दोहरा शतक लगाकर रचा इतिहास**

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का इंग्लैंड में जबरदस्त फॉर्म जारी है। टेस्ट बल्लेबाज के रूप में मशहूर पुजारा अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से अपनी नई छवि बनाने में लगे हुए हैं और इसमें सफल भी हो रहे हैं। रॉयल लंदन वनडे कप में ससेक्स की कप्तानी कर रहे पुजारा ने सीरीज में एक और अर्धशतक लगा दिया है। उन्होंने समरसेट के खिलाफ मैच में 66 गेंदों में 66 रन की पारी खेली। हालांकि, इस बार उनके टीम के सलामी बल्लेबाजी अली ओर्र ने अपने खेल से महफिल लूट लिया और इतिहास रच दिया।

21 साल के बाएं हाथ के बल्लेबाज ने समरसेट के खिलाफ मैच में जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए दोहरा शतक जड़ दिया। अपना 12वां लिस्ट ए मैच खेलने उतरे अली ने 161 गेंदों में 206 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 18 चौके और 11 छक्के लगाए, यानी कि 138 रन उनकी बाउंड्री से आए। अली ने अपनी पारी के दौरान कई बड़े रिकॉर्ड भी ध्वस्त किए। इसमें उन्होंने अपने कप्तान चेतेश्वर पुजारा का पांच दिन पहले बनाया गया रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

पुजारा ने बनाए थे 174 रन

दरअसल पुजारा ने 14 अगस्त को सरे के खिलाफ मैच में 131 गेंदों में 174 रन की पारी खेली थी। उस वक्त पुजारा ससेक्स के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले खिलाड़ी बन गए थे। लेकिन भारतीय बल्लेबाज का वह रिकॉर्ड एक मैच के बाद ही उनके ही साथी खिलाड़ी ने ध्वस्त कर दिया। अली के रिकॉर्ड की बात करें तो वह वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले दुनिया के 35वें क्रिकेटर बन गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह कमाल आठ बार हुआ है लेकिन लिस्ट ए क्रिकेट में 27 बार यह कारनामा हो चुका है।

## कोहली के मुरीद हुए साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ

**विराट के इस काम को बताया 'अमूल्य योगदान'**



नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। मौजूदा वक्त में क्रिकेट जगत के पास बहस करने के लिए दो फेवरेट टॉपिक हैं। पहला, विराट कोहली की खराब फॉर्म और दूसरा, क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट के साथ खिलाड़ियों को होने वाली दिक्कत। इस टॉपिक पर कई दिग्गजों ने अपनी राय रखी। कोहली के संघर्ष पर कपिल देव जैसे महान दिग्गजों ने उनके खिलाफ बोला तो कई अन्य उनके समर्थन में सामने भी आए। वहीं बेन स्टोक्स के अचानक वनडे से संन्यास लेने पर भी तमाम एक्सपर्ट्स ने अपने-अपने विचार दिए। अब इसी कड़ी में एक नया नाम जुड़ गया है साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का।

विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट के विकास में अमूल्य योगदान

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि भारत ने पूर्व कप्तान विराट कोहली की अगुवाई ने टेस्ट क्रिकेट के विकास में अहम भूमिका निभाई है। 41 वर्षीय स्मिथ को लगता है कि कोहली के नेतृत्व भारत ने टेस्ट क्रिकेट को गंभीरता से लिया। कोहली खेल के सबसे लंबे फॉर्मेट के समर्थक रहे हैं। उन्होंने कई यादगार टेस्ट जीत के साथ भारत को पहली वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचाया। स्मिथ ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह शानदार है कि विराट कोहली के नेतृत्व में भारत ने वास्तव में टेस्ट क्रिकेट को गंभीरता से लिया।

स्मिथ ने दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट के तीसरे दिन 'स्काई स्पोर्ट्स' पर कहा, ''सिर्फ बड़े देश या इस समय टेस्ट क्रिकेट में योगदान दे रहे हैं।'' उनका ये भी मानना है कि आने वाले सालों में केवल पांच या छह देश ही टेस्ट क्रिकेट को खेलते नजर आएंगे। स्मिथ का मानना है कि कुछ ही देश इस समय टेस्ट क्रिकेट के विकास में योगदान दे रहे हैं।

क्रिकेट साउथ अफ्रीका की नई टी20 लीग में सभी छह टीम को इंडियन प्रीमियर लीग के मालिकों ने खरीदा है और हाल में लीग के कमिश्नर नियुक्त किए गए स्मिथ ने इसका स्वागत किया। उनका मानना है कि क्रिकेट बोर्ड को इसकी सख्त जरूरत थी।

## तलाक की अफवाहों के बाद धनश्री ने पोस्ट कर कहा- इस चोट से मजबूती मिली; युजवेंद्र चहल ने किया ये कमेंट



नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा के बीच पिछले दिनों कुछ अनबन और तलाक जैसी अफवाहें सामने आई थीं। इसके बाद हालांकि क्रिकेटर और उनकी पत्नी दोनों ने इन अफवाहों को खारिज कर दिया था। अब इसके बाद एक बार फिर से धनश्री वर्मा ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखते हुए अपने पैर की इंजरी की तो जानकारी दी है साथ ही उन्होंने हाल ही में उड़ी अफवाहों पर भी काफी कुछ कहा है। उन्होंने साफतौर पर कहा है कि, पीछे जो कुछ भी हुआ उस चोट से मुझे और मजबूती मिली है।

धनश्री वर्मा ने इंस्टाग्राम पर रविवार को अपनी तीन तस्वीरें शेयर कीं जिसके साथ उन्होंने एक काफी लंबा-चौड़ा पोस्ट भी लिखा। इस पोस्ट में उन्होंने शुरुआत में लिखा कि, 'यहां देखिए हमारी रियल लाइफ से जुड़े अपडेट। दिन की शुरुआत देर से हुई। क्योंकि मैं ज्यादा सोई। सभी का धन्यवाद। मैं ऐसी नींद खुद को रिकवर करने के लिए चाहती थी। वहीं यह काफी फनी (मजाकिया) भी है कि मैं आज और ज्यादा आत्मविश्वास और मजबूती के साथ जगी हूं। पिछले 14 दिनों से मैं काफी जूझ रही थी। घुटने में चोट के कारण जो पिछली डांसिंग रील के दौरान लगी थी मैं काफी परेशान थी। मेरा लिगामेंट टूट गया था।'

उन्होंने यह भी लिखा कि,'मैं अपने घर पर रेस्ट कर रही थी। मेरा सिर्फ मूवमेंट बेड से काउच तक का रहता था। इसके अलावा प्रतिदिन फीजियोथेरेपी और रेहैब जारी है। इस दौरान मुझे मेरे अपनों का खासा सपोर्ट मिला। मेरे पति, मेरी फैमिली और सभी खास दोस्तों ने मेरा साथ दिया। डॉक्टरों के मुताबिक अगर मुझे फिर से डांस करना है तो सरजरी करवाना जरूरी है। यह मेरे लिए शॉकिंग है। इस दौरान मुझे सबके साथ और सपोर्ट की जरूरत थी। लेकिन इसी बीच कुछ ऐसी खबरें हमको (धनश्री और चहल) लेकर सामने आईं जो मेरे लिए सुनने में काफी दर्दनाक थीं।'

## स्कूटी राइड पर निकले विराट-अनुष्का

**विराट ने काले हेलमेट से मुंह छिपाया, अनुष्का छाता लेकर बैठी थीं फिर भी लोग पहचान गए**

मुंबई, 21 अगस्त (एजेंसियां)। विराट और अनुष्का मुंबई की सड़कों पर स्कूटी राइड के लिए निकले। इस राइड का वीडियो अब सामने आया है। विराट और अनुष्का दोनों ने हेलमेट पहना था, अनुष्का हाथ में छतरी लिए हुए थीं। फिर भी लोग दोनों को पहचान गए।

सोशल मीडिया में विराट और अनुष्का का यह वीडियो खूब पसंद किया जा रहा है। जिसमें लग्जरी कारों का शौक रखने वाले विराट कोहली किसी सामान्य व्यक्ति की तरह अपनी पत्नी के साथ स्कूटी पर घूम रहे थे। हालांकि, इस वीडियो में दोनों का चेहरा नहीं दिख रहा है।

**जून में मालदीव में छुट्टियां मना रहे थे विरुष्का**

यह कपल जून महीने में मालदीव में छुट्टियां मनाने गया था। दोनों ने बीच की फोटो शेयर की थी। तब टीम इंडिया साउथ अफ्रीका की मेजबानी कर रही थी।

**एशिया कप से वापसी कर सकते हैं विराट**

कोहली इस समय क्रिकेट से ब्रेक पर हैं। वे वर्तमान में जिम्बाब्वे दौरे पर गई टीम इंडिया का हिस्सा नहीं हैं। वे अब एशिया कप से वापसी कर सकते हैं। उन्हें इस



टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल किया गया है। भारत 28 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत कर सकता है। एशिया कप 27 अगस्त से यूएई में शुरू हो रहा है। कोहली मुंबई में अपनी प्रैक्टिस कर रहे हैं।

लंबे समय से शतक का इंतजार

फैंस को कोहली के शतक का इंतजार है। उन्होंने 2019 में आखिरी शतक जड़ा था।

## एशिया कप ट्रॉफी की पहली झलक आई सामने, भारत ने जीता था पिछला खिताब, जानें टूर्नामेंट से जुड़ी हर जानकारी

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप 2022 के शुरू होने में अब सिर्फ कुछ ही दिन का समय बाकी है। चार साल के लंबे अंतराल के बाद आयोजित होने वाले इस बड़े टूर्नामेंट को आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिहाज से अहम माना जा रहा है। यूएई में लगातार दूसरी बार आयोजित होने जा रहे इस टूर्नामेंट को टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। इसके लिए टूर्नामेंट की पांच प्रमुख टीमों ने अपने-अपने स्क्वॉड का ऐलान भी कर दिया है। इस बीच यूएई क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन शेख नाहयान मुबारक अल नहयान द्वारा शुक्रवार को अबू धाबी में ट्रॉफी का अनावरण कर दिया गया।

श्रीलंका द्वारा देश के आर्थिक और राजनीतिक हालातों का हवाला देकर टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर असमर्थता जाहिर करने के बाद यूएई को इसकी मेजबानी सौंपी गई। ऐसे में दुबई का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम फाइनल समेत कुल नौ मैचों की मेजबानी करेगा। जबकि शारजाह क्रिकेट स्टेडियन चार मैचों को होस्ट करेगा। टूर्नामेंट का आयोजन 27 अगस्त से 11 सितंबर तक होगा।

**भारत-पाकिस्तान एक ग्रुप में**

एशिया कप टूर्नामेंट के इतिहास



की सबसे सफल भारतीय टीम गत विजेता है और वह अपना दबदबा कायम रखने उतरेगी। टूर्नामेंट की बात करें तो इस बार इसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत और पाकिस्तान ग्रुप ए में हैं तो वहीं बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान ग्रुप बी में शामिल हैं।

# केन्द्रीय गृह मंत्री ने उज्जैनी महाकाली मंदिर में की पूजा-अर्चना

## पार्टी के दलित कार्यकर्ता के आवास पर भी गए अमित शाह





हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य के अपने एक दिन के दौरे के लिए आज बेगमपेट हवाई अड्डे पर उतरे। श्री शाह का हवाई अड्डे पर केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी, राज्य भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार तथा राज्य पार्टी प्रभारी तरुण चुघ द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। केन्द्रीय गृह मंत्री सीधे सिकंदराबाद स्थित उज्जैनी महाकाली मंदिर गए और राज्य पार्टी के नेताओं के साथ विशेष पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारियों ने केंद्रीय गृह मंत्री की मंदिर यात्रा के दौरान पूर्णकुंभ का स्वागत किया। बाद में श्री शाह सिकंदराबाद के सांबामूर्ति नगर में एक पार्टी कार्यकर्ता सत्यनारायण के आवास पर गए। पार्टी के स्थानीय पार्षद ने सत्यनारायण के आवास पर शाह का स्वागत किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ता के साथ एक कप कॉफी पी और पार्टी कार्यकर्ता का हालचाल जाना। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी, राज्य भाजपा प्रमुख बंडी संजय कुमार और राज्य पार्टी प्रभारी तरुण चुघ केंद्रीय मंत्री के साथ पार्टी कार्यकर्ता के आवास पर गए। इस अवसर पर बोलते हुए, सत्यनारायण और उनके परिवार के सदस्यों ने कहा कि वे भाग्यशाली हैं कि केंद्रीय गृह मंत्री उनके छोटे से निवास पर गए। उन्होंने कहा कि वे अपने जीवन के यादगार पल को कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अमित शाह के उनके घर आने के फैसले की बदौलत कल से उनकी पूरी कॉलोनी में उत्सव जैसा माहौल था। सत्यनारायण ने कहा कि अमित शाह का उनके आवास पर जाना पार्टी के आम कार्यकर्ताओं को भाजपा द्वारा दिए गए सम्मान को दिखाने के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य के दलितों को भी पर्याप्त सम्मान देगी। सांबामूर्ति कॉलोनी के निवासियों ने भी अमित शाह के अपनी कॉलोनी के दौरे पर खुशी व्यक्त की।

# प्रगतिशील किसानों ने की अमित शाह से मुलाकात

## कहा, तेलंगाना में पीएम फसल बीमा योजना लागू न होने से हमें बहुत नुकसान हुआ



हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के 17 प्रगतिशील किसानों ने आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कहा कि तेलंगाना में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू नहीं होने से उन्हें काफी नुकसान हो रहा है. उन्होंने ये टिप्पणी शहर के बेगमपेट में अमित शाह के साथ बातचीत के दौरान की। शाह ने आगामी उपचुनावों के लिए पार्टी के चुनाव अभियान को शुरू करने के लिए मुनुगोडु में अपनी निर्धारित जनसभा से कुछ घंटे पहले प्रगतिशील किसानों से मुलाकात की। शाह के साथ प्रदेश भाजपा प्रभारी तरुण चुघ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार और केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी तथा पार्टी के कुछ किसान प्रकोष्ठ के नेता भी थे। संवाद बैठक में जैविक खेती से होने वाले लाभ और राज्य में फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बोलते हुए प्रगतिशील किसानों ने शाह को बताया कि फसल बीमा योजना को लागू नहीं करने के कारण उनकी फसलों को हुए नुकसान के बावजूद मुआवजा नहीं मिलने से उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। तेलकापल्ली मंडल की एक प्रगतिशील महिला किसान लावण्या ने कहा कि उनके पास 10 एकड़ जमीन है, जिससे उन्हें खेती में भारी नुकसान हुआ है। उसने कहा कि उसने अपनी जमीन का एक हिस्सा बेच दिया है और जैविक खेती करना शुरू कर दिया है। उसने कहा कि वह अब बहुत मुनाफा कमा रही है और शाह से कहा कि बहुत सारे लोग उसके पास आए और कोरोना महामारी के दौरान उसकी उपज लाए।

इस अवसर पर बोलते हुए, अमित शाह ने कहा कि जैविक खेती से किसानों को बहुत फायदा होगा और उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी भूमि में जैविक खेती भी की है। उन्होंने याद किया कि उन्हें भी अतीत में अपनी भूमि में रसायनों और कीटनाशकों के उपयोग से अकार्बनिक खेती करने के लिए निरंतर नुकसान हुआ था। यह खुलासा करते हुए कि उनके पास 21 अच्छी नस्ल की गायें हैं, उन्होंने कहा कि उन्होंने एक गाय का नाम महालक्ष्मी रखा था और कहा कि उन्होंने अब अपने पोते को महालक्ष्मी भेंट की है। उन्होंने कहा कि गाय के गोबर को जैविक खाद के रूप में प्रयोग करने से खेती में काफी मदद मिलेगी।

कुछ किसानों ने शाह को बताया कि जैविक उत्पादों के विपणन के मामले में राज्य बहुत पिछड़ा हुआ है। इसका जवाब देते हुए शाह ने कहा कि वे अमूल संगठन की मदद से उनके जैविक उत्पादों को खरीदने की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने कहा कि वे किसानों से उत्पादों की खरीद के लिए हैदराबाद में पांच जैविक उत्पाद प्रयोगशालाएं भी स्थापित करेंगे। शाह ने कहा कि वे न केवल अपनी प्रयोगशालाओं में जैविक उत्पादों का परीक्षण करेंगे बल्कि साल में दो बार मिट्टी परीक्षण भी करेंगे।

# स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव के तहत पार्कों में भव्य संगीत कार्यक्रम

## एक ही दिन में 75 स्थानों पर हुआ शुभोदयम मॉर्निंग कॉन्सर्ट





हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद नगर विकास प्राधिकरण (एचएमडीए), ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) और तत्त्व कला, हैदराबाद ने आज नगर में भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष मनाने के लिए आयोजित हो रहे स्वतंत्र भारत वज्रोत्सवलु के हिस्से के रूप में सुबह 7 बजे से सुबह 8 बजे तक "शुभोदयम" संगीत कार्यक्रम आयोजित किए हैं। हैदराबाद के भारी नागरिकों ने इस वर्ष के सबसे महान संगीत समारोहों में से एक को देखा है, जहां हैदराबाद के 150 संगीतकारों ने एक ही दिन और एक ही समय में हैदराबाद के 75 विभिन्न पार्कों में 75 लाइव हिंदुस्तानी और कर्नाटक शास्त्रीय वाद्य संगीत संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए एक साथ आए।

कार्यक्रम को स्वतंत्र भारत वज्रोत्सवालु समिति के मार्गदर्शन और समर्थन और हैदराबाद से बाहर स्थित एक संगठन तत्व आर्ट्स द्वारा अरविंद कुमार, आईएएस, विशेष मुख्य सचिव, एमए और यूडी की देखरेख में आयोजित किया गया है। पार्कों में सुबह के संगीत कार्यक्रम आयोजित करने के पीछे का मकसद पारंपरिक शास्त्रीय संगीत को आम आदमी तक ले जाना और सभी शास्त्रीय संगीतकारों को एक मंच पर लाना है। विभिन्न स्थानों पर वन एवं पर्यावरण तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अल्लोला इन्द्रकरण रेड्डी, जीएचएमसी के क्षेत्रीय आयुक्तों और पार्षदों और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विभिन्न स्थानों पर इस कार्यक्रम में भाग लिया। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने के लिए और अपनी मातृभूमि के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए ऐसे सुखद प्राकृतिक वातावरण में सुबह के रागों का प्रदर्शन करके सभी कलाकार खुश थे। सारंगी, सितार, शहनाई, बांसुरी और वीणा जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ हैदराबाद के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतकारों ने इस उत्सव में अपने सभी आयु वर्ग के छात्रों के साथ प्रस्तुति दी।

# करीमनगर को हरित वनम बनाया जाएगा : गंगुला

## मंत्री ने लोगों से किया व्यापक स्तर पर पौधारोपण करने की अपील



करीमनगर, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीसी कल्याण एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गंगुला कमलाकर ने करीमनगर शहर को हरित वनम बनाने की जानकारी दी और लोगों से शहर को हरित वनम बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने व्यापक रूप से वृक्षारोपण कर लोगों को पारिस्थितिक संतुलन की रक्षा करने की सलाह देते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा करके आने वाली पीढ़ियों को एक दूषित वातावरण प्रदान करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। मंत्री ने करीमनगर के मेयर वाई. सुनील राव के साथ भारत की स्वतंत्रता के हीरक जयंती समारोह के तहत रविवार को करीमनगर शहर के बाहरी इलाके में डबल बेडरूम हाउस साइट, पद्मनगर के पास मियावाकी जंगल में पौधे लगाए। इस अवसर पर बोलते हुए कमलाकर ने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के निर्देशों के आधार पर जनता में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए 15 दिनों तक भव्य पैमाने पर भारत वज्रोत्सवम समारोह आयोजित किए गए। समारोह के एक भाग के रूप में, स्वतंत्रता मेगा वृक्षारोपण रविवार (14वें दिन) को बड़े पैमाने पर पौधे लगाने के लिए किया गया।

# अमित शाह के मुनुगोड़े दौरे से पहले कांग्रेस का महंगाई के खिलाफ अभिनव विरोध कार्यक्रम




हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज मुनुगोडु जंक्शन पर एक विशाल एलपीजी सिलेंडर गुब्बारा लगाया, जो एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भारी वृद्धि की बात करता है। मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र में भाजपा द्वारा आयोजित एक सार्वजनिक बैठक में भाग लेने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की यात्रा से पहले और देश में मूल्य वृद्धि के खिलाफ पार्टी द्वारा आयोजित विरोध कार्यक्रम के हिस्से के रूप में गुब्बारा स्थापित किया गया था। हालांकि, जिस स्थान पर गुब्बारा लगाया गया था, वहां पहुंची पुलिस ने तुरंत सिलेंडर के गुब्बारे को हाट कर दिया था क्योंकि यह गृह मंत्री अमित शाह के काफिले का मार्ग था। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने चंदूर मंडल में एक अभिनव विरोध कार्यक्रम भी आयोजित किया, जहां हाल के दिनों में आवश्यक वस्तुओं की भारी कीमतों में वृद्धि के प्रतीक के रूप में पार्टी के लोगों को एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोल पंप और दूध के पैकेट की तरह तैयार किया गया था। शुभंकर भी तख्तियों के साथ सड़कों पर चले और जनता के साथ बातचीत की, जिसमें बताया गया कि कैसे भाजपा सरकार ने बुनियादी आवश्यक वस्तुओं के लिए भी जीएसटी जोड़ा है, जिससे देश और राज्य के आम लोगों को उनके दैनिक जीवन में बहुत दर्द होता है। कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्र सरकार के नेतृत्व वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दूध और दही जैसी दैनिक आवश्यक वस्तुओं से जीएसटी को वापस लेने के लिए कदम उठाने के अलावा आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार को जनविरोधी सरकार करार दिया और कहा कि केंद्र सरकार को केवल अडानी और अंबानी जैसे देश के अमीर उद्योगपतियों की भलाई की चिंता है और देश और राज्य के गरीब लोगों की भलाई की परवाह नहीं है।

# जुए के अड्डे पर छापा, व्यक्ति से बंदूक जब्त

हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार को काटेदन औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस ने एक रिवॉल्वर को जब्त कर जुआघर में छापेमारी की। काटेदान में एक घर में तीन ताश और जुआ खेलने वाले व्यक्तियों के एक समूह के बारे में सूचना पर कार्रवाई करते हुए, मैलारदेवपल्ली पुलिस टीम ने जगह पर छापा मारा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि परिसर की जांच के बाद पुलिस को कमरे में एक देसी हथियार मिला।

पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान पता चला कि एक व्यक्ति जो महाराष्ट्र का रहने वाला है, उसने हथियार खरीद कर अपने पास रख लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है कि क्या वह इसे किसी को बेचने की योजना बना रहा था और किससे उसने हथियार मंगवाए थे।

# एक ही परिवार के चार लोगों की होटल में लाश मिलने से सनसनी

हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के निजामाबाद शहर के एक होटल में रविवार को एक चौंकाने वाली घटना में एक ही परिवार के चार सदस्य मृत पाए गए। पुलिस के मुताबिक एक होटल के कमरे में एक शख्स, उसकी पत्नी और दो बच्चों की लाशें मिलीं। संदेह है कि 37 वर्षीय सूर्यप्रकाश ने फांसी लगाने से पहले अपनी पत्नी और बच्चों को जहर दिया था। पुलिस ने सूर्यप्रकाश, 36 वर्षीय अक्षया, उनकी 13 वर्षीय बेटी प्रत्यूषा और 10 वर्षीय बेटे अद्यवत के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आदिलाबाद शहर के रहने वाले सूर्यप्रकाश हैदराबाद में रियल एस्टेट का कारोबार करते थे। वह और उसके परिवार के सदस्य 15 दिनों से निजामाबाद के एक होटल में ठहरे हुए थे। रविवार को जब वो कमरे से बाहर नहीं निकले और दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब नहीं दिया तो होटल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो परिवार के चारों सदस्यों को मृत पाया। पुलिस को संदेह है कि, व्यापार में घाटे ने सूर्यप्रकाश को यह कदम उठाने के लिए मजबूर किया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि, उन्होंने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

रामदेव ज्योतिष
मो. 8801305757
जन्म कुंडली, संतान प्राप्ति, विवाह-सगाई में देरी, व्यापार में घाटा, मोहिनी वशीकरण, किया-कराया, सास-बहू में असंतोष, सौतन समस्या, घर में अशांति, शत्रुनाश, प्रेम समस्या, लक्ष्मी बंधन, पति-पत्नी में अनबन, भूमि लाभ आदि सभी समस्याओं का समाधान।
विश्वसनीय राजस्थानी पंडित जी
घर पर आकर सेवाएँ देने और फ़ोन पर भी सुविधा उपलब्ध।
माँ-बहनें नि:संकोच अपना घर-मंदिर समझ कर पधार सकती हैं।
बात गुप्त रहेगी, फ़ीस केवल : 200/-
काचीगड़ा, हैदराबाद. समय : 10.00 से 6.00 बजे तक

# तेदेपा अध्यक्ष के बेटे नारा लोकेश के श्रीकाकुलम दौरे पर लगायी रोक



विशाखापट्टणम, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने तेदेपा अध्यक्ष चंद्रबाबू के बेटे नारा लोकेश के श्रीकाकुलम दौरे पर रोक लगायी। इस संदर्भ में, एपी सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस बात से सभी अवगत हैं कि, तेदेपा प्रमुख नेता नारा लोकेश उत्तर आंध्र के दौरे पर हैं। इसके तहत जब नारा लोकेश उत्तर आंध्र के श्रीकाकुलम जिले के पलास में जाने के पहले पुलिस ने रोक लगायी है। इसके बाद पुलिस ने लोकेश सहित कुछ अन्य को वाहन में बैठाकर विशाखापट्टणम को स्थानांतरित किया। साथ ही पुलिस ने नारा लोकेश द्वारा विशाखापट्टणम में मीडिया बैठक के आयोजन पर भी रोक लगायी है तथा पुलिस के कडे बंदोबस्त के साथ तेदेपा मुख्य नेता नारा लोकेश को विमान द्वारा विशाखापट्टणम से हैदराबाद को स्थानांतरित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके चलते नारा लोकेश अपनी पार्टी के नेताओं के साथ विशाखापटट्णम हवाई अड्डे के बाहरी प्रांगण पर धरना दे रहे है तथा वाईएसआरसीपी पार्टी के निरंकुश शासन के विरोध में नारे लगा रहे हैं। इसके चलते इस वेरसी एयरपोर्ट पर तनाव का वातावरण छाया है। इसके चलते पुलिस जल्द ही तेदेपा नेता नारा लोकेश को हैदराबाद स्थानांतरित करने की फिराक में है।

# सीजेआई ने केंद्र से की अपील, एपी को वित्तीय मदद दें



विजयवाड़ा, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमणा ने कहा कि आंध्र प्रदेश के लोगों को राज्य विभाजन के कारण आर्थिक मुद्दों का सामना करना पवड़ रहा है। इस कारण यहां के लोगों की प्रगति रुक सी गई है। उन्होंने यहां के सभी वर्गों के एकजुट होकर राज्य की प्रगति के लिए प्रयास करने का आह्वान किया।

शनिवार को यहां करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से बने आठ मंजिला अदालत परिसर का उद्घाटन करने के बाद एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह खुश हैं कि वह उस ढांचे का उद्घाटन कर सके जिसके लिए उन्होंने 2013 में बहुत पहले आधारशिला रखी थी। इस परिसर में 31 अदालतें हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी, एपी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा, एपी मंत्री, एपी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और बेजवाड़ा बार एसोसिएशन के सदस्य शामिल हुए।

# मोइनाबाद में सड़क हादसे में दो छात्रों की मौत

हैदराबाद, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मोइनाबाद में शनिवार रात हुए सड़क हादसे में दो छात्रों की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब मध्यरात्रि के करीब मोइनाबाद रोड पर एपीपीए जंक्शन से थोड़ा आगे एक आरटीसी बस स्विफ्ट डिजायर कार से जा टकराई। कार सवार दोनों लोगों को चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मोइनाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को उस्मानिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मामला दर्ज है। हादसे के बाद जगह-जगह हल्का तनाव व्याप्त हो गया और भारी भीड़ जमा हो गई और बस को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया। पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया।

# ठेकेदार की लापरवाही से जनता परेशान

## जल्द से सड़क निर्माण कार्य पूरा करने की मांग



मदनूर, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मदनूर मंडल तड्गुर गांव से लेकर मदनूर मंडल केंद्र तक सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरते जाने से बरसात के दिनों में रहागीरों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व उप सरपंच तथा भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला कोषाधिकारी कचीनवार यादवराव ने पत्रकारों को बताया कि स्थानिक सरकारी नेता व सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार की मिलीभगत व लापरवाही के कारण ही रहागीरो को कई समस्या का सामना करना पड़ रहा है। तडगूर से लेकर मदनूर मंडल केंद्र तक एक वर्ष पहले ही सड़क निर्माण कार्य का प्रारंभ किया गया था, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं करने से जनता के साथ-साथ पाठशाला को जाने वाले छात्र को कई मुशिबतों का सामना करना पड़ रहा है। इस के साथ-साथ पाठशाला को जााने वाले छात्र बता रहे हैं कि इस वर्ष अधिक बारिश होने से कच्चे सड़क के बीचों बीच बड़े बड़े खड्डे बन जाने से रात में तो क्या दिन में आना-जाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने तेलंगाना सरकार के जल्दी से जल्द सड़क निर्माण करने की मांग की है।

# विकास का प्रतीक है हरियाली : जिला परिषद अध्यक्ष



करीमनगर, 21 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जिला परिषद की अध्यक्ष कनुमल्ला विजया ने कहा कि हरियाली विकास का प्रतीक है और उन्होंने लोगों से बड़े पैमाने पर पेड़ों की योजना बनाकर आने वाली पीढ़ियों को एक अच्छा वातावरण प्रदान करने के लिए कहा।

भारत की स्वतंत्रता के हीरक जयंती समारोह के एक हिस्से के रूप में, जिला परिषद अध्यक्ष ने कलेक्टर आरवी कर्णन और मनाकोंदुर विधायक रसमाई बालकिशन के साथ रविवार को थिम्मापुर मंडल के महात्मानगर के एलएमडी कॉलोनी स्वतंत्रता पार्क में पौधे लगाए। इस अवसर पर बोलते हुए कलेक्टर ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ लगाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

यह बताते हुए कि वन मनुष्य के अस्तित्व के लिए अधिक महत्वपूर्ण हैं, उन्होंने लोगों से जिले में वनों को बढ़ाने के लिए कदम उठाने की अपील की।

जिला प्रशासन ने इस वर्ष जिले में 40 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। अब तक 35 लाख पौधे रोपे जा चुके हैं। उन्होंने हीरक जयंती समारोह में पांच लाख पौधे लगाने की जानकारी देते हुए इस माह के अंत तक शेष सात लाख पौधे लगाने का कार्य पूरा करने का भरोसा जताया। रसमाई बालकिशन ने लोगों से पेड़ लगाकर पर्यावरण की रक्षा करने की अपील की। बड़े पैमाने पर पेड़ लगाकर पर्यावरण की रक्षा के लिए राज्य सरकार ने तेलंगाना कू हरिथा हराम कार्यक्रम शुरू किया है। पेड़ों को विकास का प्रतीक बताते हुए उन्होंने बड़े पैमाने पर पेड़ लगाने और उनकी रक्षा के लिए कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर गरिमा अग्रवाल, डीआरडीओ श्रीलता, डीएफओ बी वेंकटेश्वर राव, सिंचाई एसई शिव प्रसाद, जिला सिंचाई अधिकारी असमथ अली, ईई नागभूषणम राव और अन्य ने भाग लिया।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.